● सीधी, रीवा एवं भोपाल से एक साथ प्रकाशित ● website-https://vindhyatiger.in ● epaper-https://epaper.vindhyatiger.in ● वर्ष : 36, अंक 85, पृष्ठ : 08, सीधी, मंगलवार, 30 अप्रैल 2024 - मूल्य : 2.00 रुपया मात्र

दैनिक समाचार पत्र

# विन्ध्य टाइगर

हक की बात, बुलंदी के साथ



बंठिडा से निर्दलीय चुनाव लड़ेंगे मूसेवाला के पिता? 5



विराट कोहली ने दिया मुंह तोड़ जवाब 6

## वोट बैंक के लिए धर्म आधारित आरक्षण की योजना बना रही कांग्रेस : पीएम

**बंगलूरू**

तीसरे चरण के मतदान से पहले नरेंद्र मोदी कर्नाटक के बागलकोट में चुनाव प्रचार किया। इस दौरान उन्होंने एक रैली को संबोधित भी किया। रैली में पीएम मोदी ने राज्य की सत्तारूढ़ पार्टी कांग्रेस को कई मुद्दों पर घेरा। उन्होंने विपक्षी पार्टी पर वोट बैंक की राजनीति के लिए देश में धर्म आधारित आरक्षण की योजना बनाने का आरोप लगाया है। पीएम मोदी ने बताया कि वह देश में कभी भी ऐसा होने नहीं देंगे। राज्य की सत्तारूढ़ पार्टी पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस अल्पसंख्यकों को खुश करने के लिए प्रस्ताव लेकर आई है, क्योंकि उन्हें मालूम है कि अल्पसंख्यकों का समर्थन भाजपा के साथ है। रैली को संबोधित



करते हुए पीएम मोदी ने कहा, कर्नाटक में कांग्रेस ने संविधान बदलने और एससी/एसटी और ओबीसी के अधिकार छीनने का अभियान शुरू किया है। हमारा संविधान धर्म आधारित आरक्षण को स्वीकार नहीं करता है। लेकिन कर्नाटक सरकार ने ओबीसी आरक्षण का एक हिस्सा मुसलमानों को दिया है।

कांग्रेस पर निशाना साधते हुए उन्होंने आगे कहा, वे (कांग्रेस) इससे संतुष्ट नहीं होंगे। उन्होंने पहले भी अपने घोषणापत्र में धर्म आधारित आरक्षण प्रदान करने के लिए एक कानून लाने की बात कही थी। इस बार भी उनके घोषणापत्र में ऐसा ही संकेत है।

वहां मौजूद लोगों से भाजपा को वोट देने की अपील करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि जनता का वोट उन्हें मजबूत बनाएगा। इसके बाद भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाला देश बन जाएगा। पीएम मोदी ने कहा, भारत को विनिर्माण केंद्र बनाना हमारा संकल्प है। यह संकल्प वे कभी पूरा नहीं कर पाते जो छुट्टियों का आनंद लेते हैं।

उन्होंने आगे कहा, मैं सोशल मीडिया पर काम कर रहा हूं। इस दुनिया में जिनके पास सबसे अधिक फॉलोअर्स हैं, उनमें से मोदी एक है। मैंने समाज के लोगों से जुड़ने के लिए इसका सकारात्मकता से उपयोग किया। लेकिन जो चुनाव हार चुके हैं, वे मेरा फर्जी वीडियो बनाते हैं। एआई के जरिए मेरी आवाज के साथ वे वीडियो बना रहे हैं। मैं आपसे अपील करता हूं कि जब भी आप ऐसा कुछ देखें तो इसपर शिकायत जरूर करें। मध्य प्रदेश चुनाव के दौरान अमित बच्चन की आवाज के साथ ऐसा किया गया था।

### हुबली हत्याकांड पर पीएम मोदी का कांग्रेस पर हमला

पीएम मोदी ने हुबली में कांग्रेस पार्षद की बेटी की हत्या मामले में भी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने इस मामले में राज्य की सत्तारूढ़ पार्टी कांग्रेस को घेरा है। पीएम मोदी ने कहा, हुबली में जब हमारी बेटी की हत्या कर दी गई, तब यहां की सरकार अपना वोट बैंक बचाने के लिए उस बेटी की इज्जत पर हमला करना शुरू कर दिया। कर्नाटक में कट्टरपंथी बेकाबू हो गए हैं। यहां हनुमान चालीसा सुनने वाले दुकानदार पर हमला किया गया।

## कांग्रेस और सपा ने घुटने टेके, प्रदेश अध्यक्ष को इस्तीफा देना चाहिए : डॉ. यादव

**भोपाल।** मध्य प्रदेश लोकसभा चुनाव की इंदौर सीट पर कांग्रेस को बड़ा झटका लगा है। यहां से कांग्रेस के प्रत्याशी अक्षय कांति बम ने नामांकन के अंतिम दिन अपना फॉर्म वापस ले लिया। इस पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कांग्रेस और सपा पर बड़ा हमला बोला है। मुख्यमंत्री ने एक बयान जारी कर कहा कि मैंने पहले ही कहा था, मध्य प्रदेश पूरा मोदी मय हुआ है। वर्तमान में पूरे देश में प्रचंड आंधी चल रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि खासकर मध्य प्रदेश में प्रचंड आंधी चल रही है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमको मालूम है कि कांग्रेस और समाजवादी पार्टी ने 29 सीटों पर समझौता किया है। 28 सीटें कांग्रेस को दी और एक सीट समाजवादी पार्टी ने ली है। खजुराहो सीट से पहले समाजवादी पार्टी के सदस्य



ने अपना नॉमिनेशन फॉर्म वापस लिया या एक तरह से जानबूझकर कर उन्होंने फॉर्म में त्रुटि की है। ताकि कलेक्टर के ऊपर आरोप लगाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि सपा प्रत्याशी ने एक तरह से विड्रॉ किया। घोषित तरीके से उन्होंने कहा कि प्रशासन ने गलती कर दी, जबकि उसी समय स्पष्ट किया गया था कि जब कोई उम्मीदवार फॉर्म भर के दो-दो जगह हस्ताक्षर नहीं करता तो इसका मतलब यह है कि वो चुनाव नहीं लड़ना चाहता। मुख्यमंत्री ने कहा कि तब भी कांग्रेस और अन्य लोगों ने कहा कि इन्होंने गलत किया है। जब आज कांग्रेस के घोषित प्रत्याशी ने प्रदेश अध्यक्ष की नगरी में फार्म जमा किया और आज विड्राल के दिन वापस ले लेता है तो उसमें हम क्या कर सकते हैं..? वह लड़ना ही नहीं चाहते, उनमें दम नहीं बचा। ये लोकतंत्र की ताकत और मोदी जी की लोकप्रियता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनको जानकारी मिली है कि कांग्रेस प्रत्याशी ने भाजपा की सदस्यता के लिए आवेदन भी कर दिया है। हम उसके आवेदन पर विचार कर रहे हैं अगर उसे भाजपा ज्वाइन करना है, तो उसे कराएंगे भी। खास बात यह है कि कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जिस नगर में रहता हो, उस जिले का प्रत्याशी यदि अपनी लोकसभा की टिकट लौटा रहा है, तो इसका मतलब है कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष और राष्ट्रीय अध्यक्ष को इस्तीफा देना चाहिए।

## बंगाल शिक्षक भर्ती घोटाला, सीबीआई जांच पर सुको की रोक



**कोलकाता।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को बंगाल शिक्षक भर्ती घोटाले में सरकारी अधिकारियों के खिलाफ सीबीआई जांच पर रोक लगा दी। कोर्ट ने पूछा है कि क्या 25 हजार नियुक्तियों में से सही तरीके से किए गए टीचर्स के अपॉइंटमेंट को अलग किया जा सकता है? सुप्रीम कोर्ट इस मामले की सुनवाई 6 मई को करेगा। याचिका में कहा गया था कि हाईकोर्ट के उस आदेश पर रोक लगा दी जाए, जिसमें सभी नियुक्तियों को रद्द कर दिया गया है। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा कि देखिए इसे किस तरह से किया गया है। ओएमआर शीट को पूरी तरह से नष्ट कर दिया गया। जो लोग पैनल में नहीं थे, उन्हें रिक्रूट किया गया। यह फ्रॉड है। वरिष्ठ वकील राकेश द्विवेदी ने हाईकोर्ट के फैसले पर सवाल उठाया। उन्होंने कहा कि सभी नियुक्तियों को खारिज कर दिया गया है, जबकि सीबीआई को अब तक जांच में सिर्फ 8000 नियुक्तियों में खामियां मिली हैं। स्कूल सर्विस कमीशन ने भी कहा कि जो नियुक्तियां सही तरह से हो सकती थीं, उन्हें अलग किया जा सकता था।

## दुबई में बन रहा दुनिया का सबसे बड़ा एयरपोर्ट

**दुबई।** यूएई के दुबई में दुनिया का सबसे बड़ा एयरपोर्ट बनने जा रहा है। इसका नाम अल मखतूम इंटरनेशनल एयरपोर्ट होगा। अल जजीरा के मुताबिक इसे बनाने में 35 अरब डॉलर, यानी करीब 2.92 लाख करोड़ रुपए का खर्च आएगा।ृश्च के प्रधानमंत्री शेख मोहम्मद बिन राशिद अल मखतूम ने रविवार को सोशल मीडिया पर खुद इसकी जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि नया एयरपोर्ट दुबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट से 5 गुना बड़ा होगा।

## कनाडाई पीएम के सामने खालिस्तान जिंदाबाद के नारे लगे

**भारत ने कनाडाई राजदूत को तलब किया, कहा- आप हिंसा-उग्रवाद को बढ़ावा दे रहे**

**टोरंटो।** कनाडा के टोरंटो में रविवार (28 अप्रैल) को खालसा दिवस और सिखों का नव वर्ष कार्यक्रम में प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो के संबोधन के दौरान खालिस्तान जिंदाबाद के नारे लगाए गए। भारत सरकार ने इस पर नाराजगी जताते हुए कनाडा के डिप्टी हाई कमिश्नर को विदेश मंत्रालय में तलब करके नाराजगी जाहिर की। विदेश मंत्रालय ने कहा- कनाडा के प्रधानमंत्री की मौजूदगी में खालिस्तान समर्थक नारे लगाए गए। इस तरह के कार्यक्रम को



बेरोक-टोक करने की अनुमति दिया जाना चिंताजनक है। कनाडा में एक बार फिर अलगाववाद, उग्रवाद और हिंसा को राजनीतिक जगह दी गई है। यह गतिविधियां भारत-कनाडा संबंधों को प्रभावित करती हैं। साथ ही कनाडा में भारतीयों के साथ हिंसा के माहौल को बढ़ावा देती हैं। ट्रूडो ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि वे कनाडा में रह रहे 8 लाख सिखों के अधिकारों और स्वतंत्रता की हमेशा रक्षा करेंगे। सिख कनाडा की सबसे बड़ी ताकतों में से एक हैं। हम अपने मतभेदों के बावजूद एकजुट हैं। जब हम इस विविधता को देखते हैं, तो हमें याद रखना चाहिए कि सिख समुदाय के मूल्य ही कनाडा के मूल्य हैं। कनाडाई पीएम ने कहा कि वे देश का सुरक्षा ढांचा और मजबूत कर रहे हैं।

## इजराइल-हमास में जल्द हो सकता है सीजफायर

**नई दिल्ली।** जंग के 6 महीने बाद इजराइल और हमास के बीच जल्द ही दूसरा सीजफायर हो सकता है। न्यूज एजेंसी एएफपी के मुताबिक हमास ने इजराइली बंधकों को छोड़ने के समझौते पर अपनी सहमति जताई है। हमास ने कहा है कि उन्हें मिस्र और इजराइल के प्रपोजल से किसी भी तरह की परेशानी नहीं है। वहीं, दूसरी तरफ अमेरिकी विदेश मंत्री ने भी कहा है कि हमास को जल्द ही ऑफर स्वीकार कर लेना चाहिए। ब्लिंकन वर्ल्ड इकॉनोमिक फोरम में हिस्सा लेने के लिए सऊदी अरब पहुंचे थे।

## सुप्रीम कोर्ट ने केजरीवाल से पूछा-समन नजरअंदाज क्यों किए

**नई दिल्ली।** दिल्ली शराब नीति केस में अरविंद केजरीवाल ने अपनी गिरफ्तारी के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका लगाई है। जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस दीपांकर दत्ता की बेंच में मामले की सुनवाई हुई। केजरीवाल की ओर से अभिषेक मनु सिंघवी और श्च्ठ की तरफ से एएसजी एसवी राजम ने दलीलें रखीं।

बेंच ने केजरीवाल के वकील अभिषेक मनु सिंघवी से पूछा- दरअसल आप गिरफ्तारी और रिमांड के खिलाफ हैं। आपने जमानत के लिए आवेदन क्यों नहीं किया? इस पर सिंघवी ने कहा कि गिरफ्तारी अवैध है इसलिए। इस पर ईडी के वकील एसवी राजू ने कहा कि इन्होंने पिछली कस्टडी का भी विरोध नहीं किया। आपको नोटिस भेजे गए थे। आपने नजरअंदाज कर दिए।

कोर्ट में सुनवाई 2 बजकर 55 मिनट पर शुरू हुई। इसके बाद सिंघवी ने करीब 1 घंटे तक लगातार अपनी बातें रखीं। कोर्ट ने इस पर पूछा कि आपको अपनी बात पूरी करने के लिए और कितना समय चाहिए। हम इस पर 30 अप्रैल को सुनवाई करेंगे।

## क्या इस्लाम न मानने वालों पर शरिया कानून लागू होगा?

**मुस्लिम महिला बोली- धर्मनिरपेक्ष कानून मानना चाहती हूं, सुप्रीम कोर्ट में जुलाई में सुनवाई**

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को इस याचिका पर सुनवाई के लिए सहमति जताई है, जिसमें कहा गया था कि अगर कोई व्यक्ति मुस्लिम पर्सनल लॉ के तहत नहीं आना चाहता, तो क्या उसे देश के धर्मनिरपेक्ष कानून के तहत रखा जा सकता है।

चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस जेबी पारदीवाला और मनोज मिश्रा की बेंच ने इस याचिका पर चर्चा करने के बाद केंद्र और केरल सरकार को नोटिस जारी किया है। बेंच ने अटॉर्नी जनरल ऑफ इंडिया आर वेंकटरमणी से



कहा है कि एक लॉ ऑफिसर को अपॉइंट करें। बेंच इस मामले की सुनवाई जुलाई के दूसरे हफ्ते में करेगी।

ये याचिका केरल की रहने वाली सफिया पीएम ने दाखिल की है। उसका कहना है कि वह अपने धर्म में यकीन नहीं करती है और इसलिए वह उत्तराधिकार के मामले में मुस्लिम पर्सनल लॉ (शरिया लॉ) की बजाय भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम, 1925 को मानना चाहती है। महिला ने कहा कि उसके पिता भी मुस्लिम धर्म को नहीं मानते हैं, लेकिन आधिकारिक तौर पर मुस्लिम धर्म से अलग नहीं हुए हैं।

महिला ने कहा कि शरिया कानून के तहत अगर कोई शख्स मुस्लिम धर्म पर यकीन करना छोड़ देता है, तो उसे समाज से बाहर कर दिया जाता है। ऐसे में अगर उसने ऐसा किया तो उसका अपने पिता की संपत्ति पर कोई अधिकार नहीं रह जाएगा। याचिका में कहा गया है कि शरिया के मुताबिक, कोई मुस्लिम व्यक्ति अपनी संपत्ति में से एक-तिहाई से ज्यादा हिस्सा वसीयत में नहीं दे सकता है। याचिकाकर्ता ने कहा कि उसके पिता उसे ज्यादा संपत्ति नहीं दे सकते हैं। बाकी संपत्ति उसके भाई को मिलेगी, जिसे डाउन सिंड्रोम नाम की बीमारी है। महिला ने ये भी कहा कि उसकी एक बेटी है और महिला की मौत के केस में सारी संपत्ति उसकी बेटी को नहीं मिलेगी क्योंकि उसके पिता के भाई यानी महिला के चाचा भी इस संपत्ति में अपना हक मांगेंगे।

## तीसरे फेज के 244 कैंडिडेट्स पर आपराधिक मामले

**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव में तीसरे चरण में 7 मई को वोटिंग है। एसोसिएशन ऑफ डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स की रिपोर्ट के मुताबिक, इस फेज के 244 उम्मीदवारों पर आपराधिक मामले दर्ज हैं। इनमें से 5 पर मर्डर तो 24 पर हत्या की कोशिश का केस दर्ज है। 7 उम्मीदवार तो पहले किन्हीं मामलों में दोषी करार दिए जा चुके हैं।

रिपोर्ट के मुताबिक, तीसरे फेज में कुल 1352 कैंडिडेट मैदान में हैं, जिनमें 123 (9%) ही महिला कैंडिडेट्स हैं। वहीं, 38 उम्मीदवारों के केस महिलाओं के खिलाफ अपराधों से जुड़े हैं। 17 उम्मीदवारों पर हेट स्पीच (नफरती भाषण) के मामले हैं। ये सारी जानकारी तीसरे फेज में उतरने जा रहे सभी कैंडिडेट्स के हलफनामे में सामने आई है। इन हलफनामों का एनालिसिस,ष्ठक्रऔर द नेशनल इलेक्शन वॉच ने किया है।

रिपोर्ट में ये भी कहा गया है कि प्रमुख राजनीतिक दलों में आपराधिक मामलों वाले लोगों में भिन्नता है। अभी जो आंकड़े आए हैं, वे भाजपा, कांग्रेस और समाजवादी पार्टी जैसे प्रमुख दलों के उम्मीदवार हैं।

## झरोखा




## जम्मू कश्मीर में शहीद हुए गार्ड का अंतिम संस्कार

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के उधमपुर जिले के बसंतगढ़ में सोमवार को विलेज डिफेंस गार्ड के जवान मोहम्मद शरीफ का शव सोमवार को भारी बारिश के बीच दफनाया गया। शरीफ रविवार (28 अप्रैल) आतंकवादियों के साथ हुई मुठभेड़ में शहीद हुए थे।

उनके परिवार में मां और पत्नी के साथ पांच बेटियां हैं। परिवार ने सरकार से मासिक भत्ते की मांग की है। उनका परिवार बसंतगढ़ के पनारा गांव के एक मकान के कमरे में रहता है। शरीफ की पत्नी फातिमा बेगम ने कहा कि उन्हें देश अपने पति के बलिदान पर गर्व है, लेकिन उनके जाने का दुख भी है। अब मेरी पांच नाबालिग बेटियों की देखभाल कौन करेगा। शरीफ की भाभी नसीमा बानो ने कहा कि सरकार की जिम्मेदारी है कि वह गरीब परिवार की देखभाल करे।

शहीद शरीफ के भाई और वीडीजी के सदस्य मोहम्मद अबाज ने बताया घटना के वक्त वे और शरीफ साथ में गश्त कर रहे थे। जम्मू-कश्मीर के उधमपुर जिले के बसंतगढ़ में पनारा गांव में रविवार सुबह करीब 7ः45 बजे गोलीबारी हुई थी। इसमें ग्राम रक्षा गार्ड के सदस्य मोहम्मद शरीफ की मौत हो गई थी। वीडीजी के सदस्य जंगल में गश्त कर रहे थे। तभी कुछ संदिग्ध लोगों से मुठभेड़ हो गई थी। आधे घंटे तक चली गोलीबारी के बाद आतंकवादी जंगल में भाग गए। सुरक्षा बलों ने उनका पीछा किया था।

## कांग्रेस सत्ता में आई तो लगा देगी विरासत टैक्सः शिवराज

**शिवपुरी।** ग्वालियर संसदीय क्षेत्र में आने वाले पोहरी विधानसभा क्षेत्र में किरार जाति के वोटरों को साधने के लिए बीजेपी ने प्रचार करने के लिए रविवार को पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को मैदान में उतार दिया। पोहरी विधानसभा क्षेत्र के बैराड़ में बीजेपी प्रत्याशी भारत सिंह कुशवाहा के पक्ष में शिवराज सिंह चौहान ने यहां पर चुनावी सभा की। इस दौरान इस चुनावी सभा में पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कांग्रेस पर निशाना साधा।

इस मौके पर पूर्व सीएम शिवराज ने कहा कि कांग्रेस अगर सत्ता में आई तो विरासत टैक्स लगा देगी। आपके निधन के बाद 55 प्रतिशत संपत्ति सरकार के खाते में चली जाएगी। अब आप बताओ ऐसी कांग्रेस को जिताने से कोई फायदा है क्या? इस चुनावी सभा के दौरान शिवराज सिंह चौहान ने अपनी किरार जाति के वोटरों के अलावा आम जनता से बीजेपी को वोट देने की अपील की। इस मौके पर पूर्व सीएम चौहान ने लाड़ली योजना का भी जिक्र



किया। उन्होंने कहा कि हर महीने बहनों के खाते में पैसा आ रहा है और भविष्य में भी आएगा।

ग्वालियर संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली पोहरी विधानसभा क्षेत्र में करीब 50 हजार किरार वोटर हैं। इस विधानसभा क्षेत्र से इतने अधिक वोटों के कारण किरार जाति के वोटर होने के कारण पूर्व सीएम शिवराज सिंह को यहां पर बीजेपी रणनीतिकारों ने भेजा। सूत्र बताते हैं कि मुख्यमंत्री पद से शिवराज सिंह चौहान को हटाए जाने से अंदरूनी तौर किरार वोटर नाराज हैं और लोकसभा में इनकी नाराजगी बीजेपी को यहां पर भारी पड़ सकती है। इस डैमेज कंट्रोल को रोकने के लिए बीजेपी ने शिवराज सिंह चौहान को चुनाव प्रचार के लिए भेजा, जिससे इन वोटों को कटने से बचाया जा सके।

पोहरी विधानसभा क्षेत्र में 2023 में हुए विधानसभा चुनाव के दौरान भी बीजेपी ने यहां पर सिंधिया समर्थक किरार जाति के मंत्री सुरेश राठखेड़ा को मैदान में उतारा था। लेकिन इन मंत्री को लगभग 49 हजार मतों से हार का सामना करना पड़ा। जबकि कांग्रेस ने कुशवाह जाति के प्रत्याशी को मैदान में उतारा था। कुशवाहा जाति से कैलाश कुशवाहा कांग्रेस के टिकट पर मैदान में थे। त्रिकोणीय मुकाबले के दौरान सिंधिया समर्थक मंत्री को यहां पर बुरी हार का सामना करना पड़ा था।

बैराड़ में सभा के दौरान पूर्व सीएम शिवराज ने कहा कि अयोध्या में राम मंदिर बना सबको खुशी हुई, पूरा देश आनंदित था, सब प्रसन्न थे। लेकिन कांग्रेस प्रसन्न नहीं थी, वह सोच रही थी कि कैसे राम मंदिर बन गया। राम मंदिर बना और उसकी प्राण प्रतिष्ठा हो रही थी, जिसका निमंत्रण उनको दिया गया। लेकिन उन्होंने उसे निमंत्रण को भी ठुकरा दिया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के इरादे बहुत खतरनाक हैं।

# निर्माणाधीन चल रहे विकास कार्यो को समय सीमा में पूर्ण करें : कलेक्टर

## सीएम हेल्प लाईन में दर्ज शिकायतो का करे निराकरण : शुक्ला

**सिंगरौली।** निर्माणाधीन चल रहे विकास कार्यो को संबंधित विभाग के प्रमुख समय सीमा एवं गुणवत्ता के साथ पूर्ण किया जाना सुनिश्चित करे। तथा सीएम हेल्प लाईन में दर्ज शिकायतो का निराकरण संतुष्टि पूर्वक समय सीमा के अंदर किया जाना सुनिश्चित किया जाये। उक्त आशय का निर्देश कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित समय सीमा बैठक के दौरान कलेक्टर चन्द्रशेखर शुक्ला के द्वारा संबंधित अधिकारियो को दिया गया।



विदित हो कि कलेक्टर श्री शुक्ला के द्वारा समय सीमा बैठक के दौरान जिले में चल रहे विभिन्न विकास कार्यो के प्रगति की समीक्षा विंदुवार की गई। जिसके तहत इंजिनियरिंग कालेज निर्माण कार्य की समीक्षा करते हुये संबंधित विभाग के अधिकारी को निर्देश दिये कि निर्माण कार्य में जो भी कठिनाई आ रही है उसके संबंध में अगली बैठक के दौरान विंदुवार जानकारी प्रस्तुत करे ताकि समस्याओं को निराकृत कर निर्माण कार्य में प्रगति लाई जा सके। उन्होंने सीधी सिंगरौली सड़क मार्ग के साथ साथ सिंगरौली से प्रयागराज वाया चितरंगी फोरलेन सड़क निर्माण, परसौना से माड़ा तथा परसौना से बरगवा फोरलेन सड़क निर्माण कार्य के साथ ही बैढ़न में प्रस्तावित बाईपास मार्ग, देवरी परसौना से तेलगवा बार्डर तक सड़क, ओखरावल से बहेरी मार्ग पर लगभग 3 सौ मीटर पुल निर्माण, चाचर से जरहा मयार नदी पर लगभग 5 सौ मीटर पुल निर्माण कार्यो के प्रगति की समीक्षा करते हुये संबंधित विभागो के अधिकारियो को निर्देश दिये कि उक्त कार्यो को समय सीमा के अंदर पूर्ण किया जाना सुनिश्चित किया जाये। एवं कार्य के प्रगति के संबंध में जानकारी दिया जाना सुनिश्चित करे। कलेक्टर ने बैठक के दौरान कलेक्टर ने सिहावल गुलाब नहर सिचाई परियोजना के प्रगति की जानकारी कार्यपालन यंत्री जल संसाधन विभाग से लेने के पश्चात निर्देश दिये कि कार्य मे र्प्रगति लाए। उन्होंने जालपानी गौड़ परियोजना के साथ साथ सिगरौलिया हवाई पट्टी को अपग्रेड करते हुये हवाई अड्डा बनाये जाने का प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिये। साथ ही सरई बाई पास मार्ग निर्माण हेतु पुनरीक्षित प्रक्कलन के संबंध में जानकारी ली। इसके साथ ही निवास में महाविद्यालय खोलने एवं चितरंगी महाविद्यालय में पीजी कोर्स प्रारंभ करने तथा महाविद्यालय कैम्पस में एस.टी.एससी के छात्रो के लिए नवीन हास्टल का निर्माण कार्य की जानकारी लेने के पश्चात निर्देश दिये कि संबंधित विभागो के अधिकारी पूर्व में स्वीकृत या चल रहे निर्माण कार्यो में प्रगति लाए। कलेक्टर ने विद्युत विभाग की समीक्षा करते हुये अधीक्षण यंत्री को निर्देश दिये कि शहर के साथ साथ ग्रामीण क्षेत्रो में विद्युत व्यवस्था को चुस्त दुरूस्त बनाये रखे। उन्होंने निर्देश दिये कि संबंधित क्षेत्रो में जो क्षतिग्रस्त ट्रन्सफार्मर है उनको बदल कर नवीन ट्रन्सफार्मर लगाये। साथ ही चितरंगी ब्लाक बगदरा रेही में प्रस्तावित 33/11 के.व्ही उप केन्द्र के संबंध में जानकारी ली गई। जिसके संबंध में संबंधित विभाग के अधीक्षण यंत्री द्वारा अवगत कराया गया कि परियोजना बगदरा अभ्यारण में होने के कारण निर्माण कार्य अभी लंबित है कार्य को प्रारंभ करने हेतु उच्च स्तर पर कार्यवाही की जा रही है। बैठक के अंत में कलेक्टर द्वारा उपस्थित सभी विभागीय अधिकारियो को निर्देश दिया गया कि अपने अपने विभागो से संबंधित कार्यो को लक्ष्य के अनुसार किया जाना सुनिश्चित करे। बैठक के दौरान जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी गजेन्द्र सिंह नागेश, अपर कलेक्टर अरविंद झा, पी.के सेन गुप्ता, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिवकुमार बर्मा, संयुक्त कलेक्टर राजेश शुक्ला, नगर निगम आयुक्त डी.के शर्मा, डिप्टी कलेक्टर माइकेल तिर्की, नंदन तिवारी, सौरभ मिश्रा, जिला पंचायत के अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी अनुराग मोदी, खनिज अधिकारी ए.के राय, जिला परिवहन अधिकारी बिक्रम सिंह राठौर, अधीक्षण यंत्री विद्युत आर.पी मिश्रा, महिला बाल विकास अधिकारी राजेश गुप्ता, एलडीएम नितिन पटेल सहित जिलाधिकारी उपस्थित रहे।

# हाइवे को छोड़िए संपर्क मार्गों का भी है बुरा हाल

## कहीं सडक़ तो कहीं जर्जर पुलिया दे रहा हादसे को निमंत्रण

### शहर सहित गांव के कई क्षेत्रों में लोग परेशान, कर रहे शिकायत

**सिंगरौली**



जिम्मेदार भले ही सडक़ों को लेकर ऑल इज वेल की रट लगाते हो, लेकिन यहां जिले में हाइवे की बात तो दूर संपर्क मार्ग भी दुरुस्त नहीं हैं। वाहन बड़े हा या छोटे सभी जान दांव पर रखकर यात्रा कर रहे हैं। सडक़ ही नहीं पुलिया भी हादसे को न्यौता देने की स्थिति में पहुंच गए हैं। कहने को जनप्रतिनिधि सडक़ व पुलिया के कार्य के नाम पर कई क्षेत्रों के कार्य गिना जाते हैं, लेकिन हकीकत यही है कि जनता अभी भी सडक़ के गड्ढ़ों में वाहन चलाने को मजबूर हैं। इतना ही नहीं खस्ता हाल सडक़े दुर्घटनाओं का कारण बन रही हैं, लेकिन जिम्मेदार हैं कि गौरफरमाने की जरूरत नहीं समझ रहे हैं। ग्रामीणों की ओर से जिला प्रशासन से लेकर स्थानीय प्रशासन तक कई बार शिकायत की गई है, लेकिन किसी ने गौर फरमाने की जरूरत नहीं समझी है। परसौना-माड़ा मुख्य मार्ग व रजमिलान-गजराबहरा मार्ग पर गड्ढों वाली सडक़ और रास्ते में पडऩे वाली खस्ता हाल पुलिया इसका जीता जागता उदाहरण हैं।

**यह है उदाहरण**

शहरी क्षेत्र के तेलगवां से शक्तिनगर को जोडऩे वाली सडक़ गड्ढ़ों में तब्दील हो चुकी है। तेलगवां पुलिया की हालत और खस्ताहाल हो गई है। सडक़ पर 24 घंटे में आधा सैकड़ा से अधिक छोटे-बड़े वाहन गुजरते हैं, लेकिन कई बार की शिकायत के बावजूद किसी ने गौरफरमाने की जरूरत नहीं समझी है। परसौना-माड़ा मुख्य मार्ग पर तीन से चार पुलिया जर्जर हालत में हैं। इस मार्ग पर हर रोज सैकड़ों वाहन गुजरते हैं। वहां से गुजरने वाला हर वाहन चालक इस डर से भयाक्रांत रहता है कि पुलिया ढह न जाए, लेकिन कोई उस पर गौर फरमाने को तैयार नहीं है।

# कुल्हाड़ी से प्रहार कर रिश्तेदार को उतारा मौत के घाट, आरोपी गिरफ्तार

**सिंगरौली।** घर से पत्नी के चले जाने से नाराज होकर युवक ने कुल्हाड़ी से अपने रिश्तेदार के सिर पर हमला कर दिया। जिससे वह बेहोशी हालत में हो गया। परिजन उसे आनन-फानन में सरई स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे। जहां उसकी गंभीर हालत को देख चिकित्सकों ने जिला अस्पताल ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया। उपचार के दौरान जिला अस्पताल में युवक की मौत हो गई। यह घटना तिनगुड़ी चौकी क्षेत्र के कुकरांव गांव की है। पुलिस के मुताबिक आरोपी मनोज लोनिया पिता जयलाल लोनिया निवासी कुकरांव ने पत्नी की दूसरी शादी से खफा होकर अपने साले विनय लोनिया पिता रामचन्द्र लोनिया से विवाद शुरू किया। बात इतनी बढ़ गई कि मनोज ने कुल्हाड़ी उठाया और विनय के सिर पर प्रहार कर दिया। जिससे वह बेहोशी हालत में होकर गिर गया। परिजनों ने उसे सरई स्वास्थ्य ले गए। जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई थी। चिकित्सकों ने उसे जिला अस्पताल ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया। जहां घायल युवक विनय लोनिया का उपचार चल रहा था। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर आरोपी मनोज लोनिया के खिलाफ हत्या के खिलाफ मामला दर्ज कर उसकी तलाश में जुटी है। बताया गया है कि महिला के तीन बच्चे भी है लेकिन आरोपी उसे लगातार प्रताड़ित करता रहता था। नशे में होने के बाद अक्सर महिला के साथ बेवजह मारपीट किया करता था। जिससे पूर्व में भी वह तीन बार ससुराल से कहीं चली गई थी लेकिन शिकायत पर पुलिस ने महिला को ढूंढकर उसके पति को सौंप दिया था।

# मां धनौजा मंदिर प्रांगण में मानस व भंडारे का हुआ आयोजन

**सिंगरौली।** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी भगवान भूतनाथ शिव परिवार एवं राम परिवार का वर्षगांठ उत्सव मां धनौजा मंदिर प्रांगण में मानस व भंडारे का आयोजन कर मनाया गया, जिसमें रविवार को मानस बैठकी हुई जो 24 घंटे तक लगातार संगीतमय तरीकें से चलता रहा, जो रविवार को सुबह 9ः00 से प्रारंभ होकर सोमवार सुबह 9 बजे मानस समापन हुआ एवं कन्या भोज कराकर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया,जिसमें काफी संख्या में लोगों ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण किये। कार्यक्रम के आयोजनकर्ता अयोध्या प्रसाद शर्मा (पूर्व पंचायत सचिव घोघरा) रहे है। तो वही सहयोगी टीम माँ धनौजा भैरव सेवा समिति घोघरा रही है।

# प्रत्येक आधे घंटे में गुजरती है ट्रेन और बंद हो जाता है फाटक

## वैढऩ-बरगवां मुख्य मार्ग पर स्थित रेलवे क्रॉसिंग पर समस्या झेल रहे लोग

### अब तक शुरू नहीं हो सका ओवरब्रिज का काम, धीमी चल रही प्रक्रिया

**सिंगरौली।** बरगवां रेलवे स्टेशन से होकर प्रत्येक आधे घंटे में ट्रेनें गुजरती हैं। जिससे लोग समस्या झेल रहे हैं। फाटक बंद होने के बाद वाहन चालकों को घंटों तक इंतजार करना पड़ रहा है। जिससे लोगों को आफत की दौर से गुजरना पड़ रहा है क्योंकि अभी तक ओवरब्रिज का निर्माण शुरू नहीं हो सका। प्रक्रिया धीमी गति से चल रही है। इसलिए अभी लंबे समय तक वाहन चालकों को परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। बता दें कि रहवासियों ने



कई बार बरगवां रेलवे फाटक के पास ओवरब्रिज बनाए जाने की मांग किया था। स्थानीय लोगों की मांग पर क्षेत्रीय विधायक ने ओवरब्रिज का निर्माण कराए जाने के लिए आश्वस्त किया। यह प्रक्रिया बहुत लंबे समय से चल रही है मगर अभी तक निर्माण की कवायद शुरू नहीं की जा रही है। स्थिति यह है कि रेलवे फाटक बंद होने के बाद बाइक चालक पटरी को जान जोखिम में डालकर पार करते हैं। ऐसे में कभी बड़ी घटना होने से इनकार नहीं किया जा सकता है। रेलवे फाटक से घुमकर बाइक चालक बेधडक़ पटरी को क्रॉस करते हैं।

### 30 से अधिक ट्रेनें हो रही संचालित

बताया गया है कि बरगवां से होकर न केवल एक्सप्रेस ट्रेनें बल्कि मालगाड़ी भी गुजरती हैं। आधा दर्जन से अधिक एक्सप्रेस ट्रेनें बरगवां से होकर जाती है। इसके साथ ही एक दिन में 25 से अधिक मालगाड़ी निकलती हैं। ऐसी स्थिति में प्रत्येक आधे घंटे में रेलवे फाटक को बंद कर दिया जाता है। यह व्यवस्था रहवासियों के लिए सिरदर्द बन गया है। ज्यादातर समस्या कोयला ढो रही मालगाडिय़ों से उत्पन्न हो रही है।

### एंबुलेंस में मरीजों को होती है दिक्कतें

बरगवां रेलवे फाटक पर कई बार एंबुलेंस फंस जाती है। इस दौरान मरीजों को दिक्कतें होती हैं। कई बार तो ऐसी स्थिति बनती है कि गंभीर मरीजों को लेकर जल्द उन्हें अस्पताल पहुंचाने की देरी होती है। यदि इस दौर में रेलवे फाटक बंद हो जाए तो मरीजों की जान पर बन आती है। हाल ही में बरगवां स्वास्थ्य केंद्र से दुर्घटना में घायल को एंबुलेंस लेकर जिला अस्पताल आ रही थी लेकिन फाटक बंद होने की वजह से गंभीर मरीज लिए एंबुलेंस को भी इंतजार करना पड़ा।

# बैगा पीव्हीटीजी ग्रामो में निवासरत समुदाय के व्यक्तियों को योजनाओं के लाभ से कराये लाभान्वित

**सिंगरौली।** पीएम जन मन योजना अंतर्गत बैगा पीव्हीटीजी ग्रामो में बसाहटो में निवास बैगा समुदायक के व्यक्तियो को विभिन्न योजनाओं से शिविर आयोजित कर लाभान्वित कराया जाना सुनिश्चित किया जाये। उक्त आशय का निर्देश कलेक्टर चन्द्रशेखर शुक्ला के द्वारा विभागीय अधिकारियो को दिया गया है। कलेक्टर ने कहा कि जिले में निवास रत बैगा परिवारो के सर्वगीण विकास के लिए आधार से समंग्र तक जारूरी दस्तावेज उपलब्ध कराये। कलेक्टर ने सभी बैगा परिवारो के समावेशी विकास के लिए सुगम बैकिंग सुविधा मुहैया कराने के लिए लीड बैंक प्रबंधक को निर्देश दिये। कलेक्टर ने कहा बैगा परिवार के हर सदस्य जिनकी उम्र 5 वर्ष 45 तक है उनका जाति प्रमाण पत्र बनवाये ताकि विद्यालयो में प्रवेश, छात्रवृत्ति तथा कैरियर बिल्डिंग में लाभ मिल सके।कलेक्टर ने कहा कि यह सुनिश्चित किया जायेगा बैगा परिवारो की 18 वर्ष से अधिक उम्र की महिलाओं को ग्रामीण आजीविका मिशन से जोड़े ताकि वे अर्थिक रूप से आत्म निर्भर बन सके। उन्होंने कहा कि बैगा परिवार की बसाहटो में विद्युत, पेयजल, सड़क सामुदायिक भवन आदि की व्यवस्था कराये। उन्होंने कहा कि जिन ग्राम में विद्युत की व्यवस्था नही है उन गावो में वैकल्पिक रूप से सोलर पैनल एवं बायोगैस के माध्यम से प्रकाश की व्यवस्था कराये। कलेक्टर ने कहा कि कैम्प आयोजित कर उक्त बसाहटो में पात्र हितग्राहियो का आधार लिंक राशन कार्ड, किसान क्रेडिट कार्ड, आयुष्मान कार्ड, सामंग्र आईडी बनाया जाये। उन्होने निर्देश दिये कि प्रति दिवस की प्रगति की जानकारी जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी के माध्यम से उपलंब्ध कराई जाये। उन्होनें लीड बैंक प्रबंधक को निर्देश दिये रोजगार सहायक, सचिव एवं सरपंचो से समन्वय बनाकर बैंको तथा कियोस्क के माध्यम से जन धन खाते खोले जाये ताकि पात्र बैगा परिवारो को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि जैसी योजना का उन्हे सीधा लाभ मिल सके।

# शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र में पेयजल की समुचित व्यवस्था किया जाना सुनिश्चित करे: कलेक्टर

**सिंगरौली।** ग्रीष्म कालीन स्थति को मद्देनजर रखते हुये कलेक्टर ने शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रो में पेयजल व्यवस्था को सुचारू रूप से संचालित करने हेतु नगर निगम एवं लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारियो के साथ समीक्षा बैठक करते हुये। निर्देश दिये कि भीषण गर्मी के प्रकोप से पेयजल की हो रही समस्या का ग्रामीण एवं शहरी स्तर पर निराकरण करे। उन्होनें निर्देश दिये कि अधिकारी अपने अपने क्षेत्र के हैन्डपंम्पो का सर्वे करे तथा खराब हैन्डपंम्पो को चिन्हित कर कार्यवाही करे। उन्होने कहा कि खराब पड़े हैन्डपंम्पो का सुधार कराया जाये साथ ही जिन हैन्ड पम्पो में पाईप बड़ाने की आवश्यकता है उनमें पाईप बड़ाकर जल व्यवस्था सुनिश्चित की जाये।


# पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंची महिला, दुष्कर्म का लगाया आरोप

**सिंगरौली।** मामला विकासखंड चितरंगी का है जहां एक महिला ने दो व्यक्तियों के ऊपर दुष्कर्म करने का आरोप लगाया है,बताते चले कि महिला का नाम सीताकली सिंह पत्नी स्वर्गीय अवधलाल सिंह है,महिला ने दीपक उर्फ सुशील कुमार गुप्ता एवं हरिश्चंद्र दुबे के ऊपर जबरन दुष्कर्म का आरोप लगाया है,जबकि इसके पहले भी महिला द्वारा सुशील कुमार गुप्ता के विरुद्ध कई बार थाना चितरंगी में आवेदन दिया गया था,जिसमें हरिश्चंद्र दुबे का नाम नहीं था,परंतु पुलिस



अधीक्षक कार्यालय में हरिश्चंद्र दुबे का भी नाम दर्ज कराया गया है,जो बड़ा सवाल खड़ा करता है,वहीं लगाए गए आरोप को लेकर लोगों द्वारा तरह-तरह की चर्चाएं की जा रही है।लगाए गए आरोपों में सुशील कुमार गुप्ता एवं हरिश्चंद्र दुबे दोनों का कनेक्शन एक कैसे हुआ,यह समझ से परे है,फिलहाल मामले में कितनी सच्चाई है यह तो जांच के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा।यदि मामले के सम्बंध में पुलिस तह तक जाँच करती है तो सच्चाई से पर्दा उठने में देर नहीं लगेगा,वहीं उक्त मामले के संबंध में जब मीडिया की टीम ने हरिश्चंद्र द्विवेदी से बात की तो उन्होंने सीधे शब्दों में स्पष्ट बताया कि आरोप से मेरा कोई लेना-देना नहीं है तथा लगाए गए आरोप को लेकर मेरा दूर-दूर तक कोई संबंध नहीं है।

# डॉ. अश्वनी तिवारी की आयोजित शोक सभा संपन्न



**सिंगरौली।** पीसीए सिंगरौली के अध्यक्ष राजेश कुमार पटेल ने बताया कि पूर्व निर्धारित कार्यक्रमानुसार पीसीए के पूर्व अध्यक्ष व अमृत विद्या पीठ विंध्य नगर के संचालक डॉ. अश्वनी तिवारी के निधन पर मल्हार पार्क वैढ़न में शोक सभा आयोजित कि गई व श्रद्धा सुमन अर्पित किये गए ।

इस अवसर पर संगठन के वर्तमान जिलाध्यक्ष राजेश पटेल , कोषाध्यक्ष जयबली गुप्ता निवर्तमान सचिव एमपी अम्बेडकर, सयुंक्त सचिव मनीष कुमार शाह, सदस्य अनिरुद्ध कुमार चौरसिया वैढ़न शहर अध्यक्ष अतुल सिंह, ग्रामीण अध्यक्ष सुरेंद्र शाह, गायत्री विद्यालय से श्रीमती अनीता सिंह, पूर्व बीईओ आरपी पाण्डेय. पूर्व उत्कृष्ट प्राचार्य आई. बी. उपाध्याय, सामाजिक कार्यकर्ता श्री मिश्रा व जिले के अन्य विद्यालय संचालक गण उपस्थित रहे। इस अवसर पर प्रकृति तत्वों में विलीन श्री तिवारी के पुण्य कृत्य को याद किया व भाव भीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

# कठेरी सहित आसपास के सैकड़ों किसानों के लिए अभिशाप साबित हो रहा शिवशक्ति

**सिंगरौली।** ऊर्जाधानी के नाम से गौरवान्वित होने वाला सिंगरौली जिला अपार खनिज संपदाओं की भरमार होने का दंश झेल रहा है,जी हां आप सही सुन रहे हैं,सिंगरौली जिले के गर्भ में भले ही बेशकीमती खनिज संपदाओं की भरमार हो लेकिन यहां के मूल निवासियों के लिए ये खनिज संपदा अभिशाप शाबित हो रही हैं, इस कड़वा सच का हकीकत देखना हो तो सिंगरौली जिले के शरई थाना क्षेत्र अंतर्गत कठेरी गांव में जाइए वहां की दयनीय स्थिति निश्चित रूप से चीख चीख कर कहेगी की खनिज संपदा की वजह से यहां के मूल निवासी , जलाशय,जमीन,पेड़ पौधे,तथा पशु पक्षी मुश्किल में है,जी हां



कठेरी में संचालित विभिन्न क्रेसर प्लांट तथा पत्थर खदाने आसपास के दर्जनों ग्रामवासियों के लिए मुसीबत बनी हुई हैं,इन केसर प्लांटों में सरेआम नियमों की अनदेखी की जा रही है, क्रेसर प्लांट से निकलने वाले विषैले डस्ट से एक ओर सैकड़ों किसानों की जमीनें बंजर हो रही हैं वहीं प्रदूषित वायु से लोग भी गंभीर बीमारी की चपेट में आ रहे हैं,लेकिन इन क्रेसर संचालकों की मनमानी पर अंकुश लगाने ना तो प्रशासनिक अधिकारी सामने आ रहे हैं और न ही स्थानीय जनप्रतिनिधियों को यह समस्या दिख रही है,जबकि प्रदेश सरकार खुद को किसानों की हितैषी बताती है,किसानों के हित में नए नए वादे करती है लेकिन इन सभी वादों का पोल कठेरी में खुल रहा है,पिछले दिनों कठेरी सहित आसपास के कई गांवों का जायजा लिया गया जहां बहुत ही दयनीय स्थिति नजर आई,क्रेसर प्लांटों में सरेआम नियमों की धज्जियां उड़ाई जा रही है,प्लांट से निकलने वाला विषैला डस्ट का गुब्बार आसपास के गई गांवों में जा रहा है,आसपास की जमीनों में डस्ट की मोटी परत जमी रहती है,जलाशयों का पानी विषैला हो रहा है,घरों के उपर डस्ट की परत स्पष्ट दिख रही थी,इसी तरह से ढेर सारी समस्याएं नजर आईं,वहीं ग्रामवासियों ने भी इस सभी समस्यायों से अवगत कराया

कठेरी गांव में शिव शक्ति कंस्ट्रक्शन क्रेशर प्लांट के पास नियमों को दरकिनार कर ये दोनों क्रेसर प्लांटों तथा पत्थर खदानों के संचालक आसपास के सैकड़ों ग्रामवासियों के लिए दुश्मन बने हुए हैं,बताते हैं कि पिछले एक दशक से ये क्रेसर प्लांट संचालित हैं इस दौरान हर साल आसपास के सैकड़ों किसानों की फसलें प्रभावित होती हैं लेकिन इस गंभीर समस्या पर किसी की नजर नहीं पड़ी। दरअसल क्रेसर प्लांट संचालित करने के लिए सरकार ने निर्धारित गाइड लाइन तैयार किया है,यदि सभी नियमों का पालन क्रेसर प्लांटो में किया जाता तो इस तरह की समस्या निर्मित ना होती,हालाकी बस्ती वाले क्षेत्रों में क्रेसर प्लांटों के संचालन की अनुमति नहीं दी जाती,और कठेरी सहित आसपास के कछरा, रजनिया, भरसेड़ी,पोड़ी महुआ गांव सहित कई गांवों में काफी बस्ती है,ऐसी स्थिति में बस्ती वाले क्षेत्र में क्रेसर प्लांट संचालित होने पर वैसे भी नियमों का पालन कड़ाई से करना चाहिए लेकिन यहां तो जैसे इन क्रेसर संचालकों के लिए कोई नियम ही ना बना हो,जबकि क्रेशर प्लांट तीन से चार किमी के आवासीय क्षेत्र को प्रभावित करता है। पत्थर खदानों में काम करने वाले मजदूर और आसपास रहने वाले लोगों में शत प्रतिशत गंभीर बीमारी से ग्रसित होने की संभावना रहती है।

# संतुष्टि पूर्वक शिकायतों का निराकरण सुनिश्चित करायें : कलेक्टर



**सीधी।** सीएम हेल्पलाइन में दर्ज शिकायतों के निराकरण की समीक्षा करते हुए कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी ने निर्देशित किया है कि सभी विभाग प्रमुख सीएम हेल्पलाइन में दर्ज शिकायतों की नियमित समीक्षा कर संतुष्टि पूर्वक निराकरण कराया जाना सुनिश्चित करेंगे। कलेक्टर ने कहा कि सभी विभाग सीएम हेल्पलाइन के शिकायतों के निराकरण के लिए विभागीय व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करें तथा निगरानी तंत्र को व्यवस्थित करें। कलेक्टर ने निगरानी के लिए जिला स्तर पर कन्ट्रोल रूम बनाने के निर्देश दिए हैं। उक्त कन्ट्रोल रूम समस्त एल1 तथा एल2 अधिकारियों से संपर्क कर शिकायतों का निराकरण सुनिश्चित करायेंगे। साथ ही शिकायत कर्ताओं से भी रेण्डम आधार पर संपर्क कर शिकायत की वस्तुस्थिति की जानकारी प्राप्त करेगा।

कलेक्टर ने 50 दिवस से अधिक लंबित शिकायतों तथा गत माह में प्राप्त शिकायतों को प्राथमिकता पर निराकृत करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने हितग्राहियों के हितलाभ वितरण तथा भुगतान संबंधी शिकायतों के निराकरण को गंभीरता से दर्ज कराने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने शिकायतकर्ताओं से संपर्क कर उनकी समस्याओं का तत्परता से निराकरण करने के निर्देश दिए हैं।

कृषि एवं उद्यानिकी के क्लस्टर विकसित करने के निर्देश

कलेक्टर ने सीधी जिले की जनवायु को देखते हुए किसानों के आजीविका संसाधनों में वृद्धि के लिए कृषि एवं उद्यानिकी के क्लस्टर विकसित करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने कहा कि जिले में सब्जियों तथा फलों के उत्पादन को बढ़ावा दें। शहरी क्षेत्र के नजदीकी गांवों में सब्जियों के उत्पादन से कृषकों को लाभ प्राप्त होगा। इसी प्रकार ऐसे फलदार पौधों का क्लस्टर विकसित करें जिसका उत्पादन अच्छा हो तथा नजदीकी बाजारों में मांग भी अच्छी हो। कलेक्टर ने वर्षा ऋतु में वृहद पौधरोपण की कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने कहा कि जिले में वृहद पैमाने पर बांस लगाने की संभावनाएं हैं। इससे स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसरों में भी वृद्धि होगी।

बैठक में अपर कलेक्टर राजेश शाही, संयुक्त कलेक्टर नीलेश शर्मा, उपखण्ड अधिकारी गोपद बनास प्रिया पाठक सहित सभी विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहें। अन्रू खण्डस्तरीय अधिकारी वर्चुअल माध्यम से जुड़े रहें।

## उत्कृष्ट विद्यालय मे कक्षा 11वी हेतु प्रवेश आवेदन 1 मई से

**सीधी।** उत्कृष्ट विद्यालय की कक्षा 11वी मे प्रवेश हेतु आवेदन पत्र बाहरी स्कूल के विद्यार्थियों के लिए 1 मई से मिलना प्रारंभ हो जाएगा। प्रवेश फार्म सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक प्राप्त हो सकेंगे। उक्त आशय की जानकारी देते हुए उत्कृष्ट विद्यालय के प्राचार्य ने बताया किइस कक्षा में प्रवेश हेतु कक्षा 10वी में न्यूनतम 60% अंक होना अनिवार्य है। पूर्ण रूप से भरे गए आवेदन पत्र जमा करने की तिथि 1 जून से 10 जून निर्धारित की गई है 15 जून को अंतिम सूची प्रकाशित की जाएगी। प्रवेश मेरिट क्रम की वरीयता में दिया जाएगा। प्रवेश आवेदन फार्म के साथ 10वी कक्षा की नेट की अंकसूची देना अनिवार्य होगा। पृथक पृथक संकायों में प्रवेश हेतु पृथक पृथक फार्म भरना अनिवार्य होगा 15 जुन को अंतिम सूची प्रकाशित होगी जिस छात्र का नाम मेरिट सूची में होगा वे अपना प्रवेश शुल्क आधार कार्ड समग्र आईडी जाति प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र बैंक खाता, फोटो के साथ जमा करना होगा।

# गेंहू उपार्जन के लिये किसान बुक कर सकते हैं अपने स्लॉट

**सीधी।** किसानों को उनकी उपज का अधिकतम दाम देने के लिए शासन द्वारा समर्थन मूल्य पर फसल का उपार्जन किया जाता है। पंजीकृत किसानों से जिले के निर्धारित खरीदी केन्द्रों में गेंहू का उपार्जन प्रारंभ कर दिया गया है। जिले भर में सहकारी समितियों के माध्यम से नागरिक आपूर्ति निगम द्वारा गेंहू की खरीद की जा रही है। गेंहू उपार्जन के लिए स्लॉट बुक करने का कार्य आरंभ हो गया है।

इस वर्ष किसानों को गेंहू खरीद के लिए एसएमएस नहीं भेजा जाएगा। किसान गेंहू के बिक्री का दिनांक तथा समय एमपी ई उपार्जन डॉट एनआईसी डॉट इन पोर्टल पर स्वयं बुक कर सकते हैं। किसान सबसे पहले ई उपार्जन पोर्टल पर उपार्जन की लिंक क्लिक करें। इसमें स्लॉट बुकिंग का विकल्प दिखेगा। किसान अपना पंजीयन कोड दर्ज करें। कोड दर्ज करने पर पंजीकृत मोबाइल नम्बर पर ओटीपी प्राप्त होगा। ओटीपी दर्ज करने के बाद किसान तहसील, उपार्जन केन्द्र तथा उपज बिक्री का दिनांक दर्ज करें। इसके बाद स्लॉट बुक पर सबमिट करें। पोर्टल पर पंजीकृत किसान द्वारा बुक किए गए स्लॉट की जानकारी प्रदर्शित होगी। इसका प्रिंट निकाला जा सकता है।

किसान अपने पंजीकृत एन्ड्रॉयड फोन, लोक सेवा केन्द्र, ग्राम पंचायत, एमपी ऑनलाइन के कियोस्क सेंटर, उपार्जन केन्द्र तथा इंटरनेट कैफे का उपयोग कर गेंहू उपार्जन के लिए स्लॉट बुक कर सकते हैं। किसान प्रतिदिन प्रातः 9 बजे से दोपहर एक बजे तक तथा दोपहर 2 बजे से शाम 6 बजे के बीच स्लॉट बुक कर सकते हैं। गेंहू का उपार्जन प्रत्येक सप्ताह सोमवार से शुक्रवार तक किया जाएगा। किसान द्वारा बुक किए गए स्लॉट की वैधता तीन कार्य दिवस की होगी। जिस तहसील में किसान की भूमि है उस तहसील के किसी भी खरीदी केन्द्र में अपना गेंहू बेच सकते हैं।

## 1 मई को विद्युत सप्लाई रहेगी बाधित

**शहडोल।** कार्यपालन अभियंता मध्य प्रदेश पूर्व क्षेत्र वितरण विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड शहडोल ने जानकारी दी है कि म0प्र0विद्युत वितरण कंपनी लिमि0शहडोल के अंतर्गत 33 के.व्ही. न्यू जयसिंहनगर एवं ओल्ड जयसिंहनगर फीडर में एवं 33/11 के.व्ही.ए. उपकेन्द्र गोहपारू, चुहिरी, खन्नौधी, सीधी में सुधार कार्य एवं रख-रखाव हेतु आने वाले निम्न उपकेन्द्रों से निकलने वाले सभी 11 के.व्ही. फीडर दिनांक 01.05.24 सुबह 07.00 बजे से सुबह 11.00 बजे तक विद्युत सप्लाई बंद रहेगी। उन्होंने बताया कि आवश्यकतानुसार समय घटाया एवं बढ़ाया जा सकता है । उपरोक्त कार्य के दौरान गोहपारू, चुहिरी, सीधी, वनसुकली, रसमोहनी दियापीपर, एवं करूआ के आसपास के ग्रामों की विद्युत प्रदाय बाधित रहेगा ।

# किशोर न्याय अधिनियम के संबंध में अधिवक्ताओं को दिया गया प्रशिक्षण

**शहडोल।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण और राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार एवं माननीय प्रधान जिला न्यायाधीश श्री महेन्द्र कुमार जैन के मार्गदर्शन में तथा सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्रीमती कुमुदिनी पटेल की अध्यक्षता में आज किशोर न्याय अधिनियम, 2015 पर अधिवक्ताओं के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। उक्त कार्यक्रम में श्रीमती कुमुदिनी पटेल ने कहा कि किसी भी देश का भविष्य इस बात पर निर्भर करता है कि उसके बच्चों के साथ कैसा व्यवहार किया जाता है, इसलिए यह हमारी सामूहिक जिम्मेदारी बन जाती है कि हम बच्चों का मार्गदर्शन करें और संवेदनशील तरीके से उनकी सुरक्षा के लिए काम करें। बच्चों से जुड़े मुद्दे स्वभाव से बहुत संवेदनशील होते हैं। उन्होंने आगे कहा कि अधिवक्ताओं को बच्चों के साथ अपने ग्राहक के रूप में नहीं, बल्कि देश के भविष्य के रूप में व्यवहार करने की आवश्यकता है। बच्चों के लिए न्याय सुनिश्चित करने के लिए बार का सक्रिय समर्थन बहुत आवश्यक है।

इस कार्यक्रम में उपस्थित पैनल लॉयर्स ,बाल कल्याण अधिकारीगण , जिला बाल संरक्षण अधिकारियों, बाल गृह अधीक्षक एवं अधीक्षिका को किशोर न्याय अधिनियम 2015 के प्रावधानों के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। जिला बालक संरक्षण अधिकारी , बाल संरक्षण अधिकारी एवम परिवीक्षा अधिकारी, अधीक्षक बाल गृह के कर्तव्यों व दायित्व के संबंध में जानकारी देकर उन्हें निष्ठापूर्ण अधिनियम के प्रावधानों के तहत निभाने के लिये प्रेरित किया गया। जिला संरक्षण अधिकारी द्वारा इस क्षेत्र में प्रचलित बच्चों के दागने की घटना के संबंध में ध्यान आकर्षित किया गया जिसके संबंध में सचिव द्वारा बताया गया कि बच्चों को दागना धारा 75 के अंतर्गत दंडनीय है जिसमें सजा क्रमशः 3 वर्ष , 05 वर्ष एवं 10 वर्ष के कारावास तथा 5 लाख रुपए के जुर्माने से दंडित किया जा सकता है।

## निखिल का सुयश सीएम राइस विद्यालय में किया प्रथम स्थान प्राप्त

**पन्ना।** सीएम राइस विद्यालय पन्ना में हाई स्कूल में अध्यनरत रहे निखिल अहिरवार ने माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल द्वारा जारी किए परिणाम में विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया है निखिल ने 500 अंकों में 479 अंक प्राप्त करते हुए 96: अंक प्राप्त किए हैं तथा जिले का नाम रोशन किया है निखिल की उक्त सफलता पर विद्यालय में हर्ष का माहौल है निखिल के पिता हेमंत अहिरवार पुलिस विभाग में पदस्थ हैतथा उनकी मां श्रीमती शीतल गृहणी हैं निखिल की उक्त सफलता पर परिवारजनों रिश्तेदारों मित्रों शुभचिंतकों में बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है। निखिल ने बताया कि मेरे द्वारा लगातार कड़ी मेहनत की जायेगी तथा हायर सेकेण्डी स्कूल परीक्षा में मेरिट सूची में स्थान प्राप्त करने के लिये प्रयास करूंगा तथा आगे यूपीएससी में भाग लेकर भारतीय प्रशासनिक सेवा के लिये तैयारी करूंगा।

# अधिकारी पूर्ण जानकारी के साथ बैठक में उपस्थित हों : सीईओ जिला पंचायत

## समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक सम्पन्न




**शहडोल।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री राजेश जैन की उपस्थिति में आज कलेक्टर कार्यालय के विराट सभागार में समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। समीक्षा बैठक के दौरान मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री राजेश जैन ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक में समस्त अधिकारी पूर्ण जानकारी के साथ उपस्थित हो। उन्होनें कहा कि कोई भी अधिकारी बिना जानकारी के बैठक में उपस्थित न हों यह सुनिश्चित करें। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री राजेश जैन ने समस्त अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एव समस्त तहसीलदार को निर्देश दिए कि सभी अधिकारी कार्यालयों में लंबित नक्सा तरमीम के प्रकरणों का निराकरण कराना सुनिश्चित करें। उन्होने कहा कि अधिकारी स्वयं प्रकरणों को समझें एवं निराकरण करें। साथ ही उन्हानें सामाजिक न्याय विभाग के अधिकारी को भी निर्देश दिए कि वे समस्त पेन्सनर्स के बैंक खातों का ईकेवाईसी कराएं जिससे पेन्सनर्स को आसानी से पेंन्शन की राशि मुहैया हो सके।

बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकरी जिला पंचायत श्री राजेश जैन ने विद्युत विभाग की समीक्षा करते हुए विद्युत विभाग के अधिकारी को निर्देश दिए कि वे बैगा बाहुल्य क्षेत्रों का विद्युतीकरण हेतु सर्वे करें एवं विद्युत से वंचित रह गऐ बस्तियों एवं ग्रामों में अति शीघ्र विद्युतीकरण करें। साथ ही उन्होनें कहा कि वे अपने कार्यों की प्रगति के बारे में भी कार्यालय को जानकारी प्रेषित करें।

बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री राजेश जैन ने समस्त संवितरण अधिकारियों को निर्देश दिए कि 30 अप्रैल तक माह अप्रैल का वेतन भुगतान जनरेट कर देयक बिल जिला कोषालय अधिकारी के कार्यालय में प्रेषित करें।

बैठक में संयुक्त कलेक्टर श्रीमती अमृता गर्ग, अनुविभागीय अधिकारी श्री अरविंद शाह,, डिप्टी कलेक्टर श्रीमती एन्टोनियो एक्का, श्री भागीरथी लहरे जिला आपूर्ति नियंत्रक श्री विपिल पटेल सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# पन्ना के खिलाड़ी आबू धाबी में लहराएंगे तिरंगा

**पन्ना।** फिटनिस ट्रेनिंग एकेडमी पन्ना मार्शल आर्ट क्लासेस संरक्षक पहलवान सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि 01 मई 2024 से 08 मई 2024 तक आबू धाबी में 8वीं एशियन जु-जित्सु चैंपियनशिप में जु-जित्सु एसोसिएशन ऑफ इंडिया की भारतीय टीम भाग ले रही है। जिसमें मध्य प्रदेश जु-जित्सु संघ के 7 खिलाड़ियों का चयन हुआ है। प्रतियोगिता में फिटनिस ट्रेनिंग एकेडमी पन्ना के संचालक व प्रशिक्षक इरफान खान -69 किलो.ग्राम वनज समूह में एवं सीनियर खिलाड़ी हर्षिता विश्वकर्मा -45 किलो.ग्राम वजन समूह में भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व करेंगे। खिलाड़ियों का चयन जु-जित्सु एसोसिएशन ऑफ इंडियां के अध्यक्ष सेंसाई विनय जोशी एवं महासचिव सेंसाई अमित अरोर द्वारा किया गया। इरफान और हर्षिता दोनों खिलाड़ी पन्ना से 29 अप्रैल को 2 बजे पन्ना से दिल्ली के लिए रवाना होंगे उस के बाद भारतीय जु-जित्सु टीम 30 अप्रैल 2024 को दिल्ली एयरपोर्ट से आबू धाबी के लिए रवाना होगी। 8 वीं एशियन जु-जित्सु चौंपियनशिप 2024 में 39 देशों के खिलाड़ी हिस्सा ले रहें है। जिला जु-जित्सु संघ पन्ना के अध्यक्ष लॉरेंस एट्स ने पन्ना जिले के दोनों खिलाडियों को भारतीय टीम में स्थान मिलने पर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि खिलाड़ियों की व्यक्तिगत मेहनत का परिणाम है। जु-जित्सु एसोसिएशन ऑफ मध्य प्रदेश के अध्यक्ष सेंसाई विजेन्द्र खरसोदिया, एसोसिएशन ऑफ मध्य प्रदेश महासचिव रोहणी कलम, पहलवान सिंह संरक्षक फिटनिस ट्रेनिंग एकेडमी पन्ना, नईम खान संचालक चिल्ड्रन पब्लिक स्कूल पन्ना, महेन्द्र कुमार विश्वकर्मा अध्यक्ष जिला वुशू संघ पन्ना, मनोज केशरवानी, कृष्ण कुमार श्रीवास्तव, बलराम सेन, तरूण पाठक, सैफ उल्ला, अमित गुप्ता ने भी सभी खिलाडियों को उनके चयन पर बधाई दी और उज्जवल भविष्य की कामना दी।

## नगर में जगह-जगह बिक रही अवैध शराब, ठेकेदार द्वारा मोटर साइकिलों से भेजी जाती है शराब

**पन्ना।** जहां एक ओर पुलिस विभाग द्वारा अवैध शराब रोकने के लिये लगातार कार्यवाही की जा रही है वहीं दूसरी ओर शराब ठेकेदारों द्वारा सरेआम नगर के मोहल्लों मोहल्लों में बवैध शराब बिक्री कराने के लिये मोटर साईकिलों पर शराब भेजी जा रही है। बेनीसागर स्थित शराब दुकान से प्रतिदिन दर्जनों लोग मोटर साईकिलों पर पेटियां लेकर मोहल्लों में सप्लाई करते हुये देखे जा सकते है। ठेकेदार द्वारा शराब की बिक्री बढाने को लेकर यह अवैध कार्य कराया जा रहा है धाम मोहल्ला, इन्द्रपुरी कालोनी, रानीबाग, आगरा मोहल्ला, रानीगंज, पहाड़कोठी, सतना बेरियर,खेजना मंदिर के पीछे सहित अनेक स्थानों पर अवैध रूप से चिन्हित लोगों द्वारा शराब की बिक्री कराई जा रही है। मोहल्ले वासियों ने अनेकों बार शिकायतें भी की गई उसके बाद भी अवैध शराब विक्रय का कार्य रूक नहीं रहा है स्थानीय लोगों ने तत्काल पुलिस अधीक्षक से अवैध शराब विक्रय रोकने की मांग की है।

## अग्निकांड पीड़ितों से मिलने ग्राम भखुरी पहुंचे जिला पंचायत उपाध्यक्ष

**पन्ना।** जिला पंचायत उपाध्यक्ष संतोष सिंह यादव और भाजपा नेता पीसी यादव आज धरमपुर थाना अंतर्गत ग्राम भखुरी पहुंचे जहां अग्निकांड पीड़ितों से मुलाकात कर नुकसान का अवलोकन किया एवं शासन की ओर से आर्थिक सहायता दिलवाने का आश्वासन दिया। बता दें कि 26 अप्रैल 2024 की रात जब पन्ना जिले के अजयगढ़ तहसील एवं धरमपुर थाना अंतर्गत यूपी सीमा से लगे ग्राम भखुरी में रामकेश यादव की बेटी की शादी की तैयारी चल रही थी विवाह की कुछ रस्में हो चुकी थी और कुछ बाकी थी, दूसरी तरफ भोजन बन रहा था तभी अचानक आग भड़क गई। आग को तेजी से फैलता देख गांव के कुछ साहसी युवकों ने बहादुरी का परिचय देते हुए अपनी जान पर खेल कर कच्चे घरों में चढ़कर मोटर पंप से पानी डालकर आग को काबू किया लेकिन तब तक रामकेश यादव सहित चुनबाद यादव, श्यामलाल यादव और राज कुमार यादव चारों भाइयों के घर गृहस्ती अनाज सहित दहेज का सामान भी जलकर खाक हो गया था। 28 अप्रैल को जिला पंचायत उपाध्यक्ष संतोष सिंह यादव और भाजपा नेता पीसी यादव ग्राम भखुरी पहुंचे और षासन से आर्थिक सहायता दिलवाने का आश्वासन दिया। इस दौरान सरपंच प्रतिनिधि राजेष यादव एवं स्थानीय रजोल प्रसाद यादव सहित कई क्षेत्रीय गणमान्य नागरिक भी उपथित रहे। श्री यादव ने बताया कि आगजनी में सब कुछ चौपट हो गया है। चारों परिवार बहुत गरीब हैं जिनके परिवार के गुजारे के लिए केवल एक-एक बीघा जमीन है इन्हें शीघ्र ही शासन की ओर से सहायता दिलवाई जाएगी।

# श्री मुकुंद पब्लिक हायर सेकेण्डरी स्कूल बहरी ने फिर से एक बार बनाया अपना वर्चस्व

**सीधी।** बहरी क्षेत्र की अग्रणी संस्था श्री मुकुंद पब्लिक हायर सेकेण्डरी स्कूल के डायरेक्टर अखिलेश कुमार द्विवेदी ने जानकारी देकर बताया है कि बहरी अंचल में एक बार फिर से बोर्ड परीक्षा कक्षा 12वीं में छात्रों ने एक तरफा दबदबा बना कर रखा जिसमें कक्षा 12वीं से शुभम दीक्षित गणित संकाय से 91.8% लाकर प्रथम स्थान अर्जित किए, कला समूह से आंचल द्विवेदी 91% पाकर प्रथम स्थान अर्जित किया, वही विज्ञान संकाय से भूमिका पाठक 89.6% पाकर प्रथम स्थान अर्जित किया। कला समूह आंचल द्विवेदी 91%, सीमू दीक्षित 84.4%, मनीष साहू 78.8%, निकिता द्विवेदी 78.6%, अरुण रजक 78.6%, प्रिया विश्वकर्मा 77.41, राधा मिश्रा 77%, अंशिका द्विवेदी 77% इत्यादि गणित समूह शुभम दीक्षित 91.8%, अंबर सिंह 89.6%, राजाराम साहू 77%, रिया सोनी 75.8%, अभी शुक्ला 75.6 इत्यादि बायलॉजी समूह भूमिका पाठक 89.6%, कृषि तिवारी 86.2%, प्रतिमा यादव 83%, खुशी पाठक 81.6%, किशोरी द्विवेदी 81.4%, अंजली जयसवाल 81.4%, प्राची विश्वकर्मा 81%, आस्था द्विवेदी 79.8%, अनुभव द्विवेदी 78.6%, सत्यम गुप्ता 77.6%, मधु साहू 77.2%, प्रिया तिवारी 76.8%, नेहा साहू 76.4% इत्यादि एग्रिकल्चर ग्रुप यथार्थ पांडेय 73.2%। **ओवरऑल टॉपर्स :** शुभम दीक्षित(मैथ) 91.8%, आंचल द्विवेदी (आर्ट)91%, अम्बर सिंह (मैथ)89.6%, भूमिका पाठक (बायो) 89.6%, कृषि तिवारी (बायो)86.2%, सीमू दीक्षित (आर्ट)84.4%, प्रतिमा यादव(बायो) 83%, खुशी पाठक(बायो) 81.6%, किशोरी द्विवेदी (बायो) 81.4%,अंजली जयसवाल (बायो)81.4, प्राची विश्वकर्मा(बायो)81% , आस्था द्विवेदी (बायो) 79.8% प्राप्त किया। विद्यालय संचालक श्री अखिलेश द्विवेदी जी के द्वारा इस उपलब्धि का श्रेय छात्रों की मेहनत अभिभावकों का विश्वास एवं कक्षा बारहवीं में पढ़ा रहे सभी शिक्षकों की अपार मेहनत को बताया एवं आने वाले शैक्षणिक सत्र में इससे भी बेहतर परीक्षा परिणाम आए ऐसी आशा व्यक्त की । सभी छात्र /छात्राओं को विद्यालय परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं एवम विद्यालय परिवार आपके उज्वल भविष्य की कामना करता है । बधाई देने वालो में प्राचार्य श्री अवनीश द्विवेदी, व्यवस्थापक प्रदीप द्विवेदी, आईटी सेल-रवि जायसवाल, विकास सिंह, प्रबंधक अतुल पाण्डेय, विद्यालय के स्टाफ प्रेमसागर शुक्ला , रावेंद्र मिश्रा, शीतला प्रसाद द्विवेदी, शुभलायक विश्वकर्मा, सनत गौतम , अर्जुन उपाध्याय, भोला प्रसाद द्विवेदी, भैयालाल पांडेय, रामसागर विश्वकर्मा , सोमेश मिश्रा, अंकित भारती, सुनील रावत, श्रीमती सुभद्रा मिश्रा, सरस्वती पांडेय, निधि द्विवेदी, अंजली द्विवेदी सहित अन्य स्टाफ शामिल हैं।

# अच्छे परीक्षा परिणाम के लिये कलेक्टर ने दी शुभकामनायें

## वैज्ञानिक मनोवृत्ति विकसित करने हेतु कलेक्टर ने प्राचार्यो से की चर्चा




**सीधी।** बोर्ड परीक्षा की समीक्षा बैठक आयोजित कर प्राचार्यों से परीक्षाफल कम होने अथवा वृद्धि होने के कारणों एवं किए गए प्रयास की समीक्षा की गई। कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी द्वारा सीधी जिले के उत्कृष्ट परीक्षा फल के लिये प्राचार्यों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी गई। कलेक्टर ने जिले के प्राचार्यों से छात्रों में वैज्ञानिक मनोवृत्ति विकसित करने हेतु विस्तार से चर्चा की। चर्चा में कलेक्टर ने अंधविश्वास से भरे मत जो सामाजिक नियमों के विपरीत है, विज्ञान और विश्वास के बीच अंतर जो विद्यार्थी कला संकाय के है उन्हें भी सामान्य विज्ञान का ज्ञान अनिवार्य रूप से हो आदि विषय पर प्राचार्यों से विस्तार से चर्चा की। कलेक्टर ने अगले वर्ष और बेहतर परीक्षा परिणाम हेतु अभी से कार्ययोजना बनाकर मेहनत करने की समझाईस दी।

उलेखनीय है कि सीधी जिले का वर्ष 2024 में कक्षा 10वीं में कुल दर्ज 17533 में 17355 विद्यार्थी शामिल हुये और 11079 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुये इस प्रकार कक्षा 10वीं का परीक्षा फल 63.84 प्रतिशत रहा। इसी प्रकार 12वीं कक्षा में 14213 विद्यार्थी शामिल हुये और 9900 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुये जिले का परीक्षाफल 69.65 प्रतिशत रहा। हाईस्कूल में सीधी जिले का परीक्षा परिणाम गतवर्ष की तुलना में कम रहा।

बैठक में 12वीं उत्तीण विद्यार्थियों हेतु कैरियर काउंसलिंग, आगामी शिक्षा सत्र की तैयारी पर चर्चा, ब्रिजकोर्स कक्षा का संचालन, निःशुल्क पाठ्यपुस्तक वितरण, उमंग किशोर हेल्पलाईन 14425 की समीक्षा, अवकाश अवधि में विद्यालयों की सुरक्षा, बाउण्ड्रीवाल/बिना बाउण्ड्रीवाल वाले विद्यालयों में जुलाई माह में पौधरोपण की कार्ययोजना, खगोलीय क्लब का गठन एवं प्रभारी नियुक्त करना, कक्षा 12वीं में 75 प्रतिशत से ऊपर वाले विद्यार्थियों की सूची/जानकारी तैयार करने पर चर्चा, टैबलेट क्रय की समीक्षा और छात्रवृत्ति पर जिला शिक्षा अधिकारी डॉ प्रेमलाल मिश्रा द्वारा समीक्षा की गई। शा.उ.मा.वि. सेमरिया के प्राचार्य जगदीश प्रसाद मिश्रा को उनके उत्कृष्ट योगदान के लिये सम्मानित किया गया।

बैठक में सहायक आयुक्त डॉ डी.के. द्विवेदी, ए.डी.पी.सी. प्रवीण शुक्ला, सभी विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी, योजना अधिकारी आदित्य पाण्डेय, रामकृष्ण तिवारी, देवेन्द तिवारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन ए.पी.सी. रमसा डॉ सुजीत मिश्रा द्वारा किया गया।

## संपादकीय

### स्त्री धन पर दो टूक


सुप्रीम कोर्ट ने एक मामले में फैसला देते हुए कहा है कि स्त्री धन पूरी तरह महिला की संपत्ति होती है, जिस पर पति का कोई हक नहीं होता। हालांकि हिंदू लॉ की यह पोजिशन पहले से स्पष्ट है और इस लिहाज से फैसले को नया नहीं बताया जा सकता, फिर भी सुप्रीम कोर्ट का यह फैसला आज की तारीख में न केवल कानूनी हलकों में बल्कि सामाजिक संदर्भों में भी काफी अहमियत रखता है। सुप्रीम कोर्ट के फैसले से यह बात और स्पष्ट हो गई है कि स्त्री धन को पति-पत्नी की संयुक्त संपत्ति के रूप में नहीं देखा जा सकता। स्त्री धन का मतलब उस धन, संपत्ति, गहने-जेवर या रकम से है, जो शादी के समय लड़की को या लड़के और लड़की को दिया जाता है। आम तौर पर परिवार इसे अपनी संपत्ति के रूप में देखता है। इसीलिए सुप्रीम कोर्ट का यह कहना महत्वपूर्ण है कि अगर किसी संकट के दौरान पति इस धन का इस्तेमाल करता है तो यह उसका नैतिक दायित्व है कि वह धन या उसके बराबर रकम पत्नी को वापस करे। यह आदेश ऐसे समय में आया है, जब कई अन्य फैसलों की बदौलत और महिलाओं की बढ़ती जागरूकता के कारण भी, समाज में स्त्री-पुरुष संबंधों का सदियों से चला आ रहा समीकरण बदल रहा है। महिलाएं घर से निकल कर हर क्षेत्र में अपना दखल बढ़ा रही हैं। परिवार के अंदर भी पैतृक संपत्ति में अपना जायज हिस्सा मांग रही हैं और रोजमर्रा की जिंदगी में फैसले लेने की प्रक्रिया में सक्रिय हिस्सेदारी कर रही हैं। इन सबका एक साइड इफेक्ट यह है कि पुरुषों के एक हिस्से में महिलाओं के अधिकारों को लेकर बेचैनी का अहसास बढ़ा है। कहीं यह उनमें बढ़ते असुरक्षा बोध के रूप में सामने आता है तो कहीं महिलाओं के अधिकारों का विरोध करने की प्रवृत्ति के रूप में। ऐसे में यह और ज्यादा महत्वपूर्ण हो जाता है कि समाज का बड़ा हिस्सा सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले को किस रूप में देखता है।

# गाजियाबाद लोकसभा चुनाव 2024 में हुई चुनावी धांधली से उपजते तल्ख सवाल मांग रहे दो टूक जवाब

(कमलेश पांडे )

उत्तरप्रदेश में दूसरे चरण के मतदान के दौरान इंडिया गठबंधन की कांग्रेस प्रत्याशी डॉली शर्मा, एमबीए ने ट्वीट करते हुए कहा कि गाजियाबाद लोकसभा क्षेत्र में शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष चुनाव करवाने में केंद्रीय चुनाव आयोग विफल रहा है।

लोकतंत्र का महापर्व चुनाव होता है, लेकिन जब चुनाव में ही धांधली हो जाए और प्रशासनिक अमला हाथ पर हाथ धरा बैठा नजर आए, तो फिर कहा किससे जाए, यक्ष प्रश्न है! इतना ही नहीं, यदि प्रशासन के कुछ खास लोग ही सत्तापक्ष से मिले हुए प्रतीत हों, जैसे कि खुलेआम आरोप सोशल मीडिया पेजों पर चस्पां हुए, तो फिर कहने को कुछ शेष नहीं रह जाता है। ऐसे में गाजियाबाद लोकसभा चुनाव 2024 में हुई चुनावी धांधली से उपजते सवाल का जवाब अवाम अवश्य चाहेगी, क्योंकि उसके जनादेश का गला घोंटने का जो दुस्साहस किया गया है, उसे अनुत्तरित नहीं छोड़ा जा सकता।




मसलन, उत्तरप्रदेश में दूसरे चरण के मतदान के दौरान इंडिया गठबंधन की कांग्रेस प्रत्याशी डॉली शर्मा, एमबीए ने ट्वीट करते हुए कहा कि गाजियाबाद लोकसभा क्षेत्र में शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष चुनाव करवाने में केंद्रीय चुनाव आयोग विफल रहा है। उनके कहने का तातपर्य यह है कि जब केंद्र और राज्य में सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी के लोगों के इशारे पर ही स्थानीय प्रशासन और उससे जुड़े लोगों को कार्य करना है, तो फिर कहने को कुछ शेष नहीं रह जाता है!

पहला, डॉली शर्मा ने माइक्रो ब्लॉगिंग साइट एक्स (ट्वीटर) पर लिखा है कि सूर्यनगर इलाके में भाजपा ने सुबह हमारी टेबल हटा दी। फिर से टेबल लगी, लेकिन ये लोग बार बार झंडे हटा देते हैं। ये क्या गुंडागर्दी नहीं है? अपने ट्वीट में उन्होंने केंद्रीय चुनाव आयोग के उच्चाधिकारियों को टैग करते हुए लिखा कि मैं इलेक्शन कमीशन से कहना चाहती हूं कि कृपया शांतिपूर्ण व निष्पक्ष चुनाव हो, उसका इंतजाम किया जाए। क्योंकि भाजपा लगातार जिस तरीके से धांधली कर रही है, बीएलओ से पर्चियां छीनी गई हैं और वो भाजपा प्रत्याशी के लिफाफे में डालकर भेजी जा रही हैं, वह अपने आप में एक गम्भीर सवाल खड़ा करता है?

दूसरा, डॉली शर्मा ने आगे एक्स (ट्वीटर) पर एक वीडियो टैग करते हुए लिखा है कि ब्रिजविहार डीएवी स्कूल पर प्रतिक्रिया देखिए। भाजपा ने बीएलओ से पर्चियां छीनकर अपनी जेबों में रखी है। उन्होंने सवालिया लहजे में पूछा है कि ञ्श्वष्ट्ठस्ड्क्ष्श्वक ये कौन सा चुनाव है? इस वीडियो में एक व्यक्ति बोल रहा है कि जातिविशेष व सम्प्रदाय विशेष के इलाकों में बीएलओ ने पर्चियां बांटी ही नहीं, बल्कि भाजपा कार्यकर्ताओं को बांटने के लिए दे दी, जिन्होंने अपने मनमाफिक कार्य किया। यह प्रशासनिक मिलीभगत का नतीजा नहीं तो क्या है? क्योंकि इससे कांग्रेस और इंडिया गठबंधन समर्थक वोट देने ही नहीं निकले, क्योंकि उनके पास पर्चियां ही नहीं थीं। तीसरा, डॉली शर्मा ने @ECISVEEP को टैग करते हुए आगे लिखा है कि 2 घण्टे से बूथ संख्या 335 गाजियाबाद लोकसभा के नाहल में 2 घण्टे से मशीन बन्द है, हर जगह मुस्लिम इलाकों में वोटिंग स्लो कर रखी है, वोटरों को धमकाया जा रहा है। उनकी इन टिप्पणियों पर उनके समर्थकों ने कहा है कि इससे केंद्रीय चुनाव आयोग की साख पर बट्टा नहीं तो क्या लगेगा, आप समझदार हैं!

चतुर्थ, कांग्रेस उम्मीदवार डॉली शर्मा ने आगे आरोप लगाया कि भाजपा की तानाशाही चरम पर है। मुस्लिम इलाकों में वोटिंग रोककर और लाइट काटकर वोटिंग को बाधित करने का लगातार प्रयास किया गया। यह साजिश नहीं तो क्या है? उन्होंने अपने माइक्रो ब्लॉगिंग साइट एक्स और च्फेसबुकज् पर @ECISVEEP और #Ghaziabad को टैग करते हुए उपर्युक्त बातें लिखी हैं। पंचम, उन्होंने @dm_ghaziabad @ECISVEEP मुरादनगर #Ghaziabad को टैग करते हुए लिखा कि मुरादनगर विधानसभा क्षेत्र में बूथ नम्बर-119 से 123 तक वोट डाली जा रही है, लेकिन हमारे एजेंट्स बाहर कर दिए गए हैं। आखिर ये क्या हो रहा है? लोकतंत्र की हत्या है सीधी की सीधी! छठा, शहीद नगर में दौनाराम स्कूल और एकता स्कूल पर 4 बजे से लाइट नहीं है। कृपया ध्यान दीजिए। आखिर किसके आदेशों से ऐसा हो रहा है। वहीं, हर एक घण्टे में साहिबाबाद इलाके में शहीदनगर में विकास मॉडर्न स्कूल की लाइट काटी जा रही है। ञ्श्वष्ट्ठस्ड्क्ष्श्वकऐसा क्यों? क्या इसी को फ्री एंड फेयर इलेक्शन कहते हैं?

सातवां, सरदार पटेल स्कूल, विजय नगर में 45 मिनट से मशीन बन्द है और बूथ पर फर्जी वोट डाली जा रही है। लेकिन ञ्श्वष्ट्ठस्ड्क्ष्श्वक आपके सहायक रिटर्निंग ऑफिसर फोन नहीं उठा रहे हैं। भाजपा अब खुलकर चोरी कर रही है। वहीं, बूथ नम्बर-425 कंपोजिट विद्यालय डासना गेट, गाजियाबाद में वहां के चुनाव कर्मी वोट नहीं डालने दे रहे हैं। सुबह में यहां मशीन 1 घण्टे तक बन्द रही। @ECISVEEP कुछ कीजिए। यहां पर लोगों ने डॉली शर्मा को बताया कि भाजपा के एजेंट बूथ के अंदर हैं, मतदान अधिकारी मतदाताओं से अभद्र भाषा में बात कर रहे हैं, उनके साथ बदतमीजी की जा रही है। वहीं महिला पुलिस महिलाओं को भगा रही है।

आठवां, डॉली शर्मा के द्वारा लगातार किये गए ट्वीट और सोशल मीडिया पोस्ट के बारे में लोगों का कहना है कि गाजियाबाद लोकसभा क्षेत्र का जनसमूह अब डॉली शर्मा के साथ हो चुका है, लिहाजा इंडिया गठबंधन की सफलता से भाजपा घबरा गई है। ये बातें तो महज बानगी भर हैं, लेकिन पांचों विधानसभाओं में डॉली शर्मा के समर्थक मतदाताओं के खिलाफ राजनीतिक व प्रशासनिक कुचक्र जारी रहा, जो शांतिपूर्ण व निष्पक्ष चुनाव का दावा करने वाली एजेंसियों की कलई खोल देने को काफी है। नवम, आलम यह है कि लोकसभा प्रत्याशी डॉली शर्मा व उनके समर्थकों की शिकायतों को भी नजरअंदाज किया जाना आम बात है। इससे स्थानीय लोगों में गहरा आक्रोश है, जो चुनाव बाद कभी भी फूट सकता है। उनके समर्थकों का साफ कहना है कि यदि प्रशासनिक धांधली से हमारी सुनिश्चित विजय को पराजय में बदलने की कोशिश की गई तो सबूत सहित कोर्ट तक इस विषय को पहुंचाया जाएगा, लेकिन मदमस्त सत्ता के नापाक मंसूबों को कामयाब नहीं होने दिया जाएगा।

दशम, यह सब तब हुआ जब डॉली शर्मा ने चुनाव आयोग को इस बारे में पहले ही आगाह कर दिया था, बावजूद इसके प्रशासनिक लापरवाही और पक्षपात सामने आया! उन्होंने कहा कि गाजियाबाद में इंडिया गठबंधन की सुनामी चल रही है, जिसे प्रशासनिक तिकड़मों से रोका नहीं जा सकता है। हमारे कार्यकर्ता धैर्य और संयम पूर्वक अपना काम कर रहे हैं, क्योंकि वो हमारी जीत के प्रति आश्वस्त हैं। हां, प्रशासनिक धांधली व पक्षपात से जीत का अंतर थोड़ा कम हो सकता है। लेकिन प्रशासनिक पक्षपात के खिलाफ विधिसम्मत लड़ाई आगे भी लड़ी जाएगी।

ग्यारह, इंडिया गठबन्धन की कांग्रेस प्रत्याशी डॉली शर्मा ने कहा कि चुनाव आयोग के मातहत कार्यरत प्रशासन का आज यानी मतदान के दिन की गतिविधियां देखकर उस पर कोई भरोसा नहीं रहा। इसलिए उन्होंने सभी पोलिंग एजेंट्स से अनुरोध किया कि अपने-अपने बूथों की ईवीएम मशीनें सील करवाकर ही उठें और बसों के पीछे मंडी तक जाएं। वो खुद देर शाम अपनी टीम के साथ गोविंदपुरम अनाज मंडी पहुंचीं और अपनी देखरेख में सभी ईवीएम को सीलबंद करवाया।

# राष्ट्रहित में संकल्पित युवा शक्ति का मतदान

(डॉ. निशा शर्मा)

किसी भी राष्ट्र की विकास यात्रा में अनेक उतार चढ़ाव आते है और आज भारत विश्व में जिस गति से आगे बढ़ रहा है उसमे युवाओं की महती भूमिका है। अर्थव्यस्था, विज्ञान, अनुसंधान, खेल, राजनीति, रणनीति, सुरक्षा कोई भी क्षेत्र आज युवाओं से अछूता नहीं है। भारत इन दिनों अपना सबसे बड़े और पावन पर्व का आयोजन बड़े धूमधाम से कर रहा है। विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र में भारत के नागरिक अपने राष्ट्र को अपने राष्ट्र को सशक्त और मजबूत सरकार देने के प्रयास में लगे हैं। सात चरणों में पूर्ण होने वाले इस वर्ष के लोकसभा के ये चुनाव देश के इतिहास के सबसे बड़े चुनाव होंगे। जिसमे से पहले चरण का मतदान पूर्ण हो चुका है, शेष अभी बाकी हैं। बैसे तो 18 वर्ष के ऊपर के सभी मतदाता अपने मत का प्रयोग करते ही हैं, परन्तु हम सभी जानते हैं कि भारत युवाओं का देश है, यंगिस्तान कहे जाने वाले अपने भारत में आज लगभग 66त्न युवा मतदाता हैं। मतदाताओं का ये प्रतिशत किसी भी राष्ट्र की दशा और दिशा बदलने के लिए पर्याप्त है। आज भारत का युवा पहले के मुकाबले अपने राष्ट्र के प्रति और अधिक जागरूक और सक्रिय हो गया है। इसका अंदाजा अपने इर्द गिर्द हो रही कुछ घटनाओं को देखकर लगाया जा सकता है। उदाहरण के लिए जैसे गतवर्ष महिला समन्वय की तरफ से ब्रज प्रान्त में महिला सम्मलेन और इस वर्ष उसी क्रम में तरुणी और युवा सम्मेलनों का आयोजन कई स्थानों पर कराया गया था। सम्मेलनों में संख्या विशेषकर युवा तरुणियों की बढ़ती संख्या इस बात की ओर इशारा तो कर रही थी कि कहीं न कहीं हमारा युवा मतदाता अपने राष्ट्र की उन्नति को लेकर बेहद संवेदनशील रवैया अपना रहा है। फैशन, कैरियर, टेक्नोलॉजी के साथ अब भारत का युवा अपनी संस्कृति और राष्ट्र के हित को लेकर भी जागरूक है। इस बात पर पक्की मुहर तब लग गयी जब चुनाव आयोग ने इस वर्ष के आकडे ज़ारी किये और उसमे मतदाता सूची के पुनरीक्षण में स्पष्ट किया गया कि 18 से 29 साल के आयु वर्ग में 2.63 करोड़ नये मतदाताओं ने पंजीकरण कराया है इसमें भी महिला मतदाताओं की संख्या पुरुष मतदाताओं से अधिक रही। ये बड़े ही हर्ष का विषय है कि युवाओं विशेषकर




महिलाओं में अपने राष्ट्र के प्रति ये विजन देखने को मिल रहा है। समाज में आज युवा-वर्ग भारत की हर राष्ट्रीय और अन्तरराष्ट्रीय स्थिति, परिस्थिति और इसके साथ ही इन सभी में भारत की भूमिका को देखते हुए बहुत गंभीरतापूर्वक विचार कर रहा है। अब वह समय नहीं जब युवा अपने सिलेबस से बाहर की बात कहकर अनदेखा कर दिया करता था बल्कि इसके उलट अब वह समाज में सामाजिक कार्यों से जुड़कर किस प्रकार की भूमिका हमारी होनी चाहिए ? इस बात पर विचार करता है। किसी भी राष्ट्र को तभी पूरी दुनिया सम्मान से देखती है और सम्मान देती है जब वह अपनी संस्कृति, विरासत पर गर्व करते हुए आगे बढता है। यह बात अब भारत का युवा जान चुका है और इसमें कोई संदेह भी नहीं कि युवा ही हमारे राष्ट्र का भविष्य हैं। आज भारत युवा शक्ति समपन्न राष्ट्र है, इतनी युवा शक्ति तो भारत के पास तब भी नहीं थी जब हमने आज़ादी पायी थी। ज़रा विचार कीजिये इतनी विशाल युवा-शक्ति यदि कुछ करने की ठान ले तो वह भारत को किस ऊंचाई पर ले जा सकती है। आज का युवा देश की तरक्की देख रहा है, सम्पूर्ण विश्व में भारत की साख पर गर्व भी महसूस कर रहा है। इसके साथ ही एक और शक्ति को भी अपने अन्तेमन में महसूस कर रहा है वो है भारत की आध्यात्मिक शक्ति। यह स्पष्ट है कि युवा शक्ति, आध्यात्मिक शक्ति को महसूस कर पूर्ण सम्मान के साथ उसका समर्थन भी कर रही है। ये दोनों विश्व की महानतम शक्तियां हैं और इतिहास साक्षी है कि जब जब दो पावन शक्तियों का संयोग हुआ है तब तब इतिहास रच गया है। यह हमारा सौभाग्य ही है कि ये दो महान शक्तियां केवल भारत के पास ही हैं। विवेकानंद द्वारा रचित कर्मयोग में कर्म के रहस्य का ज्ञान का वर्णन किया गया है जिसमें सत्व, रजो और तम इन तीनों गुणों का सम्बन्ध मुख्यतः कर्मयोग से बताया गया है। कर्मयोग ही हमें यह शिक्षा देता है कि तीनो गुणों का उचित उपयोग किस प्रकार किया जा सकता है, हम अपना कार्य अच्छी प्रकार कैसे करें साथ ही यदि हम लोग सुसंस्कृत, सुशिक्षित हैं तो हमें चिंतन, दर्शन, कला और विज्ञान में आनंद मिलता है इसके साथ ही धार्मिक चिंतन के अभ्यास में भी अलग ही आनंद है बल्कि स्वामी विवेकानंद जी ने तो अध्ययन के रूप में भी धर्म को अत्यंत आवश्यक माना है। क्योंकि यह सर्वविदित है कि युवा सहज ही चिंता, तनाव, अवसाद से घिर जाता है तब आध्यात्म ही सबसे उपयुक्त मार्ग है जिसके माध्यम से सकारात्मक सोच और रचनात्मक द्रष्टिकोण प्राप्त किया जा सकता है। आध्यात्मिक होने का मतलब ये कदापि नहीं कि आपको संन्यास की ओर ले जाया जा रहा है बल्कि आध्यात्म के माध्यम से जीवन को बेहतर बनाने का तरीका हमारे शास्त्रों में बताया गया है। आज का युवा भी इन्ही सब आध्यात्मिक बातों का निरंतर चिंतन करते हुए आगे बढ़ रहा है।

किसी भी राष्ट्र की विकास यात्रा में अनेक उतार चढ़ाव आते है और आज भारत विश्व में जिस गति से आगे बढ़ रहा है उसमे युवाओं की महती भूमिका है। अर्थव्यस्था, विज्ञान, अनुसंधान, खेल, राजनीति, रणनीति, सुरक्षा कोई भी क्षेत्र आज युवाओं से अछूता नहीं है। इसी महती भूमिका का निर्वहन हमें मतदान वाले दिन भी करना है। राष्ट्र हित में दिया गया हमारा एक वोट एक शक्तिशाली राष्ट्र की गारंटी है। 66त्न जैसे बड़े प्रतिशत के साथ आध्यात्मिक शक्ति को साथ लेकर हम जो भी संकल्प ले लेंगे उसे रोकने की किसी में हिम्मत नहीं है। आज हमारे राष्ट्र को हमारे मत के रूप में हमारी आवश्यकता है। एक स्वस्थ और मजबूत लोकतंत्र का प्रतिनिधित्व करने वाले भारत को एक शक्तिसंपन्न सरकार देना भी हम युवाओं का ही उत्तरदायित्व है। आइये हम सभी संकल्प लें की लोकतंत्र के इस महान पर्व को उत्सव के रूप में मनाते हुए, राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका सुनिश्चित करते हुए हम सभी मतदान करेंगे और करवाएगें।

## वर्ग पहेली 5355

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | | 3 | 4 | | 5 |
| | ■ | | ■ | 6 | | ■ | |
| 7 | 8 | | | ■ | 9 | 10 | ■ |
| ■ | 11 | | ■ | 12 | | | 13 |
| 14 | | ■ | 15 | | ■ | 16 | |
| ■ | 17 | | | ■ | ■ | 18 | |
| 19 | | ■ | 20 | | 21 | | ■ |
| | ■ | 22 | | ■ | | ■ | 23 |

**संकेत: बाएं से दाएं**

1. 8 जून 1936 इंडियन स्टेट ब्राडकास्टिंग सर्विस का नाम बदलकर यह रख दिया गया (8)
8. टेढ़ापन, दोष, कुटिल (2)
7. इस्लामी नवां महिना जिसमें मुस्लिम दिनभर रोजा रखते है (4)
9. वज्र, बिजली (2)
11. मैं का बहुवचन (2)
12. सर्वश्रेष्ठ होने या वरीय होने का भाव (4)
14. आकाश, जल, वायु (2)
15. ईश्वर का एक नाम हजरत मुहम्मद के दामाद और चौथे खलीफा (2)
16. गढ़, कोट, दुर्ग (2)
17. पूजा करने वाला, भक्त (3)
18. रात्रि, रात, यामिनी (2)
19. पूरा, पूरी तरह भरा हुआ (2)
20. जिसे उर्दू में कुर्बानी कहा जाता है (4)
22. विवाह के समय वर को पहनाया जाने वाला ताड़पत्र (2)
23. शास्त्रीय संगीत में षड्जस्वर, सादृश्य (1)

**ऊपर से नीचे**

1. विश्व सिनेमा का सबसे बड़ा अवार्ड (3)
2. प्रबंध, व्यवस्था (4)
3. तिब्बत और मध्य एशिया में होने वाला एक जंगली भैसा (2)
4. रूपए के मूल्य के छोटे-छोटे सिक्के (4)
5. जोड़, मिलाप, संबंध, लगाव (2)
8. अधिक महत्व का (5)
10. आरके बैनर की फिल्म बरसात से अपना सरगीम सफर शुरू करने वाली संगीतकार जोड़ी में से एक (5)
12. उत्तराधिकारी, महात्मा, ऋषि (2)
13. जलाशय, सरोवर (3)
15. यशस्वी मुगल सम्राट जिसने दीन-ए-इलाही धर्म चलाया (3)
16. गढ़, कोट, दुर्ग (2)
19. अर्चना, पूजन, वंदना (2)
21. हक या स्वामित्व (2)

### वर्ग पहेली 5354 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| म | हे | श | भू | प | ति | ■ | डे |
| त | ल | ब | ■ | थि | र | क | ना |
| ग | न | ■ | ■ | क | प | ट | ■ |
| ण | ■ | ना | ना | ■ | ■ | नी | म |
| ना | म | ज | द | गी | ■ | ■ | ह |
| ■ | म | नी | ■ | ता | ल | मे | ल |
| सं | ता | न | ■ | द | ■ | म | ■ |
| झा | ■ | ■ | द | त | ■ | ना | रा |

# चुनाव 2024: मत प्रतिशत बढ़ाने की बाध्यता कितनी जरूरी?

(गौरव अवस्थी)

पहले चरण के चुनाव में कम मतदान को लेकर मीडिया में कई तरह की रिपोर्ट्स और विश्लेषण पढ़ने-सुनने को मिल रहे हैं। कुछ में कम वोटिंग को लेकर चिंता जताई जा रही है और कुछ विश्लेषण में सत्ता पक्ष के सामने आने वाली मुश्किलों को बढ़ा चढ़ा कर पेश किया जा रहा है। चर्चा के बजाय जिस बिंदु पर ध्यान अधिक जाना चाहिए उस तरफ न पार्टियों का ध्यान जा रहा है और न जिम्मेदार संस्था चुनाव आयोग का। असली बहस जिस मुद्दे पर होनी चाहिए वह मीडिया, पार्टी से लेकर सत्ता तक सिरे से गायब है। कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में कम मतदान के लिए गर्मी, सहालग और कटाई के कारण गिनाए गए। यह चिंताएं सतह पर होने वाली हलचल की तरह ही हैं। गर्मी और कटाई के कारण फिजूल हैं क्योंकि पिछले चुनाव भी इसी मौसम में हुए थे।

माना जा सकता है कि कम मतदान के लिए मतदाताओं की उदासीनता ही इसके लिए जिम्मेदार है लेकिन सोचना यह भी होगा कि आखिर लोकतंत्र का भविष्य विधाता अपने इस कर्तव्य से च्युत क्यों रहता है? इसके पीछे नेताओं की गिरती विश्वसनीयता तो नहीं! फिर भी पहले मतदान शब्द की व्याख्या। यह मत+दान संधि से बना हुआ शब्द है। हिंदू धर्म में दान ऐच्छिक माना गया है। साफ है कि मतदान शब्द को अंगीकार करते समय ही स्वीकार कर लिया गया कि मतदान ऐच्छिक है न कि अनिवार्य। जब मत देना अनिवार्य किया ही नहीं गया तो कैसे किसी मतदाता को कम मतदान के लिए जिम्मेदार माना जा सकता है। सबके अपने-अपने तर्क हैं और अपनी-अपनी मजबूरियां। अपने यहां मताधिकार को भी इस तरह प्रचारित किया गया, जैसे लोकतंत्र की चाबी हमने वयस्क लोगों को पकड़ा दी। वास्तव में है भी लेकिन सिक्के का दूसरा पहलू यह है कि वयस्कों में मत के प्रति कर्तव्य की भावना भरने की सच्ची कोशिश से परहेज ही रहा। तंत्र कोई भी हो अपना अधिकार पाना कौन नहीं चाहता लेकिन कम लोग ही होते हैं जो अधिकार को कर्तव्य मानकर आगे बढ़ते हैं। अधिकार का इस्तेमाल सिर्फ अपने लिए ही नहीं दूसरों के लिए भी होता है। फिर देश से बड़ा तो कोई है ही नहीं। धर्म न वर्ग और न जाति-संप्रदाय।

मत को कर्तव्य से जोड़ने की महत्वपूर्ण बात अभी हाल ही में सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने जिस गंभीरता के साथ उठाई है, उसके लिए उनके प्रति हम सबको धन्यवाद अदा करना चाहिए। उनकी यह अपील भी महत्वपूर्ण है कि 5 साल में 5 मिनट देश के लिए जरूर निकालें। सोचिए, जिस देश में 35-40प्रतिशत लोगों के पास देश के लिए 5 मिनट नहीं है, वह क्या केवल अपील से अपने मताधिकार का उपयोग करने लगेंगे। इतनी आसानी से अपने इस कर्तव्य का जिम्मेदारी से निर्वहन करने लगेंगे? घर में कर्तव्य मां ही सिखाती है। लोकतंत्र में सरकार ही मां की भूमिका में होती है। सरकार की ही जिम्मेदारी है कि वह अपने देश के वयस्क लोगों को मत देने के लिए जागरूक करे। 75 साल बाद भी अगर हम अपने वयस्क नागरिक को मत का महत्व नहीं समझा पाए हैं तो मेरी नजर में अब एक ही रास्ता बचता है वोट न देने वाले को वोटिंग के लिए बाध्य किया जाए।

# आज का राशिफल

**मेष**

आज करियर के मामले में लाभ का दिन है। आपके धन में वृद्धि के योग हैं और भौतिक सुविधाएं बढ़ेंगी। आपके अन्दर भोग विलास बढ़ेगा। आप धार्मिक एवं सामाजिक कार्यों में सहयोग करेंगे, यदि आप व्यापार कर रहे हैं तो आज कुछ नए परिवर्तन हो सकते हैं। आगे चलकर आपको लाभ होगा। शाम के वक्त बाहर का खाने से बचें और सेहत का ध्यान रखें।

**वृषभ**

आज का दिन लाभपूर्ण होगा और आज आपके लिए सुख के साधनों में वद्धि होगी। आपको आज आलस?य छोड़कर अपने काम समय से पूरे करने का प्रयास करना चाहिए। परिवार की ओर से पूरा सहयोग मिलेगा। शाम को आपको करियर के मामले में कोई जरूरी फैसला करना पड़ सकता है। पड़ोसी सहयोग करेंगे।

**तुला**

आज आपको कुछ मामलों में अपने पसंद का काम करने को मिलेगा। समाज की ओर से वांछित सहयोग मिलेगा, परिवार की तरफ से भी शुभ समाचार मिलने के संकेत हैं। यदि आप नौकरी करते हैं तो आपके अधिकारों में वृद्धि होगी। उत्तरदायित्व बढ़ेगा और लोग आपके काम की प्रशंसा करेंगे।

**वृश्चिक**

आज दिन मिश्रित फल वाला होगा। आज आपके सामने कुछ ऐसे खर्च आ सकते हैं जो कि आपको मजबूरी में करने पड़ सकते हैं। इन खर्च की वजह से आपकी खिन्नता और बढ़ जाएगी। शाम के समय कोई खुशखबरी मिलने से आपका उत्साह बढ़ेगा।

**मिथुन**

आज का दिन सफलता से भरा होगा। आज आप में अपने कार्य के प्रति लगन रहेगी और रुके हुए कार्य पूर्ण होंगे। आप आज किसी नई कार्ययोजना में निवेश कर सकते हैं। आपके परिवार में मनमुटाव की स्थिति रहेगी। शाम के वक?त वाहन खराब होने से आपका खर्च बढ़ सकता है।

**कर्क**

आज का दिन लाभपूर्ण होगा। इस समय आपका मन धार्मिक कार्य में लगेगा। सायंकाल से देर रात तक आपकी भौतिक सुख सुविधाओं में वृद्धि होगी। आपकी बुद्धि विवेक से नए-नए कार्य पूर्ण होंगे। आप दूसरों की कमियां ढूंढना छोड़ दें तो आज आपकी शान में चार चांद लग सकता है।

**धनु**

आज का दिन सामाजिक कार्य में बीतेगा। आपकी भौतिक सुख सुविधाओं में कुछ कमी आ सकती है। यदि आप अपने मन की बात को शीघ्र दूसरों से उजागर न करें तो रुके हुए धन की प्राप्ति हो सकती है। आपके स्वास्थ्य में गड़बड़ी हो सकती है। खानपान में नियंत्रण रखें और स्वास्थ्य के प्रति सजग रहें।

**मकर**

आज आपको निर्णय लेने की क्षमता से लाभ होगा और रुके कार्य पूर्ण होंगे। आपका कोई विवाद राज्य में लंबित है तो उसमें आपकी जीत होगी और सफलता प्राप्?त होगी। धन का लाभ होगा। सायंकाल से लेकर देर रात्रि तक का समय ईश्वर की सेवा के कार्य में आपका मन लगेगा। आपको आज लाभ प्राप्ति के योग हैं।

**सिंह**

आज आपको किसी प्रकार का लाभ और उपहार मिलेगा। आप अपनी शान और शौकत के लिए खर्च करेंगे। अपनी वाक्पटुता और कार्यकुशलता से दूसरे व्यक्तियों को अपनी ओर आकृष्ट करने में सक्षम रहेंगे। शाम के वक?त आपका मन धार्मिक कार्य में लगेगा। देर रात आपकी रुचि धर्म के मामले में रहेगी।

**कन्या**

आज आर्थिक लाभ होगा और आपको कहीं से रुके धन की प्राप्ति होगी। देर रात ऐसे अनावश्यक खर्चे सामने आएंगे जो कि न चाहते हुए भी मजबूरी में करने पड़ेंगे। आपको आज किसी मामले में लाभ होगा और आपके धन में वृद्धि होगी। आपका भाग?य आज साथ देगा और आपके धन में वृद्धि के योग हैं।

**कुंभ**

आज का दिन आपके लिए भविष्य की नवीन संभावनाओं से भरा होगा। आपकी रुचि धर्म के मामले में रहेगी। आपके अच्छे कर्मों से आपके खानदान का नाम ऊंचा होगा। बुजुर्गों के आशीर्वाद से कार्य में सफलता मिलेगी। सायंकाल का समय गाने बजाने संगीत और सैर सपाटे में बीतेगा। आप आज अच?छे कार्य में खर्च करेंगे।

**मीन**

आज का दिन सावधानी से हर काम करने का है। मानसिक अशांति खिन्नता एवं उदासीनता के कारण आप भटक सकते हैं। आपकी संतान व पत्नी के प्रति प्रेम भावना बढ़ेगी। यदि आपकी प्रोन्नति होने वाली है तो अवश्य प्राप्त होगी। आप अपनी वाक्पटुता से शीघ्र ही दूर कर लेंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### बठिंडा से निर्दलीय ही लोकसभा चुनाव लड़ेंगे मूसेवाला के पिता?



**बठिंडा, एजेंसी।** दिवंगत गायक शुभदीप सिंह सिद्धू मूसेवाला के पिता बलकौर सिंह के बठिंडा से निर्दलीय के तौर पर लोकसभा चुनाव लड़ने की अटकलें हैं। इस लेकर, खासतौर से कांग्रेस के भीतर राजनीतिक हलचल तेज हो गई है। विपक्ष के नेता प्रताप सिंह बाजवा और कांग्रेस के बठिंडा उम्मीदवार जीत मोहिंदर सिंह सिद्धू आज बलकौर सिंह से मुलाकात करने वाला हैं। ये दोनों उनसे गांव में मानसा स्थित आवास पर मिल सकते है। ऐसी भी संभावना है कि कांग्रेस बलकौर को बठिंडा से टिकट दे सकती है। बलकौर सिंह हाल ही में आईवीएफ के जरिए दूसरे बेटे के पिता बने हैं। बीते दिनों उन्होंने अपने आवास पर स्थानीय लोगों के साथ बातचीत में राजनीति में उतरने और लोकसभा चुनाव लड़ने का संकेत दिया था। डॉ. मंजीत सिंह रंधावा मूसेवाला परिवार के करीबी है। उन्होंने दावा किया था कि वे बलकौर सिंह को स्वतंत्र उम्मीदवार के रूप में लोकसभा चुनाव लड़ने के लिए मनाने में सफल रहे। उन्होंने कहा कि शनिवार को पार्टी की केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक से पहले विधायक परगट सिंह से संपर्क किया गया। इसके बाद परिवार ने स्वतंत्र उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ने के उनके फैसले के बारे में कांग्रेस आलाकमान को सूचित कर दिया। बता दें कि मूसेवाला दिसंबर, 2021 में कांग्रेस में शामिल हुए थे। उन्होंने 2022 के पंजाब विधानसभा चुनाव में मनसा से चुनाव लड़े मगर आप के डॉ. विजय सिंगला से 63,323 वोटों के अंतर से हार गए। गायक की पिछले साल 29 मई को पंजाब के मनसा के जवाहर के गांव में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। गौरतलब है कि आईवीएफ प्रक्रिया से बलकौर की पत्नी के दूसरे बच्चे को जन्म देने के मामले में काफी विवाद हुआ था। स्वास्थ्य विभाग के मुख्य सचिव को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था। राज्य सरकार ने इसे गंभीर चूक करार दिया। उन्होंने स्वास्थ्य सचिव अजॉय शर्मा से दो सप्ताह के भीतर कारण बताने के लिए कहा था।

### चुनाव प्रक्रिया दूषित करते हैं अपराधी छवि वाले नेता : इलाहाबाद हाईकोर्ट



**इलाहाबाद, एजेंसी।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने आपराधिक छवि वाले उम्मीदवारों के चुनाव लड़ने पर अहम टिप्पणी की है। अदालत का कहना है कि अगर आपराधिक छवि वाले लोग चुने जाते हैं, तो इससे लोकतांत्रिक व्यवस्था को खतरा हो सकता है। उच्च न्यायालय ने पूर्व सांसद धनंजय सिंह को अपहरण और जबरन वसूली मामले में जमानत देते हुए यह बात कही है। जस्टिस संजय कुमार सिंह ने सिंह के सजा निलंबित करने की अर्जी खारिज कर दी थी। साथ ही उच्च न्यायालय ने कहा, आपराधिक पृष्ठभूमि वाले लोग चुनाव प्रक्रिया को प्रदूषित करते हैं क्योंकि चुनाव जीतने के लिए अपराध में लिप्त होने को लेकर उन्हें कोई आपत्ति नहीं होती। जब लंबे आपराधिक इतिहास वाले व्यक्ति निर्वाचित प्रतिनिधि और कानून निर्माता बन जाते हैं, तो वे लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए एक गंभीर खतरा पैदा करते हैं। उच्च न्यायालय ने कहा, जब ऐसे अपराधी नेता का भेष धारण करते हुए पूरी व्यवस्था का मजाक बनाते हैं तो हमारे लोकतंत्र का भविष्य संकट में पड़ जाता है। राजनीति का बढ़ता अपराधीकरण खतरनाक है और यह भ्रष्टाचार बढ़ाने के साथ ही हमारी लोकतांत्रिक राजनीति को खोखला करता रहा है। न्यायमूर्ति सिंह ने कहा, इस मामले के इन तथ्यों पर विचार करते हुए कि गवाहों के मुकरने के कारण 28 आपराधिक मामलों में अपीलकर्ता धनंजय सिंह बरी हो गया और उसके खिलाफ अभी 10 आपराधिक मामले लंबित हैं, मुझे ऐसा कोई अच्छा आधार या विशेष कारण नहीं दिखाई पड़ता कि निचली अदालत के सजा के निर्णय पर रोक लगाई जाए। पूर्व सांसद धनंजय सिंह और उनके साथी संतोष विक्रम सिंह ने जौनपुर की अदालत के फैसले को इलाहाबाद उच्च न्यायालय में चुनौती दी थी। याचिका पर सुनवाई के बाद न्यायमूर्ति सिंह ने 24 अप्रैल को निर्णय सुरक्षित रख लिया था।

### रेलवे ने दी दी बड़ी राहत, अब मोबाइल से अनारक्षित टिकट बुक करना हुआ और आसान

**नईदिल्ली, एजेंसी।** अनारक्षित टिकट पर सफर करने वाले रेल यात्रियों को बड़ी राहत मिलने जा रही है। खबर है कि अब यात्री अ्स यानी अनरिजर्व्ड टिकट सिस्टम के जरिए कहीं से भी किसी भी स्टेशन से अनारक्षित टिकट बुक कर सकते हैं। हालांकि, यह सुविधा सिर्फ स्टेशन परिसर के बाहर मिल सकेगी। रेलवे ने जियो फेंसिंग की आंतरिक सीमा को बरकरार रखा है। एक मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, रेलवे अधिकारी सौरभ कटारिया का कहना है कि अब रेल यात्री घर बैठकर किसी भी स्टेशन से अनारक्षित और प्लेटफॉर्म टिकट बुक कर सकते हैं। खास बात है कि जियो फेंसिंग की आंतरिक सीमा जारी रहेगी। इसका मतलब है कि नई सुविधा स्टेशन परिसर के बाहर ही मिल पाएगी। रेलवे ने जियो फेंसिंग की आउटर लिमिट को खत्म करने का फैसला किया है। खास बात है कि पहले जियो फेंसिंग की बाहरी सीमा 50 किमी थी। इसके तहत कोई भी यात्री 50 किमी के दायरे में स्टेशन से अनारक्षित या प्लेटफॉर्म टिकट खरीद सकता था।

# अप्रैल में भीषण गर्मी ने तोड़े सारे रिकॉर्ड, 43 डिग्री तक पहुंचा पारा

**नईदिल्ली, एजेंसी।** इस साल अप्रैल महीने में ही गर्मी ने सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। देश के विभिन्न हिस्सों में रविवार का दिन सबसे गर्म रहा। 1921 के बाद अप्रैल महीने में इतनी गर्मी महसूस हुई है। चिलचिलाती धूप और लू के थपेड़े अभी से इस कदर परेशान कर रहे हैं, मानो अप्रैल नहीं जून का महीना चल रहा हो। इतनी गर्मी इसलिए भी चौंकाने वाली है क्योंकि इसने केरल, ऊटी, माथेरान और बेंगलुरु के उन हिस्सों को झुलसाया, जहां आमतौर पर सालभर मौसम खुशनुमा रहता है। कई स्थानों पर पारा 43 तक पहुंचा। मौसम विभाग ने अब मई महीने को लेकर भी भविष्यवाणी की है।



अप्रैल महीने में पड़ी गर्मी ने देश के कई स्थानों में ऐतिहासिक रिकॉर्ड बनाए हैं। भारत मौसम विज्ञान विभाग ने 1921-2024 के दौरान अप्रैल महीने में पड़ी गर्मी को लेकर डेटा जारी किया है। जिसके मुताबिक, रविवार शाम को अत्यधिक तापमान दर्ज किया गया। आईएमडी की मानें तो यह देश के कई हिस्सों के लिए यह अब तक का सबसे गर्म महीना हो सकता है।

मामले की जानकारी रखने वालों का कहना है कि भीषण गर्मी ने लोकसभा चुनाव के मतदान पर भी काफी असर डाला है। पहले दो चरणों में मतदान प्रतिशत 60 से 62 प्रतिशत के आसपास रहा है। अगले चरण के लिए होने वाले मतदान से पहले मौसम विभाग ने भविष्यवाणी की है कि अगले पांच दिन और भी ज्यादा गर्मी पड़ने वाली है।

**लू के थपेड़ों को रहे तैयार :** सोमवार को आईएमडी ने जानकारी दी कि पूर्वी और दक्षिणी प्रायद्वीपीय भारत में भीषण लू तक का असर देखने को मिल रहा है और अगले पांच दिनों के दौरान यह जारी रहेगा। चेतावनी जारी कि भीषण गर्मी का असर उन स्थानों पर सर्वाधिक रहेगा, जहां अगले दो चरणों में मतदान होना है। आईएमडी की भविष्यवाणी है कि अगले दो चरणों में मतदान के दौरान 191 सीटों में से 186 पर भीषण गर्मी देखने को मिल सकती है। इन स्थानों पर अगले पांच दिन तापमान 35 डिग्री सेल्सियस तक रह सकता है। पश्चिम बंगाल, ओडिशा, बिहार और झारखंड के कुछ हिस्सों में अगले पांच दिन गंभीर हीटवेव की संभावना है। इसके अलावा रायलसीमा, आंतरिक कर्नाटक, आंध्र प्रदेश और तेलंगाना के कुछ हिस्सों में भी लोगों को भीषण गर्मी झेलनी पड़ सकती है। आईएमडी द्वारा जारी किए गए आंकड़ों के मुताबिक, गर्मी इतनी प्रचंड है कि हीटवेव इंडेक्स 40 से 50 डिग्री सेल्सियस तक महसूस किया जा रहा है। यहां तक ??कि केरल सहित पूर्वी तट और प्रायद्वीपीय क्षेत्र के कई हिस्सों में अलग-अलग क्षेत्रों में हीटवेव इंडेक्स 50 से 60 डिग्री सेल्सियस तक फील हुआ। कहां-कहां पड़ी भीषण गर्मी रविवार को केरल के अलप्पुझा में 38.0 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज हुआ। लक्षद्वीप के अमीनिदिवि में 36.6 डिग्री सेल्सियस, आरोग्यवरम में 41.0 डिग्री सेल्सियस, पश्चिम बंगाल के बालुरघाट में इस महीने 41.0 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया। बेंगलुरु में 38.5 डिग्री सेल्सियस, बंगाल के कैनिंग शहर में 42.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। कटक में 43.7 डिग्री सेल्सियस, तमिलनाडु के धर्मपुरी में 41.2 डिग्री सेल्सियस, बंगाल के एक शहर डायमंड हार्बर में 41.3 डिग्री सेल्सियस, हल्दिया में 39.4 डिग्री सेल्सियस, कन्याकुमारी में 36.6 डिग्री सेल्सियस, कोच्चि में 37.3 डिग्री सेल्सियस, कोट्टायम में 38.5 डिग्री सेल्सियस, आंध्र प्रदेश के कुरनूल में 45.2 डिग्री सेल्सियस, महाराष्ट्र के माथेरान में 39.0 डिग्री सेल्सियस, आंध्र प्रदेश के नांदयाल में 45.6 डिग्री सेल्सियस, पलक्कड़ में 41.6 डिग्री सेल्सियस, बिहार के सुपौल में 41.4 डिग्री सेल्सियस, तिरुवनंतपुरम में 36.9 डिग्री सेल्सियस, त्रिशूर में 39.4 डिग्री सेल्सियस और विशाखापत्तनम में 35.4 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया।

## कोटा में फिर एक स्टूडेंट ने दी जान, नहीं थम रहीं छात्र आत्महत्या की घटनाएं, इस साल 9 मौतें

**कोटा, एजेंसी।** कोटा में एक बार फिर एक कोचिंग छात्र ने जान दे दी। आत्महत्या करने वाला छात्र सुमित हरियाणा के रोहतक का निवासी था, जो कोटा में रहकर नेट की तैयारी कर रहा था। घटना की जानकारी मिलने के बाद कुन्हाड़ी पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया। साथ ही मृतक छात्र के परिजनों को घटना के बारे में सूचना दी। पुलिस छात्र के परिजनों के कोटा पहुंचने का इंतजार कर रही है।



**शाम से ही छात्र नहीं खोल रहा था गेट :** पुलिस ने बताया कि मृतक छात्र सुमित कुन्हाड़ी लैंडमार्क सिटी में उत्तम रेजिडेंसी नामक हॉस्टल में रह रहा था। छात्र शाम से ही अपने कमरे से बाहर नहीं निकला था। घरवाले भी उसे लगातार कॉल कर रहे थे। वह कोई जवाब नहीं दे रहा था। इसके बाद हॉस्टल वार्डन को इसकी जानकारी दी गई। वार्डन ने भी उसके कमरे का दरवाजा खटखटाया लेकिन कोई जवाब नहीं आया। इसके बाद पुलिस को इसकी सूचना दी गई।

**कमरे में नहीं थी हैंगिंग डिवाइस :** पुलिस ने मौके पर पहुंच कर दरवाजा तोड़कर देखा तो छात्र फंदे पर लटका मिला। उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जांच में पाया गया है कि जिस कमरे में छात्र ने फांसी लगाई थी, उसमें कोई हैंगिंग डिवाइस नहीं लगी हुई थी। अन्य कमरों को भी चेक किया गया तो उनमें भी हैंगिंग डिवाइस नहीं दिखी। इस मामले में हॉस्टल संचालक की लापरवाही सामने आई है।

**अब तक 9 कोचिंग छात्रों ने दी अपनी जान :** पहले भी कोचिंग छात्रों के सुसाइड मामलों में कमरों में हैंगिंग डिवाइस नहीं पाई गई है। ऐसे हॉस्टल के संचालकों के खिलाफ कार्रवाई कर हॉस्टल भी सीज किए गए हैं। कोटा में इस साल अब तक कुल 9 छात्रों ने सुसाइड किया है। इन छात्रों में बीटेक का स्टूडेंट भी शामिल है। नीट और जेईई की तैयारी करने वाले छात्रों के सुसाइड के पीछे मानसिक तनाव सामने आए हैं। प्रशासन की गाइडलाइंस भी छात्र आत्महत्याओं को नहीं रोक पा रही है।

## राघव चड्ढा की तुलना विजय माल्या से करने पर पंजाब में यूट्यूब चैनल के खिलाफ एफआईआर

**नईदिल्ली, एजेंसी।** आप सांसद राघव चड्ढा की भगोड़े कारोबारी विजय माल्या से कथित तौर पर तुलना करने वाले एक YouTube चैनल के खिलाफ पंजाब पुलिस ने कार्रवाई की है। पुलिस ने लुधियाना लोकसभा सीट से आम आदमी पार्टी उम्मीदवार अशोक पप्पी पाराशर के बेटे विकास पाराशर की शिकायत पर स्रढ्ढक्रदर्ज की है। यूट्यूब चैनल पर दिल्ली शराब घोटाले को लेकर भ्रामक जानकारी फैलाने जैसे आरोप लगाए गए हैं। कैपिटल टीवी नाम के चैनल के खिलाफ लुधियाना के शिमलापुरी पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई गई है। इंडियन एक्सप्रेस के अनुसार, डीसीपी जसकिरनजीत सिंह तेजा का कहना है, शिकायत के आधार पर एफआईआर दर्ज की गई है। जांच भी शुरू की गई है। रिपोर्ट के मुताबिक, स्रढ्ढक्रमें कहा गया है कि यूट्यूब चैनल पर कुछ आपत्तिजनक वीडियो चलाए जा रहे हैं, जिनमें दावा किया जा रहा है कि विजय माल्या जनता का रुपया लेकर ब्रिटेन भाग गया और उसी तरह राज्यसभा सदस्य पंजाब के युवाओं को चित्ता की लत में झोंककर आंखों के इलाज के नाम पर इंग्लैंड भाग गए। आप ने उम्मीदवारों से रुपया लेने के बाद सांसद के टिकट बांटे हैं। आगे कहा गया, आप के राज्यसभा सदस्य प्रीत गिल से मिलते हैं।

# चुनाव में फिर गूंजने लगा मुस्लिम आरक्षण का मुद्दा, कर्नाटक में भाजपा भी नहीं हटा पाई थी

**बेंगलुरु, एजेंसी।** लोकसभा चुनाव के दौरान एक बार फिर मुस्लिम आरक्षण का मुद्दा गूंजने लगा है। कर्नाटक में ओबीसी कोटे के अंतरगत ही मुस्लिम आरक्षण का मुद्दा नया नहीं है। लंबे समय से इस मामले पर बहस चल रही है। वहीं हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी मुस्लिम आरक्षण को लेकर कांग्रेस पर हमला बोला और कहा कि कांग्रेस चाहती है कि लोगों की संपत्ति लेकर उन लोगों में बांट दी जाए जो ज्यादा बच्चे पैदा करते हैं। आइए जानते हैं कि आखिर कर्नाटक में मुस्लिम आरक्षण का मुद्दा कितना पुराना है और इसपर किस तरह से राजनीति होती आई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक जनसभा के दौरान कहा था कि कांग्रेस चाहती है एस, एसटी और ओबीसी का कोटा मुस्लिमों को दे दिया जाए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस चाहती है कि पूरे देश के पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर पहले कर्नाटक और आंध्र प्रदेश में 5 प्रतिशत मुस्लिम आरक्षण लागू किया जाए। उन्होने कहा कि



कर्नाटक में कांग्रेस सरकार ने ही ओबीसी की सूची में मुसलमानों को भी शामिल किया था। ऐसे में कांग्रेस की सरकार धर्म के आधार पर आरक्षण देना चाहती है। एक रिपोर्ट के मुताबिक नेशनल कमीशन फॉर बैकवर्ड क्लासेज का डेटा कहता है कि कर्नाटक में 12.9 फीसदी मुस्लिम आबादी है। ओबीसी को मिले 32 फीसदी आरक्षण में ही चार फीसदी मुस्लिमों को दिया जाता है। एनसीबीसी के अध्यक्ष हंसराज गंगाराम अहीर ने कहा था कि इस मामले में वह कर्नाटक के चीफ सेक्रेटरी को समन करेंगे और उनसे पूछेंगे कि आखिर ओबीसी कोटा में इस तरह का वर्गीकरण क्यों किया गया। इतिहास पर नजर डालें तो राज्य के पिछड़ा वर्ग आयोग के चेयरमैन रहे एलजी हावनूर ने 1975 में ही तत्कालीन सरकार के सामने एक रिपोर्ट पेश की थी। इसमें कहा गया था कि ओबीसी आरक्षण के तहत मुसलमान भी आरक्षण के योग्य हैं। इसके बाद 1977 में मुस्लिमों के आरक्षण के लिए निर्देश जारी कर दिए गए। इसके बाद रेड्डी कमीशन ने मुस्लिों को ओबीसी की लिस्ट में कैटिगरी 3 के तहत आरक्षण देने का प्रस्ताव रखा। राज्य में कांग्रेस की वीरप्पा मोइली की सरकार ने ओबीसी में 2बी कैटिगरी के तहत मुसलमानों, बौद्धों और क्रिश्चियन बने दलितों को 6 फीसदी का आरक्षण दिया गया। इसमें से दो फीसदी बौद्धों और ईसाइयों को और चार फीसदी मुसलमानों को दिया गया। हालांकि मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंच गया और कोर्ट ने कहा कि कुल आरक्षण 50 फीसदी के पार नहीं जा सकता।

## छत्तीसगढ़ में फिर गरमाया धर्मांतरण का मुद्दा, हिंदू संगठन ने खोला मोर्चा, जमकर धक्का मुक्की

**राजनांदगांव, एजेंसी।** वर्तमान समय में धर्मांतरण एक बड़ा मुद्दा बन चुका है एक तरफ धर्मांतरण करने का कुछ अल्पसंख्यक धर्म प्रयास कर रहे हैं तो दूसरी तरफ बहुसंख्यक समाज के सामाजिक कार्यकर्ता धर्मांतरण को रोकने का प्रयास कर रहे हैं। राजनांदगांव रिद्धि सिद्धि स्थित कॉलोनी केरला समाज भवन में धर्मांतरण का मामला सामने आया है। केरल समाज के भवन में बहुत दिनों से धर्म परिवर्तन संबंधी कुछ संदिग्ध गतिविधियां चल रही थी। जिसकी बाद कॉलोनी वालों की शिकायत के बाद बजरंग दल और वार्ड नंबर 45 के पार्षद और अन्य हिंदू संगठन नेता केरल समाज भवन पहुंचकर धर्मांतरण संबंधी गतिविधियों को बंद कराया और पुलिस को शिकायत की गई है। इस मामले को लेकर वार्ड नंबर 45 रिद्धि सिद्धि स्थित केरला के पार्षद गगन ने बताया कि बहुत दिनों से शिकायत मिल रही थी। वहां एक भगवान विशेष का जोर-जोर से पूजा की जाती थी जिससे कॉलोनी निवासी और बच्चे घबराए थे। यहां जमकर कर शोर होता था। जिसमें अन्य धर्म के भी लोग शामिल थे। पार्षद ने



मामले में धर्म परिवर्तन के लिए गरीबों को पैसे का प्रलोभन देने का आरोप लगाया है। वहीं विश्व हिंदू परिषद के अरुण गुप्ता ने आरोप लगाते हुए कहा कि भूत प्रेत बाधा के नाम से एक हिन्दू धर्म के भोले भाले लोगो को केरला भवन में लाया जाता था। जिसमें केरल से भी आये कई व्यक्ति शामिल होते है। साथ ही आरोप लगाया कि केरला भवन में भोले भाले व्यक्ति के साथ मारपीट कर बाइबल भी पढ़ाई जाती है और उनको एक ईसाई धर्म को अपनाने के लिए छल कपट के माध्यम से प्रयास किया जाता है। धर्म परिवर्तन के लिए प्रलोभन दिया जाता है। अरुण गुप्ता ने आरोप लगाया है यह विदेशी ताकत है जिसमें राजनांदगांव से लड़ने वाले एक पार्टी के सांसद प्रत्याशी भी शामिल है। इसके साथ ही मोहल्ले वासी गायत्री साहू ने बताया उनके घर के बाजू में केरला भवन है जहां रोज खूब हल्ला गुल्ला होता है और यीशु मसीह की प्रार्थना होती है। यहां भोले भाले लोगों को बुलाया जाता है और उनका धर्म परिवर्तित कराया जाता है। वहीं इस मामले को लेकर धर्म परिवर्तन का आरोप प्रभा पर लगा है।

## मेहंदी छूटने से पहले उठी अर्थी! शादी के 8वें दिन हत्या, बाइक न मिलने से नाराज थे ससुराल वाले

**उन्नाव, एजेंसी।** उन्नाव के शुक्लागंज में गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के अखलॉक नगर में दहेज की मांग न पूरी होने पर ससुरालियों ने नवविवाहिता की गला दबाकर हत्या कर दी। अभी आठ दिन पहले ही शादी हुई थी। ससुराल वाले बाइक न मिलने से नाराज थे। पुलिस ने मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में विधिक कार्रवाई। युवती के भाई की तहरीर पर पुलिस ने पति समेत पांच के खिलाफ मुकदमा दर्जकर पति को गिरफ्तार कर लिया है। पोस्टमार्टम में मुंह दबाकर हत्या की पुष्टि हुई है। जाजमऊ आंबेडकर नगर नई बस्ती नूरी रोड निवासी जुम्मन की 21 वर्षीय बेटी चांदनी की शादी 21 अप्रैल 2024 को अखलाक नगर निवासी नदीम पुत्र रफीक के साथ हुई थी। शादी के बाद से ही पति नदीम, ससुर रफीक, सास आमना, ननद उजाला और देवर नईम चांदनी को प्रताड़ित करने लगे और मायके से बाइक लाने का दबाव बनाने लगे। चांदनी के भाई मंसूर ने बताया कि बाइक की मांग पूरी न होने पर ससुरालयों ने बहन की गला दबाकर हत्या कर दी। पास में खून से सनी तकिया रखी थी। उसने बताया कि रविवार सुबह उसे फोन कर बताया गया कि चांदनी की मौत हो गई है। आकर शव ले जाओ। वह परिवार के साथ पहुंचा तो चांदनी के नाक और मुंह से खून निकल रहा था। यह देख मायके वालों ने हंगामा काटना शुरू कर दिया। जानकारी पर गंगाघाट इंस्पेक्टर रामफल प्रजापति पहुंचे। उन्होंने मायके पक्ष के लोगों को शांत कराया। आलाधिकारियों को जानकारी दी



तो मजिस्ट्रेट यशवंत सिंह पहुंचे। उनकी देखरेख में शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। भाई मंसूर की तहरीर पर पुलिस ने पति, सास, ससुर, ननद व देवर के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पति को पकड़ भी लिया गया है। इंस्पेक्टर ने बताया कि दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया है। क्षेत्राधिकारी नगर मामले की जांच करेंगी। बहन साइना ने बताया कि दो दिन पहले नदीम ने अपनी मां पर चाकू से हमला किया था। उसकी बहन ने ही बीच बचाव किया था। इधर दहेज की मांग न पूरी होने पर अब उसे ही मौत के घाट उतार दिया। चांदनी की शादी के महज आठ दिन हुए थे। अभी हाथों तक मेहंदी नहीं छूटी थी। रविवार को उसकी अर्थी उठी तो वहां मौजूद हर किसी की आंखें नम हो गई।

# करोड़पति और आपराधिक छवि वाले उम्मीदवार अधिक जीत रहे : एडीआर रिपोर्ट

**नईदिल्ली, एजेंसी।** लोकतंत्र के मंदिर यानी देश की संसद में पहुंचने के लिए होने वाले चुनाव में धन और बाहुबल का बोलबाला है। लोकसभा चुनाव में जो जितना धनवान और बाहुबल यानी आपराधिक छवि वाले उम्मीदवार हैं, उनके जीत की संभावना उतनी ही अधिक प्रबल होती है। इसका खुलासा देश की राजनीति और चुनाव प्रक्रिया पर नजर रखने वाले गैर सरकारी संगठन 'एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफार्म्स' की रिपोर्ट से हुआ है। इस रिपोर्ट के विश्लेषण से पता चला है कि लोकसभा के हर चुनाव में करोड़पति और आपराधिक छवि वाले उम्मीदवारों की जीत की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। रिपोर्ट में कहा गया है कि 2019 के चुनाव में लोकसभा की कुल 543 में से 454 यानी 88 फीसदी सीटों पर करोड़पति उम्मीदवारों को जीत मिली। जबकि 266 यानी 43 फीसदी सीटों पर आपराधिक छवि वाले उम्मीदवारों को लोगों ने चुनाव में जिताया।

एडीआर की रिपोर्ट को देखने से साफ बता चलता है कि 2024 के लोकसभा चुनाव में भी धन और बाहुबल वाले उम्मीदवारों की जीत की संभावना अधिक है। रिपोर्ट के अनुसार, 2019 में कुल 7,945 उम्मीदवारों ने चुनाव लड़ा था। इनमें 29 फीसदी यानी 2301 उम्मीदवार करोड़पति थे, जबकि 19 फीसदी यानी 1503 उम्मीदवार



आपराधिक छवि वाले थे, जिनके खिलाफ एक या इससे अधिक आपराधिक मुकदमा दर्ज थे। 2024 के चुनाव में भी 2019 की तरह करोड़पति और अपराधिक छवि वाले उम्मीदवारों की संख्या में कमी नहीं हुई।

रिपोर्ट के अनुसार, 2024 के लोकसभा चुनाव में राजनीतिक दलों ने करोड़पति और आपराधिक छवि वाले लोगों पर भरोसा जताया है। इस चुनाव के पहले दो चरणों के लिए 189 सीटों के लिए मतदान हुआ है और इन सीटों में चुनाव लड़ने वाले 2,810 उम्मीदवारों में 18 प्रतिशत यानी 501 आपराधिक छवि वाले और 30 फीसदी यानी 840 करोड़पति उम्मीदवार हैं। पहले चरण की तुलना में दूसरे में अधिक करोड़पति इस लोकसभा चुनाव के पहले चरण में 102 सीटों के लिए 19 अप्रैल को हुए मतदान के लिए 16 फीसदी आपराधिक छवि वाले 28 फीसदी करोड़पति उम्मीदवार चुनाव मैदान में थे, जबकि दूसरे चरण के लिए 26 अप्रैल को हुए मतदान के लिए 21 फीसदी आपराधिक छवि वाले और 33 फीसदी करोड़पति उम्मीदवार चुनाव लड़ रहे थे। अभी 2024 के चुनाव का अन्य चरणों के उम्मीदवारों के बारे में रिपोर्ट मिलना बाकी है। रिपोर्ट के मुताबिक 2019 के लोकसभा चुनाव में आपराधिक छवि वाले उम्मीदवार के चुनाव जीतने की संभावना 15.5 फीसदी थी।

**संक्षिप्त समाचार**

## सीएम स्टालिन ने गुकेश को किया सम्मानित, 75 लाख रुपये का दिया इनाम



**चेन्नई, एजेंसी।** तमिलनाडु के सीएम एम.के. स्टालिन ने रविवार को राज्य के युवा प्रतिभाशाली शतरंज खिलाड़ी डी. गुकेश को सम्मानित किया, जो फिडे कैंडिडेट्स टूर्नामेंट के युवा विजेता बने हैं और उन्हें 75 लाख रुपये का चेक, एक प्रशस्ति पत्र और एक शॉल भी भेंट किया।

इस दौरान गुकेश के पिता, ईएनटी विशेषज्ञ डॉ. रजनीकांत, माता माइक्रोबायोलॉजिस्ट डॉ. पद्मावती और राज्य के युवा कल्याण और खेल विकास मंत्री उदयनिधि स्टालिन और अन्य भी मौजूद थे, जो सीएम के कैंप कार्यालय में आयोजित किया गया था। कनाडा में टूर्नामेंट में जाने से पहले तमिलनाडु सरकार ने गुकेश को 15 लाख रुपये दिए थे। युवा शतरंज सनसनी विश्व चैम्पियनशिप में गत चैंपियन चीन के डिंग लिरेन के खिलाफ प्रतिस्पर्धा करेंगे।

टूर्नामेंट का स्थान और समय अभी तय नहीं हुआ है लेकिन यह इस साल की आखिरी महीनों में आयोजित होने वाला है। अखिल भारतीय शतरंज महासंघ के सचिव देव पटेल पहले ही कह चुके हैं कि भारत विश्व शतरंज चैंपियनशिप के लिए बोली लगाएगा।

## इंटर मियामी की जीत में मेसी ने दागे दो गोल, न्यू इंग्लैंड रिवोल्यूशन को 4-1 से दी शिकस्त



**मैसाचुसेट्स (अमेरिका), एजेंसी।** विश्व कप विजेता कप्तान मेसी ने अपने शानदार खेल से जिलेट स्टेडियम में 65,612 की संख्या में खचाखच भरे प्रशंसकों को निराश नहीं किया और एक गोल से पिछड़ने के बाद मुकाबले में टीम की दमदार वापसी कराई। उन्होंने मैच में दो गोल दागे। इंटर मियामी के सुपरस्टार स्ट्राइकर लियोनल मेसी ने मेजर लीग सॉकर (एमएलएस) के मुकाबले में न्यू इंग्लैंड रिवोल्यूशन के घरेलू मैदान में रिकॉर्ड संख्या में मौजूद दर्शकों के सामने अपनी फुटबाल टीम इंटर मियामी को 4-1 से जीत दिला दी।

विश्व कप विजेता कप्तान मेसी ने अपने शानदार खेल से जिलेट स्टेडियम में 65,612 की संख्या में खचाखच भरे प्रशंसकों को निराश नहीं किया और एक गोल से पिछड़ने के बाद मुकाबले में टीम की दमदार वापसी कराई। उन्होंने मैच में दो गोल दागे।

मियामी की टीम मैच के पहले मिनट में ही टॉमस चानकले के गोल के बाद पिछड़ गई थी, लेकिन मेसी ने 32वें मिनट में स्कोर बराबर करने के बाद मैच के 68वें मिनट में बाएं पैर की किक से सत्र का अपना नौवां गोल कर टीम को बढ़त दिला दी। मियामी के लिए दो अन्य गोल बेंजामिन क्रेमास्ची (83वें मिनट) और मेसी के दोस्त लुईस सुआरेज (88वें मिनट) ने दागे। सुआरेज के गोल में मेसी ने मदद भी की।

**निशानेबाजी में 21 वां कोटा स्थान हासिल किया**

# माहेश्वरी ने रजत पदक जीता



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत की माहेश्वरी चौहान ने दोहा में लुसैल शूटिंग रेंज में इंटरनेशनल शूटिंग स्पोर्ट फेडरेशन (आईएसएसएफ) फाइनल ओलंपिक क्वालिफिकेशन चैंपियनशिप शॉटगन के समापन दिन महिला स्कीट प्रतियोगिता में रजत पदक जीता और इसके साथ ही पेरिस 2024 ओलंपिक खेलों में शूटिंग प्रतियोगिता में भारत के लिए 21वां कोटा स्थान हासिल किया।

60 शॉट के फाइनल में 54 हिट पर बराबरी पर रहने के बाद माहेश्वरी स्वर्ण पदक के शूट-ऑफ में चिली की फ्रांसिस्का क्रोवेटो चाडिड से 3-4 से हार गईं। यह एक शानदार प्रदर्शन था क्योंकि यह जालोर की निशानेबाज के लिए पहला आईएसएसएफ फाइनल था। उनके प्रदर्शन ने भारत को महिलाओं की स्कीट में दूसरा पेरिस कोटा स्थान भी दिलाया। माहेश्वरी ने फाइनल के बाद कहा, मैं रोमांचित हूं। यहां तक पहुंचने के लिए पिछले कुछ वर्षों में काफी मेहनत करनी पड़ी है।

मैं शूट-ऑफ को लेकर थोड़ा निराश हूं, लेकिन कुल मिलाकर, यह बहुत संतोषजनक रहा। दिन की शुरुआत भारतीय खिलाड़ी के क्वालिफिकेशन में शीर्ष पर रहने के साथ हुई, लेकिन अंतिम राउंड में 23 के स्कोर का मतलब था कि वह चौथे स्थान पर रहते हुए शीर्ष छह फाइनल के लिए क्वालीफाई कर लेगी। हालाँकि, उनके 121 अंकों ने उन्हें नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड प्रदान किया। यह देखते हुए कि चाडिड ने पहले ही प्रतियोगिताओं में कोटा स्थान हासिल कर लिया था और चीन की जियांग यितिंग, छठी क्वालीफायर, अयोग्य थी क्योंकि उनके देश ने पहले ही प्रतियोगिता में अपने कोटा समाप्त कर दिए थे, माहेश्वरी की लड़ाई तीन अन्य लोगों (कजाकिस्तान की असेम ओरीबे, अजरबैजान की रिगिना मेफताखेतदीनोवा और शीर्ष क्वालीफायर स्वीडन की विक्टोरिया लार्सन) के साथ थी। पहले एलिमिनेशन चरण में (20 शॉट के बाद), भारतीय दो निशाने चूकने के कारण चाडिड के बाद दूसरे स्थान पर थी। कजाख ओरिनबे पहले 20 लक्ष्यों में पांच चूक के साथ बाहर होने वाली पहली खिलाड़ी थे।

कोटा की पुष्टि तब हुई जब रिगिना 30 में से पांच शॉट चूक गई और अगले मैच से बाहर हो गई। स्वीडन की विक्टोरिया अन्य उपलब्ध कोटा का दावा करेगी। इससे शायद माहेश्वरी की घबराहट शांत हो गई और जैसे-जैसे फाइनल आगे बढ़ा, वह मजबूत होती गई और 50 शॉट्स के बाद लीडर के पास पहुंच गई। दोनों उस चरण में पांच से चूक गए थे। माहेश्वरी के पास तब स्वर्ण जीतने के तीन मौके थे, लेकिन ऐसा नहीं हो सका और वह तीसरे शूट-ऑफ राउंड में चाडिड को स्वर्ण दिलाने के अपने डबल से पूरी तरह चूक गई।

## तीरंदाज दीपिका फिर टारगेट ओलंपिक पोडियम स्कीम में शामिल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** खेल मंत्रालय के मिशन ओलंपिक सेल (एमओसी) ने शीर्ष रिकर्व तीरंदाज दीपिका कुमारी को टारगेट ओलंपिक पोडियम स्कीम (टॉप्स) में फिर से शामिल करने का फैसला किया है। यह निर्णय पेरिस ओलंपिक को ध्यान में रखकर लिया गया है। मातृत्व अवकाश के बाद एक्शन में लौट रहीं दीपिका ने घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अच्छा प्रदर्शन किया है। उन्होंने इस साल की शुरुआत में एशिया कप 2024 में पदक भी जीता था।

रविवार को 29 वर्षीय तीरंदाज ने मुकाबले में दुनिया की दूसरे नंबर की कोरियाई लिम सिह-योन से हारने के बाद 2024 तीरंदाजी विश्व कप चरण 1 में महिलाओं की व्यक्तिगत रिकर्व स्पर्धा रजत पदक के साथ समाप्त किया। दीपिका के अलावा, तीरंदाज मृणाल चौहान को भी टॉप्स डेवलपमेंट ग्रुप में शामिल किया गया है, जबकि प्रवीण जाधव डेवलपमेंट से कोर ग्रुप में आ गए हैं। अपनी 133वीं बैठक के दौरान, एमओसी ने स्क्वैश खिलाड़ियों अनाहत सिंह, अभय सिंह और वेलावन सेंथिलकुमार को 2028 में लॉस एंजिल्स ओलंपिक की तैयारी में मदद करने के लिए टारगेट ओलंपिक पोडियम स्कीम (टॉप्स) डेवलपमेंट ग्रुप में शामिल किया।

मंत्रालय के बयान में बताया गया, पिछले दो दशकों में स्क्वैश में भारत के प्रदर्शन को देखते हुए विशेष रूप से राष्ट्रमंडल और एशियाई खेलों में एमओसी ने अपने टॉप्स डेवलपमेंट ग्रुप में तीन स्क्वैश खिलाड़ियों को शामिल करने का फैसला किया, जिसका उद्देश्य उन्हें वैश्विक तैयारी के लिए सभी आवश्यक सहायता प्रदान करने में मदद करना है।

**Uber cup**

## भारतीय महिला बैडमिंटन टीम का शानदार प्रदर्शन जारी, क्वार्टर फाइनल में जगह पक्की की



**नई दिल्ली, एजेंसी।** एशियाई चैंपियन भारत ने पहले मुकाबले में कनाडा को 4-1 से मात दी थी। भारत ने इसके बाद दूसरे मैच में भी शानदार प्रदर्शन दिखाया और पहले ही मैच में अश्मिता चालिहा के हारने के बावजूद वापसी करते हुए बाकी सारे मैच जीत लिए।

इशारानी बरुआ और अनमोल खरब के चमकदार प्रदर्शन से भारतीय महिला बैडमिंटन टीम ने रविवार को ग्रुप-ए के दूसरे मुकाबले में सिंगापुर को 4-1 से हराकर उबेर कप के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। एशियाई चैंपियन भारत ने पहले मुकाबले में कनाडा को 4-1 से मात दी थी। भारत ने इसके बाद दूसरे मैच में भी शानदार प्रदर्शन दिखाया और पहले ही मैच में अश्मिता चालिहा के हारने के बावजूद वापसी करते हुए बाकी सारे मैच जीत लिए। शीर्ष खिलाड़ियो की अनुपस्थिति में खेल रही युवा और कम अनुभवी भारतीय टीम के लिए यह शानदार सप्ताह रहा।

खिलाड़ियों ने बड़े मंच पर कौशल और गजब का जज्बा दिखाते हुए पहले दो मुकाबले जीत लिए। चीन ने ग्रुप-ए के अन्य मुकाबले में कनाडा को 3-0 से शिकस्त दी और यह नतीजा भारत के लिए क्वार्टर फाइनल में स्थान पक्का करने के लिए काफी था। दो जीत से भारत अब ग्रुप-ए में चीन की पीछे दूसरे स्थान पर काबिज है। दोनों टीमें मंगलवार को अंतिम ग्रुप मैच में एक दूसरे से भिड़ेंगी जिससे शीर्ष स्थान का फैसला होगा।

### भारत ने की बेहतरीन वापसी

चालिहा ने शनिवार को कनाडा की मिचेल ली को हराकर उलटफेर किया था, लेकिन वह दुनिया की 18वें नंबर की खिलाड़ी यिओ जिया मिन से 15-21, 18-21 से हार गईं। हालांकि, राष्ट्रीय चैंपियन प्रिया कोंजेंगबाम और श्रुति मिश्रा की 67वीं रैंकिंग की जोड़ी ने पहले महिला डबल्स में जियाओ एन हेंग और जिन यु जिया पर 21-15, 21-16 से जीत दर्ज कर भारत की वापसी कराई। इशारानी ने दूसरे सिंगल्स मैच में इनसिराह खान को 21-13, 21-16 से मात देकर भारत की बढ़त दोगुनी कर दी।

सिमरन सिंघी और रितिका ठाकर की 64वीं रैंकिंग की जोड़ी ने यि टिंग एल्सा लाई और जान मिचेल की जोड़ी को 21-8, 21-11 से शिकस्त देकर भारत को 3-1 की अजेय बढ़त दिलाई। इसके बाद उभरती हुई भारतीय खिलाड़ी अनमोल ने तीसरे सिंगल्स मुकाबले में लि जिन मेगान को 21-15, 21-13 से हराकर भारत की 4-1 से जीत शुनिश्चित की। भारत ने उबेर कप में तीन बार 1957, 2014 और 2016 में सेमीफाइनल में जगह बनाई थी।

## नाडा पैनल से हरी झंडी मिलने के बाद इंडियन ग्रां प्री एक में वापसी करेंगी हिमा दास




**नई दिल्ली , एजेंसी।** स्टार धाविका हिमा दास पिछले महीने सुनवाई के बाद राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी (नाडा) के अनुशासनात्मक पैनल द्वारा हरी झंडी दिये जाने के बाद बेंगलुरु में मंगलवार को इंडियन ग्रां प्री एक में वापसी करेंगी। भारत की स्टार धाविका हिमा दास पिछले महीने सुनवाई के बाद राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी (नाडा) के अनुशासनात्मक पैनल द्वारा हरी झंडी दिये जाने के बाद बेंगलुरु में मंगलवार को इंडियन ग्रां प्री एक में वापसी करेंगी।

एक रिपोर्ट में इसकी जानकारी दी गई। पिछले साल नाडा ने 12 महीने में तीन दफा अपने रहने के स्थान की जानकारी देने में विफलता के बाद 24 वर्षीय हिमा को अस्थायी रूप से निलंबित कर दिया था।भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) द्वारा 30 अप्रैल को होने वाले इंडियन ग्रां प्री 1 की महिलाओं की 200 मीटर रेस की प्रविष्टि सूची में हिमा का नाम शामिल है। भारतीय एथलेटिक्स टीम के एक सूत्र ने पीटीआई को गोपनीयता की शर्त पर कहा, पिछले महीने नाडा के डोपिंग रोधी अनुशासनात्मक पैनल की सुनवाई में उन्हें प्रतियोगित में हिस्सेदारी के लिए हरी झंडी मिल गयी।

हालांकि सूत्र ने यह नहीं बताया कि नाडा के पैनल ने उन्हें फिर से प्रतिस्पर्धा करने की मंजूरी कैसे दी। हिमा ने 2018 जकार्ता एशियाई खेलों में 400 मीटर का व्यक्तिगत रजत पदक जीता था। वह जकार्ता में स्वर्ण पदक जीतने वाली महिलाओं की चार गुणा 400 मीटर और रजत पदक जीतने वाली मिश्रित चार गुणा 400 मीटर रिले चौकड़ी का हिस्सा थीं।

चोट के कारण असम की इस धाविका को पिछले साल हांग्झोउ एशियाई खेलों में शामिल नहीं किया गया था।

## युवा मुक्केबाजों ने बिखेरा जलवा, जादुमणि-आकाश युवा चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल में पहुंचे



**नई दिल्ली, एजेंसी।** इससे पहले, शनिवार को जतिन (57 किग्रा), सागर जाखड़ (60 किग्रा) और यशवर्धन सिंह (63.5 किग्रा) भी अगले दौर में पहुंच गए थे। जतिन और यशवर्धन ने अपने-अपने मुकाबले 5-0 के अंतर से जीते, जबकि सागर को वॉकओवर मिला था। एम जादुमणि (51 किग्रा) और आकाश गोरखा (60 किग्रा) रविवार को एएसबीसी एशियाई अंडर-22 और युवा मुक्केबाजी चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाने में सफल रहे। जादुमणि ने अंडर-22 वर्ग के दूसरे दौर में आरएससी (रैफरी द्वारा मुकाबला रोकने) निर्णय के साथ मंगोलिया के अल्दरखिशिग बटुल्गा को मात दी। आकाश को मंगोलिया के गनबातार गान एर्डीन के खिलाफ कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ा। भारतीय मुक्केबाज ने पहले दौर में पिछड़ने के बाद शानदार वापसी करते हुए मुकाबला 4-1 से जीता। दोनों मुक्केबाज मंगलवार को क्वार्टर फाइनल मुकाबला खेलेंगे। इससे पहले, शनिवार को जतिन (57 किग्रा), सागर जाखड़ (60 किग्रा) और यशवर्धन सिंह (63.5 किग्रा) भी अगले दौर में पहुंच गए थे। जतिन और यशवर्धन ने अपने-अपने मुकाबले 5-0 के अंतर से जीते, जबकि सागर को वॉकओवर मिला था। सोमवार को लक्ष्मी (50 किग्रा), तमन्ना (54 किग्रा), यात्री पटेल (57 किग्रा) और श्रुष्टी साथे (63 किग्रा) सहित 11 मुक्केबाज महिलाओं के वर्ग में चुनौती पेश करेंगे। इनके अलावा बृजेश ताम्ता (48 किग्रा), जितेश (54 किग्रा), सागर जाखड़ (69 किग्रा), सुमित (67 किग्रा), राहुल कुंडु (75 किग्रा), हेमंत सांगवान (86 किग्रा) और लक्ष्य राठी (92 प्लस किग्रा) पुरुष वर्ग में हिस्सा लेंगे। युवा और अंडर-22 वर्ग के फाइनल क्रमशः छह और सात मई को खेले जाएंगे।




## विराट कोहली ने अपने स्ट्राइक रेट पर दिया मुंह तोड़ जवाब

**अहमदाबाद, एजेंसी।** आईपीएल:2024 में गुजरात टाइटंस और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के बीच मुकाबला खेला गया। इस मैच को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने बड़ी आसानी के साथ अपने नाम कर लिया। यह इस सीजन आईपीएल में आरसीबी की तीसरी जीत है। इस मैच में विल जैक्स ने शानदार शतक जड़ा जिसके कारण उनकी टीम यह मुकाबला जीत सकी।

विल जैक्स के अलावा इस मैच में विराट कोहली ने भी शानदार पारी खेली। विराट आज के मैच में काफी एग्रेशन में नजर आए। विराट कोहली ने इस मुकाबले के बाद कई बड़े बयान दिए। जहां उन्होंने अपने स्ट्राइक रेट के बारे में भी बात कही है। गुजरात टाइटंस के खिलाफ मैच जीतने के बाद विराट कोहली ने पहले जैक्स पर कहा कि जब जैक्स बल्लेबाजी करने आए थे, तो वह थोड़ा नाराज थे कि वह गेंद को उतनी सफाई से नहीं मार पा रहे थे जितना वह चाहते थे, लेकिन हमारे बीच केवल यही बातचीत हुई थी कि एक दूसरे का समर्थन करते रहें, टिके रहें क्योंकि हम जानते हैं कि वह कितना विस्फोटक हो सकते हैं। जैसे ही उन्होंने मोहित शर्मा के ओवर में काफी रन बनाए मेरी भूमिका पूरी तरह से बदल गई, मुझे खुशी थी कि मैं दूसरे छोर से खेल देख रहा था। मेरा मतलब है, मैंने सोचा था कि हम 19 ओवर में खेल जीत सकते हैं, लेकिन इसे 16 ओवर में समाप्त करना कमाल था।

### स्ट्राइक रेट पर क्या बोले कोहली

विराट कोहली ने अपने स्ट्राइक रेट पर हो रही बातों को लेकर कहा कि वे सभी लोग जो स्ट्राइक रेट और मेरे स्पिन को अच्छी तरह से नहीं खेलने के बारे में बात करते हैं, वे वही लोग हैं जो इस बारे में बात करना पसंद करते हैं। लेकिन मेरे लिए, यह टीम के लिए खेल जीतने के बारे में है और एक कारण है कि ऐसा मैं पिछले 15 सालों से कर रहा हूं क्योंकि मैनें दिन-ब-दिन ऐसा ही किया है और आपने टीमों के लिए खेल जीते हैं।

यदि आप खुद उस स्थिति में नहीं रहे हैं, तो मुझे पूरा यकीन नहीं है कि एक बॉक्स से बैठकर खेल के बारे में बात करना आसान है। मैं वास्तव में इस बारे में नहीं सोचता। तो, मेरे लिए यह सिर्फ अपना काम करने के बारे में है। लोग खेल के बारे में अपने विचारों और धारणाओं के बारे में बात कर सकते हैं लेकिन जो लोग इसे खेल रहे हैं, वे जानते हैं कि क्या हो रहा है और यह अब मेरे लिए अब आम बात की तरह है।

## फाइनल से पहले भारतीय कोच किए गए थे निलंबित, लगा आर्थिक जुर्माना, फिर भी पदक जीते भारत के तीरंदाज

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सूत्रों की मानें तो मुकाबले के दौरान कोच की मौजूदगी के बावजूद एक अन्य वरिष्ठ कोच भी एफओपी में चले गए। इस पर उन्हें पहली चेतावनी दी गई, लेकिन इस बारे में साथी कोचेज को नहीं बताया गया। विश्व कप में प्रशिक्षकों की भारी भूल के बावजूद तीरंदाजों ने स्वर्णिम प्रदर्शन किया। फाइनल के दौरान भारतीय तीरंदाजों के साथ प्रशिक्षकों को जाने से रोक दिया गया। बावजूद इसके तीरंदाजों ने पांच स्वर्ण समेत आठ पदक जीत विश्वकप में अपना श्रेष्ठ प्रदर्शन किया। आर्चरी फील्ड में एक से अधिक प्रशिक्षकों की मौजूदगी पर आयोजकों ने प्रशिक्षकों को न सिर्फ निलंबित किया बल्कि उन पर आर्थिक जुर्माना भी ठोका है। आयोजकों ने तीसरी चेतावनी में भारतीय



कोचेज को आर्चरी फील्ड में जाने से रोका और जुर्माना लगाया।

### तीसरी गलती पर की गई कार्रवाई

नियमों के अनुसार आर्चरी फील्ड (एफओपी) में टीम के साथ सिर्फ एक कोच को जाने की इजाजत होती है।

## संक्षिप्त समाचार

### लंदन में गूंजे मोदी के नारे, भाजपा कार्यकर्ताओं ने निकाली पैदल यात्रा



**लंदन, एजेंसी।** यूके के भाजपा के प्रवासी दोस्तों ने लंदन में रन फॉर मोदी कार्यक्रम का आयोजन किया। जिसमें भारी संख्या में प्रवासी भारतीयों ने सम्मिलित होकर भाजपा और प्रधानमंत्री मोदी के लिए अपना विशेष लगाव दिखाया। कार्यकर्ता भाजपा का चुनाव प्रचार लंदन में भी करते नजर आए। भाजपा के समर्थक भारत के अलावा लंदन में भी हैं। यूके भाजपा के प्रवासी दोस्तों ने लंदन में रन फॉर मोदी और फ्लैश मॉब कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कायर्कम में कई सारे प्रवासी भारतीय ने प्रतिभाग किया। इस कार्यक्रम के दौरा ब्रिटेन में प्रवासी भारतीय भाजपा और प्रधानमंत्री मोदी के लिए अपना समर्थन दिखाते नजर आए। ओवरसीज फ्रेंड्स ऑफ बीजेपी यूके के महासचिव सुरेश मंगलगिरी ने बताया कि 2019 में भी उन्होंने चुनाव के दौरान भी उन्होंने इस कार्यक्रम का आयोजन किया था। तब भी लोगों ने इसी तरह भाजपा के प्रति अपना प्यार दिखाया था। लोगों में भाजपा और प्रधानमंत्री मोदी के लिए आज भी वही प्यार और उत्साह है। कार्यक्रम को सफल प्रवासी भारतीयों की प्रतिभागिता ने बनाया। उन्होंने कहा कि अयोध्या का राम मंदिर बनाना, आर्टिकल 370 हटाना जैसे कई कार्य भाजपा ने किए हैं, जो कि एक हिंदुस्तानी होने के नाते हम समझ सकते हैं कितने आवश्यक थे। हाथ में भारत और भाजपा के झंडे लिए निकले लोगों ने लंदन की सड़कों पर भारत माता की जय और वंदे मातरम के जयकारे लगाए। वहीं हर हर मोदी, घर घर मोदी, अबकी बार 400 पार, फिर एक बार मोदी सरकार के नारे लगाए।

### अधिक मानवीय सहायता लॉरियां गाजा पहुंच रहीं, संयुक्त राष्ट्र ने संख्या बढ़ने की पुष्टि की : आईडीएफ



**गाजा/तेल अवीव, एजेंसी।** इजरायल रक्षा बल (आईडीएफ) के प्रवक्ता ने बताया कि गाजा पट्टी में अधिक मानवीय सहायता पहुंच रही है। पिछले सप्ताह कुछ दिनों में 400 से अधिक लॉरियां मानवीय सहायता लेकर यहां पहुंची हैं। इजरायल पर भूमध्य सागर के सील बंद क्षेत्र में अधिक सहायता वितरण की अनुमति देने के लिए भारी अंतरराष्ट्रीय दबाव है। संयुक्त राष्ट्र ने हाल ही में आने वाली लॉरियों की संख्या में वृद्धि की पुष्टि की है, लेकिन वह इजरायल से अधिक सहायता वितरण की अनुमति देने के लिए और कदम उठाने का आह्वान कर रहा है। गाजा पट्टी में प्रवेश करने वाली लॉरियों पर संयुक्त राष्ट्र के आंकड़े भी अक्सर इजरायल द्वारा जारी आंकड़ों से काफी कम होते हैं। मानवीय मामलों के समन्वय के लिए संयुक्त राष्ट्र के कार्यालय के अनुसार, 18 अप्रैल तक और इसमें शामिल सप्ताह में प्रति दिन औसतन केवल 175 रॉलियां आईं। सहायता संगठनों ने कहा कि युद्ध से पहले हर दिन लगभग 500 ट्रक क्षेत्र में प्रवेश करते थे। हालांकि, सेना के प्रवक्ता ने इस बात पर जोर दिया कि ये सिर्फ मानवीय सहायता नहीं ले जा रहे थे। युद्ध से पहले गाजा का अपना कृषि उद्योग था, जिससे आबादी को खाना खिलाने में मदद मिलती थी। आईडीएफ प्रवक्ता ने कहा, गाजा पट्टी के तट पर अमेरिकी सेना द्वारा एक अस्थायी बंदरगाह के निर्माण से सहायता की मात्रा और बढ़ाई जाएगी। बंदरगाह के मई की शुरुआत में चालू होने की उम्मीद है। अमेरिकी सरकार का मानना है कि पहले चरण में, बंदरगाह के माध्यम से प्रतिदिन 90 लॉरियों के साथ सहायता सामग्री पहुंचाई जा सकती है। हर रोज यह सख्या बढ़कर 150 लॉरी तक हो सकती है। इजराइल ने हाल ही में सहायता वितरण के लिए अतिरिक्त सीमा पार मार्ग खोले हैं। गाजा में मानवीय स्थिति विनाशकारी बताई जा रही है, खासकर उत्तर में। स्वतंत्र विशेषज्ञों का मानना है इस क्षेत्र में अकाल का खतरा है।

### इंडोनेशिया के माउंट इबू ज्वालामुखी में विस्फोट, 3.5 किलोमीटर तक उठी राख

**जकार्ता, एजेंसी।** इंडोनेशिया के सेंटर फॉर वल्केनोलॉजी एंड जियोलॉजिकल हैजर्ड मिटिगेशन (पीवीएमबीजी) ने बताया कि पूर्वी इंडोनेशियाई प्रांत उत्तरी मालुकु में हल्माहेरा द्वीप पर माउंट इबू ज्वालामुखी में रविवार सुबह विस्फोट हो गया। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, पीवीएमबीजी ने बताया कि ज्वालामुखी स्थानीय समयानुसार रात लगभग 12:37 बजे करीब 206 सेकंड के लिए फटा, जिससे उसकी चोटी से 3 हजार 500 मीटर ऊपर तक राख उठ गई। समुद्र तल से 1,325 मीटर की ऊंचाई पर स्थित माउंट इबू ज्वालामुखी को हाईएस्ट लेवल चार से नीचे दूसरे खतरे के स्तर के रूप में वर्गीकृत किया गया है। पीवीएमबीजी ने लोगों से क्रेटर (ज्वालामुखी पहाड़ का मुख) से 3.5 किलोमीटर के दायरे में गतिविधियां न करने का आह्वान किया है।

# कनाडाई पीएम का खालिस्तानी प्रेम फिर दिखा, जस्टिन ट्रूडो के भाषण में लगे जिंदाबाद के नारे

**ओटावा, एजेंसी।** कनाडा के पीएम जस्टिन ट्रूडो का खालिस्तान प्रेम फिर सामने आया है। टोरंटो शहर में मनाए गए खालसा डे पर जब वो भाषण देने मंच पर पहुंचे तो उनके स्वागत में खालिस्तान जिंदाबाद के नारे लगे। उन्होंने अपनी स्पीच में किसी भी कीमत पर सिख समुदाय की रक्षा करने की कसम खाई। उन्होंने कहा कि वे सिख समुदाय के अधिकारों और स्वतंत्रता की हमेशा रक्षा करेंगे। खालिस्तानी नेता हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के बाद से भारत और कनाडा के रिश्तों में पिछले कई महीनों से तल्खी देखने को मिली है। कनाडा भारतीय अधिकारियों पर निज्जर हत्याकांड में शामिल होने के संगीन आरोप लगाता रहा है। उधर, भारत ने इन आरोपों के जवाब में उससे कई बार सबूत मांगे, जो कनाडाई सरकार आज तक पेश नहीं कर पाई। कई मोर्चों को खालिस्तान को अपना समर्थन दे चुके कनाडाई पीएम जस्टिन ट्रूडो ने रविवार दोपहर खालसा दिवस परेड को संबोधित किया। उनकी सभा में खालिस्तान जिंदाबाद के नारे लगाए गए।

जस्टिन ट्रूडो की यह टिप्पणी टोरंटो शहर में खालसा दिवस परेड के दौरान आई। वे अपनी सरकार के 4 कैबिनेट मंत्रियों और लिबरल पार्टी के चार सांसदों के साथ कार्यक्रम में पहुंचे थे। जैसे ही ट्रूडो मंच पर पहुंचे, कुछ लोगों ने सभा में खालिस्तान जिंदाबाद के नारे लगाने शुरू कर दिए। उन्होंने सभा में ज्यादा लंबा भाषण नहीं दिया। उन्होंने सभा को संबोधित



करते हुए कहा, कनाडा में तकरीबन सिख समुदाय के 8 लाख लोग रहते हैं। हम कसम खाता हूं कि हम आपके अधिकारों और स्वतंत्रता की रक्षा के लिए हमेशा मौजूद रहेंगे और हमेशा नफरत और भेदभाव से आपके समुदाय की रक्षा करेंगे। ट्रूडो के भाषण में होती रही खालिस्तान जिंदाबाद की नारेबाजी जस्टिन ट्रूडो जितने समय सभा को संबोधित कर रहे थे, दर्शकदीर्घा में मौजूद लोगों द्वारा लगातार खालिस्तान जिंदाबाद के नारे लगाए जा रहे थे। उन्होंने अपनी स्पीच में कहा, आपके पास बिना किसी से डरे और स्वतंत्र रूप से अपने धर्म की रक्षा करने और उसका पालन करने का अधिकार है। इसके लिए हम हमेशा आपके साथ खड़े रहेंगे और आपकी रक्षा करेंगे। हम आपके साथ हैं। ट्रूडो ने पिछले साल 18 जून को ब्रिटिश कोलंबिया के सरे में खालिस्तान समर्थक हरदीप सिंह निज्जर की हत्या का अपने भाषण में जिक्र नहीं किया। बता दें कि निज्जर हत्याकांड को लेकर कनाडाई संसद में ट्रूडो के बयान पर भारत और कनाडा के बीच राजनयिक संबंधों में खटास आ गई थी। ट्रूडो ने सीधे तौर पर भारत का नाम लिया था और दावा किया था कि निज्जर हत्याकांड में भारतीय अधिकारियों की संलिप्तता थी। हालांकि ट्रूडो सरकार अभी तक भारत के खिलाफ साक्ष्य प्रस्तुत नहीं कर पाई है।

### जापान की सत्तारूढ़ एलडीपी उपचुनाव में निचले सदन की तीन सीटें हारी

**टोक्यो , एजेंसी।** जापान के प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा की सत्तारूढ़ लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी (एलडीपी) निचले सदन के लिए हुए तीन सीटों पर उपचुनाव हार गई है। विपक्ष को यहां बड़ी जीत मिली है। समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, जापान की कॉन्स्टिट्यूशनल डेमोक्रेटिक पार्टी (सीडीपी) को रविवार को हुए तीन महत्वपूर्ण उप-चुनाव में बड़ी जीत मिली है। पिछले साल के अंत में एलडीपी के स्लश फंड घोटाले के सामने आने के बाद यह पहला चुनाव था जो शिमाने और नागासाकी प्रान्तों के साथ-साथ टोक्यो में भी आयोजित किया गया। ये सीटें पहले कंजर्वेटिव एलडीपी के पास थीं। स्थानीय विश्लेषकों ने बताया कि घोटाले के प्रति जनता का असंतोष इस चुनाव में देखने को मिला। एलडीपी महासचिव तोशिमित्सु मोतेगी ने जनता की तीखी प्रतिक्रिया का हवाला देते हुए प्रेस को बताया, पूरे चुनाव अभियान के दौरान हमें राजनीतिक रूप से विपरीत परिस्थितियों का सामना करना पड़ा। किशिदा की पार्टी के सदस्यों ने रविवार के उप-चुनाव से पहले चेतावनी दी थी कि मतदाताओं के गुस्से के कारण अगले आम चुनाव के बाद सरकार बदल सकती है।

### दक्षिण कोरिया का दावा, उत्तर कोरिया ने दोनों देशों को जोड़ने वाली सड़क पर बारूदी सुरंगें बिछाईं



**सोल, एजेंसी।** दक्षिण कोरिया के एक सैन्य अधिकारी ने सोमवार को दावा किया कि उत्तर कोरिया ने सीमा पार सड़कों को बंद करने के लिए दोनों कोरिया को अलग करने वाले असैन्यीकृत क्षेत्र (डीएमजेड) के भीतर एक अंतर-कोरियाई सड़क पर बारूदी सुरंगें स्थापित की हैं। योनहाप समाचार एजेंसी ने अधिकारी के हवाले से बताया कि सेना ने पिछले साल के अंत में सोल से 85 किमी उत्तर-पूर्व में चेओरवोन में एरोहेड हिल के पास डीएमजेड के अंदर कच्ची सड़क पर उत्तर की ओर से माइंस बिछाने का पता लगाया था। यह रास्ता 1950-53 के कोरियाई युद्ध के दौरान पहाड़ी के पास मारे गए लोगों के अवशेषों की खुदाई के संयुक्त प्रयासों के लिए दक्षिण और उत्तर को जोड़ने के लिए 2018 के अंतर-कोरियाई सैन्य समझौते के तहत बनाया गया था। पिछले साल के अंत से, उत्तर कोरिया ने दोनों कोरिया के बीच सभी सड़कों पर बारूदी सुरंगें लगा दी हैं। जनवरी में, उत्तर कोरियाई सैनिकों को दो अंतर-कोरियाई सड़कों - दक्षिण कोरिया के पश्चिमी सीमावर्ती शहर पाजू और उत्तर कोरिया के काएसोंग के बीच ग्योंगुई सड़क और पूर्वी तट के साथ डोंगहे सड़क- पर बारूदी सुरंगें लगाते हुए देखा गया था। पिछले महीने, सेना ने यह भी पाया था कि उत्तर कोरिया ने दोनों सड़कों पर दर्जनों स्ट्रीट लाइटें हटा दी हैं। यह कदम उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग-उन द्वारा दक्षिण कोरिया के साथ एकीकरण की दशकों पुरानी नीति को खत्म करने और उनके संबंधों को एक-दूसरे के प्रति शत्रुतापूर्ण दो राज्यों के रूप में परिभाषित करने के आह्वान के बाद उठाया गया।

### अमेरिका : ओक्लाहोमा में बवंडर आने से चार की मौत

**ह्यूस्टन, एजेंसी।** अमेरिका के ओक्लाहोमा में शनिवार रात से कई बड़े बवंडर आने से कम से कम चार लोगों की मौत हो गई है। ओक्लाहोमा के गवर्नर केविन स्टिट ने एक संवाददाता सम्मेलन में यह जानकारी दी।

समाचार एजेंसी शिन्हुआ ने स्टिट के हवाले से रविवार को बताया कि दक्षिण ओक्लाहोमा में मुर्रे काउंटी के सर्वाधिक प्रभावित शहर सल्फर में कम से कम दो बड़े बवंडर के कारण एक व्यक्ति की मौत हो गई और लगभग 30 अन्य घायल हो गए। कई घर और इमारतें नष्ट हो गईं। राष्ट्रीय मौसम सेवा के अनुसार, शहर के लिए बाढ़ की चेतावनी भी जारी की गई थी। स्टिट ने कहा, ऐसा लगता है जैसे यहां सल्फर में हर व्यापारिक प्रतिष्ठान नष्ट हो गया है। मेरे गवर्नर बनने के बाद से यह निश्चित रूप से ऐसी क्षति मैंने नहीं देखी है। होल्डनविले शहर में एक शिशु सहित दो अन्य की मौत हो गई। वहां कम से कम 14 घर भी क्षतिग्रस्त या नष्ट हो गए। स्थानीय मीडिया ने बताया कि चौथे व्यक्ति की मौत एक अंतरराज्यीय सड़क के पास हुई। रिपोर्ट में कहा गया है कि रविवार को लगभग 4.7 करोड़ लोगों को खराब मौसम का खतरा है, जब मिसौरी से टेक्सास तक तूफान, भारी बारिश और बड़े ओले गिरने का खतरा बना हुआ है। राष्ट्रीय मौसम सेवा ने कहा, गंभीर मौसम के अलावा, कभी-कभी इन तूफानों के साथ तेज बारिश की भी संभावना है।

# गाजा पर इजरायल की फिर एयर स्ट्राइक, कई घरों के ऊपर दागीं मिसाइलें, बच्चों समेत 13 की मौत

**गाजा, एजेंसी।** इजरायल ने एक बार फिर से गाजा के ऊपर एयर स्ट्राइक कर दी है। राफा शहर में तीन घरों पर इजरायली हवाई हमलों में 13 लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हैं। हालांकि, हमास मीडिया आउटलेट्स ने मरने वालों की संख्या 15 बताई है। स्वास्थ्य अधिकारियों ने बताया कि गाजा शहर में इजरायली विमानों ने तीन घरों को निशाना बनाया, जिसमें कई लोग मारे गए और घायल हुए। महीनों से चल रही इजरायली बमबारी के कारण राफा में 10 लाख से अधिक लोगों ने शरण ली है, जहां इजरायल पर हमले करने के आरोप लग रहे हैं।

बीते शनिवार को इजरायली हवाई हमलों के कारण 22 फिलिस्तीनी मारे गए थे। इजरायली युद्धक विमानों ने मध्य गाजा में नुसीरात शरणार्थी शिविर में आबादी वाले घर को कई मिसाइलों से निशाना बनाया, जिसमें 4 बच्चों सहित 9 फिलिस्तीनियों की मौत हो गई



और 30 अन्य घायल हो गए। चिकित्सा सूत्रों के अनुसार गाजा पट्टी के सुदूर दक्षिण में भी एक घर को निशाना बनाकर इजरायली हवाई हमला हुआ। इसमें 4 बच्चों सहित 6 फिलिस्तीनी मारे गए और 8 अन्य घायल हो गए। लड़ाकू विमानों ने पट्टी में 25 से अधिक साइटों को बनाया निशाना रिपोर्ट के मुताबिक, बाद में युद्धक विमानों ने रफा के उत्तर में नासिर पड़ोस में एक घर को निशाना बनाया, जहां 7 फिलिस्तीनी मारे गए और कई अन्य घायल हो गए। घायलों को शहर के अबू यूसुफ अल-नज्जर अस्पताल में रेफर कर दिया गया है। इस बीच, इजरायली सेना के प्रवक्ता अविचाई अद्राई ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा कि लड़ाकू विमानों ने पट्टी में 25 से अधिक साइटों को निशाना बनाया, जिनमें सैन्य भवन, हथियार गोदाम और कई इमारतें शामिल हैं। दूसरी ओर, फिलिस्तीनी आंदोलन हमास ने एक वीडियो जारी कर गाजा में बंधक बनाए गए 2 और बंधकों के जीवित होने का पहला सबूत दिखाया है। रिपोर्ट में कहा गया कि जबरदस्ती फिल्माए गए फुटेज में ओमरी मिरान का कहना है कि उन्हें 202 दिनों के लिए हिरासत में रखा गया है। गाजा पट्टी में अब तक 34,000 से अधिक लोगों की मौत बीते साल 7 अक्टूबर को हमास ने गाजा से इजरायल के खिलाफ बड़े पैमाने पर रॉकेट हमला किया और सीमा का उल्लंघन किया। इस दौरान 1,200 लोग मारे गए।

# गाजा में युद्ध जारी रहा तो इजरायल के साथ कोई समझौता नहीं : हमास

**गाजा , एजेंसी।** हमास के एक अधिकारी ने कहा है कि इजरायल अगर गाजा में युद्ध समाप्त नहीं करता है तो वो उसके साथ कोई समझौता नहीं होगा। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, हमास के एक वरिष्ठ अधिकारी सामी अबू ज़ुहरी ने रविवार को एक बयान में कहा कि समूह ऐसे किसी भी समझौते को स्वीकार नहीं करेगा जिसमें गाजा में युद्ध की समाप्ति शामिल नहीं है। अबू ज़ुहरी ने कहा कि मध्यस्थों के माध्यम से इजरायल की प्रतिक्रिया का अध्ययन किया जा रहा है और इसके बारे में किसी फैसले पर पहुंचना जल्दबाजी होगी। इससे पहले एक वरिष्ठ इजरायली अधिकारी ने हमास के साथ बंधक समझौते तक पहुंचने के प्रयास को निर्णायक बताया।

अधिकारी ने कहा, हम हमास नेता याह्या सिनवार की प्रतिक्रिया का इंतजार कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इजरायल ने उत्तरी गाजा में विस्थापित व्यक्तियों की वापसी के संबंध में महत्वपूर्ण रियायत दी है।

शनिवार को, हमास ने घोषणा की थी कि उसे गाजा युद्धविराम पर इजरायल की आधिकारिक प्रतिक्रिया मिली है, जिसे 13



अप्रैल को मध्यस्थ मिस्र और कतर को सौंप दिया गया था।

उस समय, हमास ने अपनी मांगों को दोहराया, जिनमें स्थायी युद्धविराम, गाजा से (इजरायली) सेना की वापसी, विस्थापितों की उनके क्षेत्रों और निवास स्थानों पर वापसी, पट्टी के लिए राहत और सहायता में वृद्धि और इसके पुनर्निर्माण की शुरुआत शामिल है।

इजरायल का अनुमान है कि गाजा में अभी भी लगभग 134 इजरायली बंधक हैं, जबकि हमास ने घोषणा की कि उनमें से 70 इजरायली अंधाधुंध हवाई हमलों में मारे गए हैं।

### नहीं मान रहे नेतन्याहू, गाजा में कत्लेआम के बीच अमेरिकी विदेश मंत्री का रियाद दौरा, 4 मुस्लिम देश भी जुटे

गाजा, एजेंसी। गाजा पट्टी पर इजरायली सेना का कत्लेआम रुकने का नाम नहीं ले रहा है। सोमवार को आईडीएफ ने गाजा पर फिर अटैक किया और 13 लोगों को मार डाला। पीएम बेंजामिन नेतन्याहू की युद्ध न छोड़ने की जिद के बीच अमेरिकी विदेश मंत्री सऊदी अरब की राजधानी रियाद पहुंच गए हैं। यहां उनके अलावा मिस्र, सऊदी अरब, कतर, यूएई और जॉर्डन देशों के शीर्ष नेता भी जुटे हैं। यहां वे सभी गाजा के भविष्य पर चर्चा करेंगे। चर्चा इस बात पर भी होनी है कि इजरायली हमले के बाद गाजा पर किसकी हुकूमत चलेगी? अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने सोमवार को पश्चिम एशिया की अपनी यात्रा शुरू कर दी है। करीब छह महीने पहले इजराइल-हमास युद्ध के शुरू होने के बाद से इस क्षेत्र का यह उनका सातवां राजनयिक मिशन है जिसमें वह इजराइल की यात्रा भी करेंगे। जहां उनके इजरायली प्रधान मंत्री बेंजामिन नेतन्याहू पर गाजा में संघर्षविराम के लिए दबाव डालने की उम्मीद है। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन भी गाजा में बड़े पैमाने पर निर्दोषों के कत्लेआम पर चिंता जता चुके हैं। हालांकि इससे उलट नेतन्याहू गाजा में अपने ऑपरेशन को सही बताते रहे हैं। रियाद में 4 मुस्लिम देश भी जुटे रियाद में, अमेरिकी राष्ट्रपति ब्लिंकन के वरिष्ठ सऊदी नेताओं से मिलने और पांच अरब देशों कतर, मिस्र, सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात और जॉर्डन के विदेश मंत्रियों के साथ बैठक की उम्मीद है। अमेरिका के विदेश विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी का कहना है कि चर्चा इस बात की जानी है कि युद्ध के बाद गाजा का क्या होगा? ब्लिंकन के अरब देशों और यूरोपीय राज्यों के साथ आने पर चर्चा करने की भी उम्मीद है। यह चर्चा भी जानी है कि इजरायली हमले के बाद श्मशान घाट हो चुके गाजा शहर के पुनर्निर्माण में यूरोप क्या भूमिका निभा सकता है? इजरायल-हमास युद्ध में कितना नुकसान इजरायली सेना आईडीएफ के आंकड़ों के अनुसार, फिलिस्तीनी आतंकी ग्रुप हमास के इस्लामी लड़ाकों ने 7 अक्टूबर 2023 को इजरायल पर हमला किया था, जिसमें 1,200 लोग मारे गए और 253 लोगों को बंधक बना लिया गया। इजरायल का दावा है कि उसके 100 से अधिक लोग अभी भी हमास के कब्जे में हैं। उधर, इजरायल के जवाबी हमले में गाजा शहर पूरी तरह से श्मशान बन चुका है। शहर में हवाई और जमीनी हमले में 34 हजार से ज्यादा लोग मारे जा चुके हैं।

# यूनिसेफ की रिपोर्ट, अफगानिस्तान की स्थिति नाजुक, बीमारी से जूझ रहे 2.37 करोड़ लोग, मानवीय मदद की जरूरत

**वाशिंगटन, एजेंसी।** संयुक्त राष्ट्र बाल कोष (यूनिसेफ) ने अपनी एक रिपोर्ट के जारी करते हुए कि अफगानिस्तान में 12.3 मिलियन बच्चों के साथ-साथ 23.7 मिलियन लोगों को भी मदद की आवश्यकता है। इस साल में अब तक खसरे के 14,570 मामले सामने आ चुके है, जिसमें से 71 मौतें हो चुकी हैं।

अफगानिस्तान के हालात बद से बदतर होते जा रहे हैं। यूनिसेफ की रिपोर्ट के अनुसार अफगानिस्तान में जलवायु परिवर्तन, आर्थिक मंदी और बेरोजगारी के कारण लंबे समय से गरीबी बढ़ती जा रही है। बता दें कि यूनिसेफ ने मार्च में देश की मानवीय स्थिति पर रिपोर्ट जारी की है, जिसमें अफगानिस्तान को मानवीय सहायता की आवश्यकता पर बात की गई है। रिपोर्ट के अनुसार अफगानिस्तान 12.3 मिलियन बच्चों के साथ-साथ 23.7 मिलियन लोगों को मानवीय मदद की आवश्यकता है। स्थिति यहां तक बिगड़ी हुई है कि इस साल की शुरूआत से अब तक लगभग 71 मौतें दर्ज हुई हैं, वहीं 14,570 खसरे के मामले सामने आए हैं। बीमारों में 11,000 से अधिक बच्चे हैं, जिनकी उम्र 5 वर्ष से कम है। वहीं



6000 से अधिक महिलाएं इसका शिकार हुई हैं। यूनिसेफ ने अपने मानवीय साझेदारों से अफगानिस्तान में महिला कर्मचारियों की सुरक्षा को प्राथमिकता देने का आग्रह किया। रिपोर्ट के अनुसार 1.4 बिलियन अमेरिकी डॉलर की सहायता से अफगानिस्तान के केवल 35 प्रतिशत बच्चों को ही सुरक्षित किया गया है। बता दें कि सेव द चिल्ड्रन ने हाल ही में अफगानिस्तान के बच्चों की स्थिति पर चिंता व्यकत की है। अंतरराष्ट्रीय गैर-सरकारी संगठन ने कहा कि पाकिस्तान से लौटने वाले 2,50,000 अफगान बच्चों को भोजन और आश्रय की कमी का सामना करना पड़ रहा है। 27 अप्रैल को विश्व खाद्य कार्यक्रम में बताया गया कि हर महीने छह मिलियन लोगों को भोजन के साथ-साथ नगद दिया जा रहा है। संयुक्त राष्ट्र का अनुमान है कि यदि स्थिति में सुधार नहीं आता है तो अफगानिस्तान में लगभग 15.8 मिलियन लोग खाद्य असुरक्षा संकट से जूझेंगे। बता दें कि अफगानिस्तान में लोगों की बुनियादी जरूरतों को पूरा करने के लिए मानवीय मामलों के समन्वय के लिए संयुक्त राष्ट्र कार्यालय ने 3.6 बिलियन अमेरिकी डॉलर का बजट मांगा गया है।

शहर के मध्य से बहने वाली बीहर नदी के घाटों में दुर्घटना से बचाव के उद्देश्य से संकेतक लगाकर लोगों को सचेत करें। साथ ही सभी चिन्हित 10 घाटों में दुर्घटना से बचाव के उपाय सुनिश्चित कराएं। उक्त आशय के निर्देश कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने नगर निगम के अधिकारियों को दिए।



## मानव अधिकारों के प्रति सचेत होकर कार्य करें : गोयल



**रीवा।** राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग नई दिल्ली के स्पेशल मानीटर बालकृष्ण गोयल की अध्यक्षता में सभी संबंधित विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक का आयोजन कर मानवाधिकार, बाल संरक्षण, पोस्को एक्ट, जेजे एक्ट, वृद्ध जनों के अधिकार, जेल में निरूद्ध कैदियों के अधिकारों आदि पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनिल सोनकर, एसडीएम हुजूर वैशाली जैन सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

स्पेशल मानीटर श्री गोयल ने राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के गठन तथा कार्यों के विषय में विस्तार पूर्वक जानकारी दी। उन्होने कहा कि राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग मानव अधिकारों के उल्लंघन को किसी भी स्तर पर बर्दास्त नहीं करता है। हम सभी को अपने कार्य क्षेत्र में मानव अधिकारों के संरक्षक के रूप में सचेत होकर कार्य करने की आवश्यकता है। बच्चे, बुजुर्ग एवं महिलाओं से संबंधित शिकायतें न हों तथा उनके प्रति अपराध भी न हों इस पर कड़ी नजर रखी जाय। उन्होने कहा कि लोगों को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक करना हमारी जिम्मेदारी है। कई बार लोग जानकारी के अभाव में शोषण और उत्पीड़न का शिकार होते हैं। जन जागरूकता से शोषण एवं उत्पीड़न से उनका बचाव किया जा सकता है। उन्होने बताया कि पीड़ित व्यक्ति राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग की आधिकारिक वेबसाइट का उपयोग कर सीधे अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं। आयोग शिकायतों को संज्ञान में लेकर तत्परता से कार्यवाही करता है। श्री गोयल ने सभी विभागों को आपसी समन्वय बनाकर एक टीम के रूप में सकारात्मक वातावरण में कार्य करने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होने पोस्को एक्ट, जेजे एक्ट, लैंगिक उत्पीड़न, बाल श्रम, बंधुआ मजदूरी, मानव व्यापार, भिक्षावृत्ति आदि के विषय में जन चेतना लाने के निर्देश दिए हैं। विद्यालयों में गुडटच, बैडटच के विषय में बच्चों को समझाइस देने की बात कही हैं। उन्होंने वृद्धाश्रम में जागरूकता कार्यक्रमों के आयोजन के निर्देश दिये। उन्होने शासकीय संस्थाओं, विद्यालयों, छात्रावासों, चिकित्सालयों, बाल सुधार गृह, जेल, वृद्धाश्रम आदि के संचालन के लिये मानवाधिकारों के प्रति संवेदनशील होकर करने के लिए निर्देशित किया। स्पेशल मानीटर ने सभी विभागों को नवाचार करने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने जिले में अनाथ बच्चियों के संरक्षण के लिये स्थल चयन के लिये प्रस्ताव प्रेषित करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि मानव अधिकार हम सभी के जीवन में महत्वपूर्ण है। यह हमें गरिमामय जीवन जीने का अधिकार देता है। मानव अधिकारों के संरक्षण के रूप में शासकीय सेवकों तथा संस्थाओं की भूमिका महत्वपूर्ण है। पीड़ित के अधिकारों की रक्षा के लिए दोषियों को भी विहित प्रावधानों का पालन करते हुए सजा दी जाती है। उनके मानवाधिकार को भी ध्यान में रखा जाता है। उन्होंने जेल में व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी ली तथा महिला बंदियों के लिये चिकित्सा सुविधा विस्तार के निर्देश दिये।

## जिले में अब तक समर्थन मूल्य पर हुई 158204 क्विंटल गेंहू की खरीद

**रीवा।** जिले में निर्धारित खरीदी केन्द्रों में एक अप्रैल से समर्थन मूल्य पर गेंहू की खरीद की जा रही है। जिले में 29 अप्रैल तक 2646 किसानों से 1582024 क्विंटल गेंहू की खरीद अब तक की गयी है। इसके लिए किसानों को 379 करोड़ 69 लाख 10 हजार की राशि मंजूर की गयी है। इस संबंध में अपर कलेक्टर तथा प्रभारी जिला आपूर्ति नियंत्रक श्रीमती सपना त्रिपाठी ने बताया कि उपार्जित गेंहू का भण्डारण कराया जा रहा है। अब तक खरीदे गये गेंहू में से 96655 क्विंटल गेंहू का परिवहन किया जा चुका है। अब तक किसानों के बैंक खाते में 43 करोड़ 6 हजार 533 रूपये की राशि का भुगतान किया जा चुका है। गेंहू खरीदी के लिए अब तक 5877 किसानों ने स्लॉट बुक किये हैं।

## कलेक्टर ने दैनिक वेतन भोगियों की नई दरें की निर्धारित

**रीवा।** कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने श्रमायुक्त म.प्र. शासन इंदौर के आदेश के परिपालन में रीवा जिले के दैनिक वेतन भोगी श्रमिकों एवं कर्मचारियों के लिये एक अप्रैल 2024 से 30 सितम्बर 2024 तक की अवधि के लिए दैनिक वेतन की नई दरें निर्धारित की हैं। इन दरों में परिवर्तनशील मंहगाई भत्ता भी सम्मिलित है। यह दरें मासिक, दैनिक तथा अंशकालिक एवं दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों एवं श्रमिकों पर लागू होंगी।

निर्धारित नई वेतन दरें - अकुशल कर्मचारियों के लिये न्यूनतम मूल वेतन 9575 रूपये तथा परिवर्तनशील मंहगाई भत्ता 2225 रूपये के साथ प्रतिमाह कुल 11800 रूपये निर्धारित किया गया है। अर्द्धकुशल के लिये न्यूनतम मूल वेतन प्रतिमाह 10551 रूपये तथा परिवर्तनशील मंहगाई भत्ता 2225 रूपये के साथ कुल वेतन 12796 रूपये निर्धारित किया गया है। इसी प्रकार कुशल के लिये न्यूनतम मूल वेतन 12294 रूपये तथा परिवर्तनशील मंहगाई भत्ता 2225 रुपए के साथ प्रतिमाह कुल 14519 रूपये वेतन देय होगा। उच्च कुशल के लिये प्रतिमाह 13919 रूपये न्यूनतम मूल वेतन तथा 2225 रूपये परिवर्तनशील मंहगाई भत्ता सहित कुल 16144 रूपये कुल वेतन देय होगा। मजदूरी निर्धारण में पैसे तथा रूपये के गुणांकों को राउंड अप करके ही दैनिक एवं मासिक मजदूरी निर्धारित की जायेगी। कृषि नियोजन के लिए अकुशल मजदूर की मजदूरी 7650 रुपए तथा 1836 रुपए मंहगाई भत्ते के साथ कुल 9496 रुपए प्रतिमाह निर्धारित की गई है।

## नदी के घाटों में दुर्घटना से बचाव के सभी उपाय करें : कलेक्टर

### घाटों में संकेतक लगाकर लोगों को सचेत करें

**रीवा।** शहर के मध्य से बहने वाली बीहर नदी के घाटों में दुर्घटना से बचाव के उद्देश्य से संकेतक लगाकर लोगों को सचेत करें। साथ ही सभी चिन्हित 10 घाटों में दुर्घटना से बचाव के उपाय सुनिश्चित कराएं। उक्त आशय के निर्देश कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने नगर निगम के अधिकारियों को दिए। उन्होंने करहिया घाट का भ्रमण किया। इस दौरान आयुक्त नगर निगम श्रीमती संस्कृति जैन भी उपस्थित रहीं।

कलेक्टर ने कहा कि गर्मी के दिनों में अक्सर नदी में लोग नहाने जाते हैं। नदी का प्रवाह अधिक होने व उसकी गहराई का अनुमान न होने से दुर्घटनाएं हो जाती हैं। इसके लिए जरूरी है कि सभी घाटों में संकेतक लगाकर लोगों को सचेत किया जाए तथा गहराई की सीमा के लिए नदी में बांस लगा दें ताकि उस क्षेत्र से आगे लोग नहाने के लिए न जाएं। उन्होंने शहरों और ग्रामीण क्षेत्रों में नहरों में भी दुर्घटना से बचाव के सभी उपाय सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। भ्रमण के दौरान जिला कमाण्डेंट होमगार्ड वीरेन्द्र सिंह जादौन भी उपस्थित रहे।

## राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग के स्पेशल मॉनीटर ने किया वृद्धाश्रम एवं जेल का निरीक्षण

**रीवा।** राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के स्पेशल मॉनीटर श्री बालकृष्ण गोयल ने अपने रीवा जिले के प्रवास के दौरान वृद्धाश्रम एवं केन्द्रीय जेल का निरीक्षण किया। स्वागत भवन स्थित वृद्धाश्रम के निरीक्षण के दौरान उन्होंने वृद्धजनों के आधार कार्ड होने तथा उन्हें मिल रही पेंशन के बारे में जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिए कि वृद्धजनों के लिए जागरूकता कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएं। उन्होंने निर्देशित किया कि प्रत्येक माह वृद्धाश्रम में वृद्धजनों का स्वास्थ्य परीक्षण कराएं जिसमें आँख एवं दाँत सहित हड्डी रोग से संबंधित विशेषज्ञ अनिवार्यत- रहें। उन्होंने वृद्धजनों को परिचय पत्र उपलब्ध कराने की बात भी कही।

स्पेशल मॉनीटर ने जेल के निरीक्षण के दौरान निर्देश दिए कि कैदियों को गुणत्तापूर्ण भोजन उपलब्ध कराएं तथा उनकी स्वास्थ्य सुविधाओं का ख्याल रखा जाए।

## बैठक के निर्णयों का पालन प्रतिवेदन दो दिवस में दर्ज कराएं : कमिश्नर



**रीवा।** कमिश्नर कार्यालय सभागार में आयोजित बैठक में रीवा संभाग के कमिश्नर गोपाल चन्द्र डाड ने संभागीय बैठक के निर्णयों के पालन प्रतिवेदन की समीक्षा की। कमिश्नर ने कहा कि दोनों संभागीय बैठकों के 129 बिन्दुओं पर संबंधित अधिकारियों को कार्यवाही करनी है। सभी अधिकारी समुचित कार्यवाही करके एजेण्डा बिन्दुओं में दिए गए निर्देशों का पालन प्रतिवेदन दो दिवस में ऑनलाइन पोर्टल पर दर्ज कराएं। संभाग स्तर के बिन्दुओं पर कमिश्नर कार्यालय तथा जिला स्तर के बिन्दुओं पर कलेक्टर कार्यालय से पालन प्रतिवेदन दर्ज होगा। पालन प्रतिवेदन दर्ज करने में किसी भी तरह की कठिनाई होने पर कमिश्नर कार्यालय से संपर्क करें। समय सीमा में पालन प्रतिवेदन दर्ज न करने पर कठोर कार्यवाही के लिए तैयार रहें।

कमिश्नर ने कहा कि दोनों बैठकों में कई बिन्दु राज्य स्तर से संबंधित हैं। इनमें जिला और संभाग स्तर के अधिकारी आवश्यक प्रस्ताव तैयार कर राज्य स्तर को प्रेषित करें। ऐरा प्रथा को रोकने के लिए किए गए प्रयासों को दर्ज कराएं। सड़क निर्माण, जल जीवन मिशन के कार्यों, नव गठित मैहर तथा मऊगंज जिले में कलेक्ट्रेट भवन के निर्माण के प्रस्तावों तथा सिंचाई परियोजनाओं से जुड़े प्रस्तावों को समय सीमा में प्रस्तुत करें। सभी संभागीय अधिकारी पूरी तरह से संतुष्ट होने के बाद ही पालन प्रतिवेदन ऑनलाइन दर्ज कराएं। प्रतिवेदन एक बार दर्ज होने के बाद उसमें किसी तरह का परिवर्तन संभव नहीं होगा। बैठक में कमिश्नर ने वन विभाग, शिक्षा विभाग, ग्रामीण विकास विभाग, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विभाग, आदिम जाति कल्याण विभाग, जल संसाधन विभाग तथा पशुपालन विभाग के प्रस्तावों के संबंध में अधिकारियों को निर्देश दिए। कमिश्नर ने कहा कि संभागीय बैठक के बिन्दुओं की दो मई को पुन- समीक्षा की जाएगी। सभी अधिकारी एजेण्डा बिन्दुओं पर शत-प्रतिशत कार्यवाही के साथ बैठक में उपस्थित रहें।

## मातृशक्ति को समर्पित "सिन्धियत जो मेलो" हुआ समापन

### भजन गायिका लता लालवानी एवं बाल कलाकार हर्षल चंदवानी ने बॉधा समॉ

**रीवा।** मातृशक्ति को समर्पित दो दिवसीय सिन्धियत जो मेलो का स्थानीय कृष्णा राजकपूर आडोटेरियम में सिन्धु यूथ विंग सामाजिक सांस्कृतिक संस्था रीवा द्वारा भव्यतापूर्ण आयोजन किया गया जिसके समापन अवसर पर भजन गायिका लता लालवानी दिल्ली एउवं बाल कलाकार हर्षल चंदवानी सिन्धु आइडियल राजस्थान ने अपनी मनमोहक भक्ति संगीत की प्रस्तुति देकर देर रात तक बैठने के लिए मजबूर कर दिया। आयो लाल झूलेलाल के भजनों में झूमते गाते श्रोतागण आन्दित होते रहे। मेले के द्वितीय दिवस 29 अप्रेल को समाज के अध्यक्ष सरदार प्रहलाद सिंह ने भगवान श्री झूलेलाल जी की प्रतिमा के समक्ष पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मेले में कटनी, सतना, मैहर एवं रीवा की महिलाओं द्वारा लघु एवं कुटीर उद्योग को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से हस्तनिर्मित उत्पादों के स्टॉल लगाये जिनमें बरी, पापड़, अचार, बुटीक, केश सज्जा, छोटे बच्चों के कपड़े, स्वादिष्ट व्यंजनों के स्टॉल मुख्य रूप से रहे।

मेले में भव्य भजन संध्या का आयोजन किया गया जिसमें राजस्थान सिन्धु आयडल 12 वर्षीय मास्टल हर्षल चंदवानी एवं दिल्ली की भजन गायिका लता लालवानी ने भक्ति संगीत का कार्यक्रम प्रस्तुत कर उपस्थित श्रोताओं को देर रात के बैठने के लिए मजबूर कर दिया।

मेला कार्यक्रम के दूसरे दिन के मुख्य अतिथि सरदार प्रहलाद सिंह ने आयोजन के लिए सिन्धु यूथ विंग, रीवा के संस्थापक संरक्षक सचनि डूँडानी को धन्यवाद देते हुए कहा कि मेले के माध्यम से समाज में महिलाओं एवं बच्चों में एक नई उर्जा का संचार होगा। उन्होने कहा कि जब अलग-अलग स्थानों पर रहने वाले परिवार का एक साथ संगम होता है तो उनके विचारों के आदान प्रदान से मिलने जुलने से स्वस्थ समाज का निर्माण होता है। कार्यक्रम के सफलता पूर्ण आयोजन पर सिन्धु यूथ विंग के संस्थापक संरक्षक सचिन डूँडानी ने सभी आमंत्रित अतिथियों, कलाकारों, मेले में स्टॉल लगाने वाली महिलाओं, सामाजिक संस्थाओं तथा संस्था के सदस्यों तथा सहयोग करने वाले सभी सम्मानित व्यक्तियों तथा संस्थाओं तथा जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन, नगर निगम का धन्यवाद ज्ञापित किया।

## नरवाई में आग लगाने वालों पर होगी कठोर कार्यवाही

**रीवा।** जिले में कृषकों तथा पशुपालकों को भूसे की उपलब्धता सुनिश्चित कराने तथा गर्मियों में होने वाली आग की दुर्घटनाओं को नियंत्रित करने के लिये कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाल द्वारा नरवाई जलाने पर प्रतिबंध के आदेश जारी किए जा चुके हैं। यह आदेश सम्पूर्ण रीवा जिले में लागू है। आदेश दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 144 के तहत जारी किया गया है। प्रतिबंध का उल्लंघन करके नरवाई जलाने पर दो एकड़ से कम जमीन वाले किसानों पर 2500 रुपए, दो से पाँच एकड़ तक के किसानों पर 5000 रुपए तथा पाँच एकड़ से अधिक जमीन वाले किसानों पर 15000 रुपए का जुर्माना लगाया जाएगा। साथ ही भारतीय दण्ड संहिता की धारा 188 के तहत प्रकरण दर्ज कर दण्डात्मक कार्यवाही की जाएगी। वर्तमान परिस्थितियों में आदेश की व्यक्तिश- तामीली संभव नहीं है इसलिए दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा 144 (2) के तहत आदेश एक पक्षीय रूप से पारित किया जा रहा है। विभिन्न संचार माध्यमों से इसकी सूचना आमजनता को दी जा रही है। जारी आदेश के अनुसार रबी फसलों की कटाई के बाद खेतों को आग के हवाले करने वाले किसानों के खिलाफ अब कठोर कार्यवाही की जाएगी। हार्वेस्टर के माध्यम से गेंहू की कटाई करने पर उसमें स्ट्रारीपर लगाना अनिवार्य होगा। जिन हार्वेस्टरों में अवशेष प्रबंधन सिस्टम नही होगा, उन्हें गेंहू काटने की अनुमति नही दी जायेगी आदेश का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ दण्डात्मक कार्रवाई की जायेगी। जिले में चलने वाले कम्बाइन हार्वेस्टर के साथ स्ट्रारीपर लगाना अनिवार्य होगा।

## पाठशाला पब्लिक स्कूल के मेधावियों ने फहराया परचम






**रीवा।** माध्यमिक शिक्षा मण्डल मध्यप्रदेश बोर्ड के पांचवी के परीक्षा परिणाम में विद्यालय के कक्षा पांचवी की छात्रा राशी विश्वकर्मा ने 92 प्रतिशत, सुरभी वर्मा ने 86 प्रतिशत, यशी मिश्रा ने 84 प्रतिशत, आंचल ताम्रकार ने 81 प्रतिशत, हर्षिक चतुर्वेदी ने 80 प्रतिशत, अपूर्वा विश्वकर्मा ने 79 प्रतिशत, आरब विश्वकर्मा ने 77 प्रतिशत, निखिल साकेत ने 75 प्रतिशत, समीर राजा अंसारी ने 74 प्रतिशत, अंश सिंह ने 72 प्रतिशत, जेद राजा अन्सारी ने 71 प्रतिशत, जैसवीर सिंह मल्होत्रा ने 70 प्रतिशत, निखिल साकेत 70 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया तो वहीं कक्षा 8वीं में अभी सिंह ने 93 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय को गौरान्वित किया। विद्यालय के सभी छात्रों द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन किया गया विद्यालय का परिणाम शतप्रतिशत रहा। विद्यालय प्रबंधन द्वारा सभी उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं एवं उनके अभिभावकों को बधाई दी गई जबकि सभी शिक्षकों के सही मार्गदर्शन और उचित शिक्षण के लिए सभी शिक्षकों को धन्यवाद दिया।

## विश्व नृत्य दिवस पर ब्रह्माकुमारी में कार्यक्रम आयोजित हुआ

### दुबई से पधारी कलाकार चित्रलेखा श्रीवास्तव ने अपनी उत्कृष्ट कला से सभी को मंत्र मुक्त किया



**रीवा।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय द्वारा 29 अप्रैल को विश्व नृत्य दिवस मनाया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में रेड क्रॉस सोसाइटी के वाइस चेयरमैन डॉ हाजी एके खान जी रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता राजयोगिनी निर्मला बहन जी जोनल कोऑर्डिनेटर कला एवं संस्कृति प्रभाग ने की। सम्मानीय विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रख्यात गायिका दुबई से पधारी श्रीमती चित्रा श्रीवास्तव , , कलाकार सीमा श्रीवास्तव, रीवा कमिश्नर स्टेनो अवनीश शर्मा, उपस्थित रहे जबकि अन्य मुख्य कलाकार अतिथियों में ग्रामीण बाल प्रतिभा मंच के डायरेक्टर उमेश सेन, विंध्य के लोकप्रिय गीतकार सिंगर निलेश श्रीवास्तव, वरिष्ठ कलाकार- राकेश वर्मा( महागुरु), शिव क्रिऐशन के डायरेक्टर शिव कुशवाहा, डिसेंट डांस ग्रुप के डायरेक्टर राजीव वर्मा, कुशल डांस ग्रुप के डायरेक्टर कुशल कुशवाहा, लोकप्रिय कोरियोग्राफर स्पर्श दुबे, कवि अमित द्विवेदी, पत्रकार वीरू द्विवेदी उपस्थित रहे । नृत्य कला को समर्पित मगूरहाई स्कूल के बाल नृत्य कलाकारों ने अपनी शानदार प्रस्तुति दी और सभी का मन कृष्ण मीरा और गिरधार नगर के प्रति आकृष्ट किया और सभी का मन भाव विभोर कर दिया। कलाकार जिन्होंने अपनी प्रस्तुति दी उनमें प्रमुख रूप से प्रस्तुति दी जिसमें रजनी,छवि, ल?क्षिका, कीर्ति, अंश, दिव्यांशी, साक्षी, वंदना ,गुंजन पंकज अरमान, आदि। इसके अलावा भी कई डांस ग्रुपों से आए हुए कलाकार उपस्थित रहे। वह सब कलाओं से भरपूर है। जैसे नृत्य का नाम नटराज, मीरा बाई से जुड़ा है उसी प्रकार सारी लीलाओ का नटराज वह परमात्मा है। श्री कृष्ण कोभी 16 कला संपूर्ण दिखाते हैं उनका पोज सदा तिरछा होता है। सदा उनको रास की पोज पर दिखाया जाता है। जिसके पास खुशी है उसका मन सदा ही नृत्य करता रहता है। आज आवश्यकता है मन के आनंद की। डॉ हाजी एके खान साहब ने बताया की दुनिया में जितनी भी संस्था है सब यही कहते हैं कि हम सब धर्म का सम्मान करते हैं मेरे हिसाब से यह एक ही ब्रह्माकुमारी ऐसी संस्था है जो सबका समभाव बराबर सम्मान करती है। यह इस संस्था की सबसे बड़ी कला है। स्टेनो वा सिंगर अवनीश शर्मा ने कहा कि नृत्य की शुरुआत नटराज ने की थी?। नृत्य ऐसी विधा है जो मायूस बैठे व्यक्ति के चेहरे में भी मुस्कान ला देती है उन्होंने कहा ब्रह्माकुमारी संस्थान सभी कला वा कलाकारो को सम्मान देती है यह बड़ी बात है। आपने जो ये पहल की है निश्चित ही इसको आप बड़े स्तर पर लाये जिससे इस कला का सभी लाभ ले सके। आनंद का मूल्य किसी भी चीज से नहीं लिया जा सकता है। इसमें हमारा पूरा सहयोग रहेगा। चित्रा श्रीवास्तव ने कहा कि मुझे यहां आने से बहुत सुकून मिल रहा है,। मैं विदेश में भी ब्रह्माकुमारी संस्थान में जाकर के मेडिटेशन सीखूंगी और अपनी गीत में कला में राज योग के प्रयोग से श्रेष्ठ कार्य करके अपने कार्य में दक्षता लाऊंगी आज यह हमें सीख करके जा रही हूं।सीमा श्रीवास्तव - यहां जब-जब भी मैं आती हूं तो मुझे अपनेपन की भाषना आती है। वरिष्ठ कलाकार-राकेश, स्पर्श ,राजीव, शिव ने विश्व नृत्य दिवस की सभी को ढेर सारी शुभकामनाएं दी। वरिष्ठ राजयोगी बीके प्रकाश ने इस कार्यक्रम की शुरुआत की। और सभी को आने वाली आनंद की दुनिया में चलने का आह्वान किया। ग्रामीण बाल कलाकार मंच के डायरेक्टर उमेश सेन ने कहा कि हमारे बच्चे कहीं ना कहीं आप से जुड़े हैं आप प्रत्यक्ष रूप से आपसे कुछ ना कुछ सीख रहे हैं।

गायक निलेश श्रीवास्तव ने बजाओ ढोल स्वागत के मेरे राम आए हैं गीत की प्रस्तुति की और सभी को मंत्र मुग्ध कर दिया।


स्वत्वाधिकारी प्रकाशक एवं मुद्रक राजेन्द्र तिवारी द्वारा एस आर के प्रिंटिंग प्रेस विवि रोड खुटेही रीवा से मुद्रित कर जीडीसी के सामने उत्तरी करौदिया सीधी से प्रकाशित। संपादक-राजेन्द्र तिवारी , आर.एन.आई नं. 47589/88 , डाक पंजीयन : **MP/SDL/DN/-30/2015-17,** दूरभाष : 09424315633,7389444833